ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 17 जून 2024
वर्ष 5, अंक 211, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड 13

इंडियाज वेस्ट डांसर की जज बनेंगी करिश्मा! 14

आस्था की डुबकी

हरिद्वार : गंगा दशहरा पर रविवार को हरिद्वार में हर की पैड़ी पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। विशेष पूजा और धार्मिक अनुष्ठान भी किए। स्नान के साथ ही श्रद्धालुओं ने दान कर पुण्य कमाया। गंगा दशहरा पर हरिद्वार में कई राज्यों से लोग गंगा स्नान के लिए आते हैं। ● एजेंसी

एनसीईआरटी के निदेशक बोले-इसलिए पाठ्यक्रम से हटाए बाबरी मस्जिद और दंगों के संदर्भ

दंगों के बारे में पढ़ाना पैदा कर सकता है हिंसक नागरिक

नई दिल्ली, एजेंसी

● स्कूली पाठ्यक्रम में बदलावों पर मचे हंगामें को बताया अप्रासंगिक

स्कूली पाठ्यक्रम के भगवाकरण के आरोपों को खारिज करते हुए एनसीईआरटी के निदेशक ने कहा है कि स्कूली पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भों को इसलिए संशोधित किया गया, क्योंकि दंगों के बारे में पढ़ाना हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा कर सकता है। एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में बदलाव वार्षिक संशोधन का हिस्सा है और इसे शोर-शराबे का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।

एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों या बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भ में बदलाव के बारे में सकलानी ने कहा कि हमें स्कूली पाठ्यपुस्तकों में दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए? हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं, न कि हिंसक और अवसादग्रस्त व्यक्ति। उन्होंने कहा कि क्या हमें अपने छात्रों को इस तरह से पढ़ाना चाहिए कि वे आक्रामक हो जाएं, समाज में नफरत पैदा करें या नफरत का शिकार बनें? क्या यह शिक्षा का उद्देश्य है? क्या हमें ऐसे छोटे बच्चों को दंगों के बारे में पढ़ाना चाहिए...। जब वे बड़े होंगे, तो वे इसके बारे में सीख, समझ सकते हैं, लेकिन स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में क्यों। बदलावों के बारे में हंगामा अप्रासंगिक है।

सकलानी की टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब नई पाठ्यपुस्तकें कई संदर्भ हटाए जाने और बदलावों के साथ बाजार में आई हैं। कक्षा 12 की राजनीति विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक में बाबरी मस्जिद का उल्लेख नहीं है, लेकिन इसे तीन गुंबद वाली संरचना के रूप में संदर्भित किया गया है। इसमें अयोध्या खंड को चार से घटाकर दो पृष्ठ का कर दिया गया है और पिछले संस्करण से विवरण हटा दिया गया है।

सकारात्मक नागरिक बनाना हमारा उद्देश्य

सकलानी ने कहा कि हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं और यही हमारी पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य है। हम उनमें सबकुछ नहीं रख सकते। हमारी शिक्षा का उद्देश्य हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा करना नहीं है। घृणा और हिंसा शिक्षण के विषय नहीं हैं। इन पर हमारी पाठ्यपुस्तकों का ध्यान केंद्रित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1984 के दंगों की बात पाठ्यपुस्तकों में नहीं होने को लेकर ऐसा ही हंगामा नहीं किया जाता। पाठ्यपुस्तकों से हटाए गए संदर्भों में गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक भाजपा की रथ यात्रा, कारसेवकों की भूमिका, बाबरी मस्जिद गिराए जाने के बाद सांप्रदायिक हिंसा, भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रपति शासन, और भाजपा की अयोध्या में हुई घटनाओं पर खेद की अभिव्यक्ति भी शामिल हैं।



ईवीएम से छेड़छाड़ के दावों को लेकर मचा सियासी घमासान

ईसी ने अखबार को जारी की नोटिस, भाजपा ने की केस करने की मांग

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ के दावों को लेकर रविवार को एक नया राजनीतिक वाकयुद्ध शुरू हो गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं ने ईवीएम को लेकर एक अखबार की खबर का हवाला दिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से शिवसेना प्रत्याशी के एक रिश्तेदार ने चार जून को मतगणना के दौरान एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था, जो ईवीएम से जुड़ा हुआ था। हालांकि, निर्वाचन अधिकारी वंदना सूर्यवंशी ने खबर को झूठी करार दिया। अखबार को मानहानि का नोटिस भी जारी किया गया है। सूर्यवंशी ने कहा कि ईवीएम एक स्वतंत्र प्रणाली है, जिसे प्रोग्राम नहीं किया जा सकता। भाजपा ने मांग की कि निर्वाचन आयोग को उन सभी लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाना चाहिए जिन्होंने खबर को साझा करके झूठ को बढ़ावा दिया।

● राहुल बोले-भारत में ईवीएम ब्लैक बॉक्स हैं, किसी को जांच करने की इजाजत नहीं

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और अन्य ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए रविवार को एक्स के चेयरमैन एवं टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के एक पोस्ट का हवाला दिया जिसमें उन्होंने दावा किया था कि ईवीएम में हैकिंग का खतरा अधिक है। मस्क ने अपनी पोस्ट में कहा था कि हमें ईवीएम का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा हैक किए जाने का जोखिम हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत है। गांधी ने एक्स पर कहा कि भारत में ईवीएम एक 'ब्लैक बॉक्स' है, और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जतायी जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही नहीं होती तो लोकतंत्र दिखावा बनकर रह जाता है और धांधली की आशंका बढ़ जाती है।

मस्क के विचार भारत में नहीं हो सकते लागू : चंद्रशेखर

पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने ईवीएम के संबंध में मस्क की आलोचना के जवाब में कहा कि मस्क का बयान चीजों का व्यापक स्तर पर सामान्यीकरण करने वाला है। जिसका अर्थ है कि कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर का निर्माण नहीं कर सकता है। मस्क का यह दृष्टिकोण अमेरिका और अन्य स्थानों पर भी लागू हो सकता है, जहां वे इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीन बनाने के लिए नियमित कंप्यूट प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन भारतीय ईवीएम खासतौर पर तैयार की गई हैं, ये सुरक्षित हैं और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से नहीं जुड़ी हैं।

मतपत्र से कराए जाएं आगामी चुनाव : अखिलेश यादव



लखनऊ। सपा अध्यक्ष एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक बार फिर से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की। सपा प्रमुख ने एलन मस्क की ईवीएम में गड़बड़ी की आशंका संबंधी पोस्ट को कोट करते हुए अपने एक पोस्ट में कहा कि टेक्नालॉजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

आतंकवाद को कुचलें उनके मददगारों पर भी करें कार्रवाई : शाह

नई दिल्ली। बीते एक सप्ताह से जम्मू कश्मीर में बढ़ रही आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को आतंकवाद को कुचलने और आतंकियों की मदद करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा भी की।

● एरिया डॉमिनेशन और जीरो टेरर प्लान को दोहराने के निर्देश

अमित शाह ने कहा कि यहां आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है तथा आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से अब छद्म लड़ाई तक सिमट गया है, लेकिन सरकार इसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है। सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को पुनः दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नए तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है।

कार और ट्रैक्टर-ट्राली की भिड़ंत में सास-बहू समेत तीन की मौत

संवाददाता, एटा

● सोरों में गंगा स्नान करने के बाद अपने घर लौट रहे थे सभी लोग
● कासगंज-शिकोहाबाद रोड पर बस ओवरटेक करने में हुआ हादसा

अमृत विचार : रिजोर थाना क्षेत्र में शिकोहाबाद रोड पर ईशन नदी के पास रविवार सुबह करीब आठ बजे बस को ओवरटेक करने में ट्रैक्टर-ट्राली और कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार सास-बहू समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कार सवार फिरोजाबाद के रहने वाले हैं, जो गंगा स्नान करके अपने घर लौट रहे थे।

जनपद फिरोजाबाद के कस्बा शिकोहाबाद के नेहरू पैलेस निवासी गोविंद कुमार यादव (40) उनकी पत्नी पिंकी यादव (35), मां सरला देवी (60) और आगरा के जगदीशपुरा निवासी दया यादव (16) पुत्री राकेश कुमार यादव, जनपद मैनपुरी के सिरसागंज थाना क्षेत्र के ग्राम ढांडरी निवासी गिरीशचन्द्र यादव (45) अल्टो कार से गंगा दशहरा पर सोरों घाट पर गंगा स्नान करने गए थे। स्नान के बाद रविवार सुबह आठ बजे सभी लोग कार से घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में रिजोर थाना क्षेत्र में शिकोहाबाद रोड स्थित ईशन नदी के समीप आगे चल रही बस को ओवरटेक करते समय उनकी कार शिकोहाबाद की तरफ से आ रही खाली ट्रैक्टर-ट्राली से भिड़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि कार के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए। सूचना मिलते ही सीओ व रिजोर थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां सरला देवी व उनकी पुत्रवधू पिंकी और रिश्तेदार गिरीश को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर घायल गोविंद को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया हादसा बस को ओवरटेक करने में हुआ।

1600 किलो की गदा रामलला को समर्पित

● राजस्थान से आए पंच धातु से निर्मित गदा व धनुष को कारसेवकपुरम में रखा गया

अयोध्या कार्यालय

● 1100 किलो का धनुष-बाण भी अर्पित किया गया, 12 जून को राजस्थान से हुआ था रवाना

अमृत विचार : अयोध्या में रामलला को एक बार फिर से बड़ा उपहार मिला है। इस बार उन्हें पंच धातु से निर्मित 1600 किलो की गदा और 1100 किलो का धनुष-बाण समर्पित किया गया है। राजस्थान के सुमेरपुर के शिवगंज स्थित श्री सनातन सेवा संस्थान ने गदा और धनुष को बनवाया है।

संस्थान की आचार्य सरस्वती देव कृष्णा गौर और राजस्थान से आए कारीगरों ने रविवार देर शाम रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को दोनों ही चीजें प्रतीकात्मक रूप से सौंपी। गदा और धनुष को कारसेवकपुरम में रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि दोनों ही उपहारों को राम जन्मभूमि परिसर में ही उचित स्थान दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालु दर्शन कर सकें। गदा और धनुष बाण का पूजन कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने 12 जून को श्री गोपाल जी मंदिर शिवगंज सिरोही राजस्थान से रवाना किया था।

अब तक मिल चुके हैं अनेकों उपहार

रामलला के विराजमान होने के बाद देश भर से कीमती उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। अब तक अलीगढ़ से बड़ा ताला, खड़ाऊं, बांसुरी, तलवार, स्वर्ण मुद्रित रामायण, नगाड़ा, घंटा, शंख समेत दर्जनों सामान रामलला को समर्पित हो चुके हैं।

20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया गदा और धनुष

पांच धातुओं से निर्मित गदा का वजन 1600 किलोग्राम है। गदा की लंबाई 26 फीट और चौड़ाई 12 फीट है। 20 कारीगरों ने 75 दिन में गदा को तैयार किया है। वहीं धनुष-बाण का वजन 1100 किलोग्राम है। इसकी लंबाई 33 फीट व ऊंचाई 26 फीट है। इसे भी 20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया है। सुमेरपुर के कारीगर कैलाश सुथार धनुष-बाण और गदा के बारे में बताते हुए कहते हैं कि भगवान श्रीराम का धनुष और भगवान हनुमान की गदा बनाने का काम उनकी फर्म वास्तु आर्ट शिवगंज को मिला था।

पौड़ी में खाई में गिरी कार, चार लोगों की मौत, तीन घायल

देहरादून। पौड़ी जनपद के खिर्सू में रविवार को एक कार खाई में गिरी गई जिसमें दो बच्चों समेत चार की मौत हो गई, तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस व एसडीआरएफ की टीमों ने शवों और घायलों को निकाला।

● वाहन में सवार थे एक ही परिवार के सात लोग तीन घायल

एक ही परिवार के साक्षी नेगी (14), निवासी परसुंडाखाल, समीक्षा (15), निवासी कठूली गांव, सागर उर्फ कान्हा (11) निवासी उरेगी, सृष्टि नेगी (18) निवासी परसुंडाखाल, वाहन चालक मनवर सिंह निवासी चोपड़ा, आरूषी (13) उरेगी, सौम्या (9) निवासी उरेगी (पौड़ी) सवार थे। पूरा परिवार कठुली से परसुंडाखाल विवाह समारोह में जा रहा था। कार खिर्सू के कठुली गांव के पास खाई में गिर गई। सृष्टि नेगी, वाहन चालक मनवर सिंह, आरूषी व सौम्या की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायल साक्षी, समीक्षा व सागर उर्फ कान्हा को बेस अस्पताल श्रीनगर ले जाया गया। जहां से दो को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है।

ऋषिकेश पहुंचे योगी, मां का जाना हाल

देहरादून। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर अपनी मां का हालचाल जाना। इसके बाद उन्होंने रुद्रप्रयाग हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। योगी रविवार की दोपहर को निजी दौरे पर ऋषिकेश एम्स पहुंचे। जहां एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. मीनू सिंह व अन्य चिकित्सकों ने उनका स्वागत किया। वे अस्पताल में जिरियाट्रिक वार्ड पहुंचे, जहां उनकी मां सावित्री देवी भर्ती हैं। मुख्यमंत्री ने मां से स्वास्थ्य का हालचाल जाना और परिजनों का कुशलक्षेम पूछा। वह लगभग आधा घंटा अपनी मां के साथ रहे। इसके बाद चिकित्सकों से मां के स्वास्थ्य की जानकारी ली। आंखों में दिक्कत होने की वजह से बीती 7 जून से योगी की मां सावित्री देवी जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती हैं। वह रुद्रप्रयाग व पौड़ी सड़क हादसे में घायल हुए लोगों से मिले और हालचाल जाना। हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

रामगंगा में नहाने गए दो किशोर और एक युवक की डूबकर मौत

संवाददाता जैतीपुर/ गढ़िया रंगीन(शाहजहांपुर)

● धुबला करीमनगर और बदायूं के दातागंज स्थित बेलाडांडी की घटना

अमृत विचार : गंगा दशहरा पर धुबला करीमनगर के पास स्नान करने गए दो किशोर रामगंगा में डूब गए। वहीं मरेना गांव का एक युवक दातागंज बदायूं के बेला डांडी में रामगंगा में डूब गया। दोनों किशोरों के शवों का शाहजहांपुर में और युवक के शव का बदायूं में पोस्टमार्टम कराया गया।

कस्बा गढ़िया रंगीन का विपिन प्रजापति (17) कस्बे में रहने वाले दोस्त विवेक यादव (16) के साथ रविवार सुबह करीब सात बजे गांव से तीन किलोमीटर दूर धुबला करीमनगर के पास से गुजरी रामगंगा में गंगा दशहरा पर स्नान के लिए गया था। दोनों ने कपड़े उतार रामगंगा में छलांग लगा दी। गहराई का अंदाजा नहीं होने के कारण दोनों डूब गए। कुछ दूरी पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं को गंगा में कूदने के बाद किशोर दिखाई नहीं दिए तो तलाश की गई। करीब एक घंटे की खोजबीन बाद दोनों के शवों को गोताखोरों ने रामगंगा से बाहर निकाला। उधर, मरेना गांव निवासी नन्हेलाल शर्मा का बेटा विमल कुमार (19) दो दोस्तों के साथ गंगा दशहरा पर बदायूं के दातागंज क्षेत्र में बेलाडांडी रामगंगा स्नान करने गया था। स्नान करने के दौरान तीनों डूब गए। दो युवकों को किसी तरह ग्रामीणों ने निकाल लिया लेकिन विमल की जान नहीं बचाई जा सकी। काफी देर बाद गोताखोरों को उसका शव मिला। दातागंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बदायूं भेज दिया।

गंभीर समस्या | **अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य को लेकर किए शोध से मिली जानकारी**

अंतरिक्ष यात्रियों की किडनी क्षतिग्रस्त होने का बड़ा खतरा

● मंगल ग्रह से वापसी में पड़ेगी किडनी डायलिसिस की जरूरत

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : अंतरिक्ष में मानव स्वास्थ्य के लिए एक सबसे बड़ा खतरा किडनी का हो सकता है। मंगल ग्रह पर यात्रियों को भेजने को लेकर स्वास्थ्य संबंधी किए गए शोध में यह जानकारी सामने आई है, जिसके अनुसार मंगल ग्रह से वापस लौटते अंतरिक्ष यात्री को किडनी डायलिसिस की जरूरत पड़ेगी।

शोध के अनुसार दीर्घकालिक अंतरिक्ष अन्वेषण कई चुनौतियों के साथ आता है। चिंताजनक बात यह है कि इसका मानव शरीर पर क्या प्रभाव पड़ेगा। हम भारहीन वातावरण में विकसित नहीं हुए हैं, मानव शरीर महीनों तक इधर-उधर तैरने का आदी नहीं हैं और न ही हम विकिरण के बढ़े हुए स्तर का सामना करने में सक्षम हैं। इसकी बड़ी संभावना है कि अंतरिक्ष यात्री के गुर्दे जैसे अंग क्षतिग्रस्त हो जाएंगे, गुर्दे प्रभावित होने के लक्षण दिखाई देने में समय लगता है। शोधकर्ता शुरुआती चरणों में अंग संबंधी समस्याओं का पता लगाने और लंबी अवधि की उड़ानों के दौरान उनकी सुरक्षा करने के तरीके विकसित कर रहे हैं। हम कुछ वर्षों से जानते हैं कि अंतरिक्ष उड़ान स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनती है।

1970 के दशक से हृदय का कमजोर होना, दृष्टि संबंधी समस्याएं और गुर्दे में पथरी का विकास देखा गया है। इस समस्या का मुख्य कारण अंतरिक्ष से विकिरण का बढ़ता जोखिम माना जाता है। यह सिर्फ सूर्य से आने वाला विकिरण नहीं है बल्कि अंतरिक्ष से आने वाला गैलेक्टिक कॉस्मिक विकिरण बड़ी भूमिका निभाता है। यहां पृथ्वी पर चुंबकीय क्षेत्र हमारी और पृथ्वी की निचली कक्षा में रहने वालों की रक्षा करता है। मगर मंगल व चंद्रमा की तुलना में पृथ्वी का वातावरण अलग है, जिस कारण चंद्रमा और अन्य ग्रहों की यात्रा करने वालों के स्वास्थ्य का खतरा बढ़ जाना स्वाभाविक है। अंतरिक्ष यात्रियों और चूहों में यह शोध किया गया, जिसमें 40 से अधिक पृथ्वी कक्षा मिशनों से नमूने एकत्र किए गए थे।



स्वास्थ्य को लेकर अधिक शोध जरूरी

पहली बार स्वास्थ्य को लेकर यह शोध किया गया है, जिसमें चेताया गया है कि स्वास्थ्य के संबंध में अधिक से अधिक शोध की जरूरी हैं। पहले शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि लंबी अवधि की अंतरिक्ष उड़ान हमारे अंगों को क्षति पहुंचा सकते हैं। नेचर कम्युनिकेशंस ने यह शोध प्रकाशित किया है। इस शोध में 40 से अधिक समूहों के शोधकर्ताओं की टीम ने भागीदारी निभाई है।

ईडी ने कुर्क कीं तुलसियानी ग्रुप की पांच अचल संपत्तियां

● धन शोधन अधिनियम में कार्रवाई

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत धोखाधड़ी के एक मामले में मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की 3.06 करोड़ रुपये की कीमत की 5 अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां कृषि भूमि एवं प्लॉट के रूप में प्रयागराज में स्थित हैं। ये सभी संपत्तियां मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत हैं।

एक जुलाई से चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

बदायूं। जनपद में एक जुलाई से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान आरंभ होगा। यह अभियान 31 जुलाई तक जारी रहेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सीएमओ ने सभी विभागों के अध्यक्षों से माइक्रोप्लान तैयार करने का आग्रह किया है। सीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम ने कार्यालय कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी विभागों से शासन द्वारा दिए गए कार्यों व लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने का आग्रह किया। कहा कि अधिकारी माइक्रोप्लान 27 जून तक उपलब्ध करा दें।

पौधारोपण के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने तैयार की कार्ययोजना

फूलों से महकेंगे परिषदीय विद्यालय, रोपे जाएंगे 25 हजार पौधे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों बने गार्डन इस बार फूलों की सुगंध से महकते हुए दिखाई देंगे। उनमें सुगंधित पौधे लगाए जाएंगे। वहां छायादार पौधे भी लगाए जाएंगे। इससे न सिर्फ स्कूलों की सुंदरता बढ़ेगी बल्कि गर्मी के दिनों में शीतल हवा के साथ छाया भी मिलेगी। पौधों की रखवाली के लिए कर्मचारी भी नामित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग को करीब 25 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है। कार्ययोजना तैयार की जा रही है। जिससे मानसून में शिक्षकों और बच्चों के द्वारा पौधारोपण किया जा सके।

जिले में 2155 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में हर साल छायादार पौधे लगाए जाते रहे हैं। लेकिन इस बार छायादार पौधे लगाने के साथ ही सुगंधित फूलों वाले पौधे भी लगाए जाएंगे। इन पौधों को रोपित करने का जिम्मा शिक्षकों और बच्चों पर रहेगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने स्कूलों में वृहद पौधरोपण करने की कार्ययोजना तैयार की है। इस बार सभी स्कूलों में करीब 25 हजार छायादार पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा स्कूल स्टाफ को विद्यालय परिसर में सुंदर गार्डन और सुगंधित पुष्पों के पौधे परिसर में रोपित करने की जिम्मेदारी भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वाती भारती ने बताया कि पौधरोपण अभियान के तहत जिले के परिषदीय विद्यालयों में करीब 25 हजार छायादार पौधे लगाए जाने हैं। साथ ही स्कूलों में विकसित किचन गार्डन में सुंदर फूलों वाले पौधे भी लगाए जाने हैं। जिससे न सिर्फ स्कूल कैंपस सुंदर लगेगा, बल्कि वह सुगंधित फूलों से महकेगा भी। जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

- **स्कूलों के गार्डन में छायादार के साथ रोपे जाएंगे पुष्प वाले पौधे**

मानसून में होगा पौधरोपण मानसून शुरू होते ही पौधारोपण शुरू कर दिया जाएगा। स्कूल खुलने पर पौधे लगाने के लिए गड्ढे खोदे जाएंगे। जिससे मानसून आने पर पौधारोपण का काम हो सके। छायादार पौधों के साथ ही गार्डन विकसित कर सुगंधित पुष्पों के पौधे रोपित किए जाएंगे।
-स्वाती भारती, बीएसए

बढ़ जाएगी स्कूलों की सुंदरता

परिषदीय स्कूलों में पेड़-पौधे के साथ सुंदर फूलों वाले पौधे लगाने से उनकी तस्वीर बदल जाएगी। स्कूलों की सुंदरता में भी चार चांद लग जाएंगे। छायादार पौधे लगाने के बाद स्कूल में आने वाले स्टाफ और छात्रों को गर्मी से भी निजात मिलेगी। पौधे बड़े होने के बाद स्कूल में चारों तरफ छाया रहेगी। जिससे वातावरण शीतल बना रहेगा।

पौधों की सुरक्षा को लगेंगे ट्री गार्ड

परिषदीय स्कूलों के किचन गार्डन को विकसित किया जाना है। इनमें शिक्षकों द्वारा सुगंधित पुष्पों के पौधे लगाए जाएंगे। पौधों की देखभाल के लिए कर्मचारी की तैनाती की जाएगी। आवारा पशुओं से सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए जाएंगे।

राज्य सूचना आयुक्त से मिले समाजसेवी, बताईं समस्याएं

राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्त से मुलाकात करते समाजसेवी।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की तैनाती की उठाई मांग**

अमृत विचार: राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्त जिले के दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में विशिष्टजनों से वार्ता की।

लोगों ने राज्य सूचना आयुक्त से राजकीय मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही शेखूपुर चीनी मिल की टीडीसी क्षमता बढ़ाने को मांग की। इसके बाद वह कुंवरगांव पहुंचे। वहां व्यापारियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर प्रिंस गुप्ता, आर्येंद्र कोरवाल, शिवकुमार गुप्ता, गुड्डू रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर कछला, कटरा सआदतगंज, सहसवान के घाटों पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: गंगा दशहरा पर कछला सहित अन्य गंगा घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ा। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा घाट पर पहुंचकर गंगा में डुबकी लगाई। हर-हर गंगे की गूंज के दौरान डुबकी लगाकर उनके द्वारा पूजा-अर्चना की गई। साथ ही दान दक्षिणा दी। बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए। शाम तक स्नान का दौर चलता रहा। सबसे अधिक भीड़ कछला गंगा घाट पर रही। जहां करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया। घाट पर पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने भी हालात पर नजर रखी जाती रही।

दातागंज: बेलाड़ाडी व रामगंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। लोगों ने गंगा में आस्था की डूबकी लगाकर पुण्य लाभ कमाया। घाट पर प्रसाद, चाट, पकौड़ी के ठेले लगाए गए, ।घाट पर हवन पूजन के साथ मुड़न संस्कार कराये ।घाटों पर पुलिस बल एवं गोताखोरों की टीम मौजूद रही।

गंगा घाट पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शनिवार की रात से ही शुरू हो गया था। लोग निजी संसाधनों समेत बस और ट्रेन से कछला गंगा घाट पर पहुंचे। रविवार को श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त गंगा में डुबकी लगाई और सूर्य को अर्घ्य देकर मां गंगा की पूजा अर्चना की। कई श्रद्धालुओं ने गंगा में दुग्धाभिषेक भी किया। श्रद्धालुओं ने पुरोहित और संतों से घाट पर ही पूजन कराया। बच्चों के मुंडन संस्कार कराने वालों की संख्या भी सैकड़ों में रही। एसडीएम सदर एसपी वर्मा और सीओ आलोक मिश्रा की देखरेख में पीएसी और आसपास थानों की पुलिस श्रद्धालुओं की सुरक्षा में लगी रही। **गोताखोरों ने स्टीमर से श्रद्धालुओं पर रखी नजर :** श्रद्धालुओं को स्नान के दौरान गहराई वाले स्थानों पर जाने से रोकने और आपात स्थिति से निपटने के लिए गोताखोर लगाए गए थे। साथ ही थाना पुलिस को भी तैनात किया गया था। गोताखोरों द्वारा स्टीमर के माध्यम से गंगा में स्नान कर रहे लोगों पर नजर रखी जाती रही। **मीना बाजार में लोगों ने खरीदारी:** गंगा दशहरा के अवसर पर कछला गंगा घाट पर मीना बाजार भी लगा। जहां स्नान करने आए श्रद्धालुओं ने खरीदारी की। महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुओं को खरीदा। वहीं बच्चों ने खिलौने आदि खरीदे। चाट पकौड़ी का भी लोगों ने आनंद लिया।

कछला गंगा घाट पर स्नान करते लोग। ● अमृत विचार

कछला पुल पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

अटेना घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

उसहैत। गंगा दशहरा पर अटेना गंगा घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्थान किया। अटेना के साथ कटरा, भुंडी गंगा घाट पर भी लोग स्नान करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान करने के बाद दान पुण्य किया और हवन पूजन भी कराया। श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान करने के बाद कालसेन बाबा के मंदिर पहुंचकर बाबा के दर्शन किए, तथा शीतल पेय पदार्थ का भी वितरण किया। इधर गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत गोताखोर सक्रिय रहे। उनके द्वारा लोगों को गहरे पानी की ओर जाने से रोका जाता रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ गंगा घाट का निरीक्षण करते रहे।

गंगा दशहरा पर कराया पांच कुंडीय महायज्ञ

उझानी। ग्राम वहेड़ी स्थित गायत्री शक्तिपीठ एवं आध्यात्मिक चेतना केंद्र पर गायत्री जयंती और गंगा दशहरा पर्व पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। गायत्री शक्तिपीठ के सुरेंद्र नाथ शर्मा ने कहा कि गौ, गंगा, गायत्री, गुरु और गीता साक्षात फल देने वाली हैं। उन्होंने कहा गंगा दशहरा पर दस पापों का नाश भी होता है। जिला समंवयक नरेंद्र पाल शर्मा ने कहा कि गायत्री वेदमाता, देवमाता और विश्व माता है। मां गायत्री ज्ञान दायिनी और मां भागीरथी जीवनदायनी है। गायत्री शक्तिपीठ के सचिन देव ने वेद मंत्रोच्चारण कर यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ में नरेंद्र कुमार, निर्देश शर्मा दिनेश गुप्ता, ललतेश कुमार, संजीव कुमार, संजय साहू, शिशुपाल सिंह, सुबोध मुख्य यजमान के रूप में मौजूद रहे।

पुल और रोड पर लगा जाम, पुलिस के छूटे पसीने

गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ की वजह से उझानी कोतवाली पुलिस ने खास इंतजाम किए थे, लेकिन दोपहर में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की संख्या में इजाफा होने से पुलिस चौकी के आसपास जाम की स्थिति बन गई। पुल से लेकर चौराहे तक दर्जनों वाहन फंस गए। आवागमन शुरू कराते वक्त पुलिस कर्मियों का भी पसीना छूट गया। इस बीच, कासगंज की ओर से निकले भारी वाहनों को पुलिस ने कछला पुल पर रोक लिया। वितरोई मोड़ और मुजरिया चौराहे पर भी ट्रकों को रोके रखा गया।

सार-संक्षेप

गंगा दशहरा पर शर्बत पिलाकर कमाया पुण्य

बिल्सी में 20 से अधिक स्थानों पर वितरित किया शर्बत

बिल्सी। गंगा दशहरा पर्व पर नगर में लोगों ने स्टॉल लगाकर ठंडा पानी व शर्बत वितरण किया। नगर के बिजलीघर चौराहे के निकट समाजसेवी राहुल वार्ष्णेय, राठी नर्सिंग होम के निकट भाजपा नेता विवेक राठी, पीयूष राठी और अटल चौक के निकट डॉ. ध्रुव माहेश्वरी ने अपने क्लीनिक पर शर्बत वितरण किया। इसके अलावा कोतवाली के सामने चंद्रशेखर वार्ष्णेय, डॉ. विनीत वार्ष्णेय, गौरव वार्ष्णेय, डॉ. सौरभ वार्ष्णेय, उज्जवल वार्ष्णेय, शुभ माहेश्वरी समेत नगर में 20 से अधिक स्थानों पर शर्बत का वितरण किया गया।

मनोकामना मंदिर पर बांटा शर्बत

उझानी। नगर के बाईपास स्थित मनोकामना मंदिर पर राहगीरों को शर्बत का वितरण किया गया। महंत शिवम शर्मा ने बताया कि सभी सनातनी भाइयों को साथ लेकर सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए लोगों को शर्बत बांटा जा रहा है। सावन में भंडारा और शिव तेरस पर शर्बत का वितरण किया जाता है। गर्मी में सफर कर रहे लोगों को शर्बत पीकर राहत मिलती है। इस मौके पर केपी सिंह सोलंकी, मोहित शर्मा, संतोष माहेश्वरी, प्रदीप राठौर, सार्थक शर्मा, यश शर्मा, भानू यादव, रवि गुप्ता, राकेश माहेश्वरी, गुड्डू श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

ममता शाक्य ने बीएल वर्मा के मंत्री बनने पर दी बधाई

बिल्सी। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में एक बार फिर से उझानी निवासी एवं राज्यसभा सदस्य बीएल वर्मा को मंत्री बनाया गया है। उनके मंत्री बनने पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ममता शाक्य ने दिल्ली स्थित आवास पर पहुंच कर केंद्रीय मंत्री को प्रतीक चिह्न भेंट कर बधाई दी। उन्होंने भरोसा जताया कि उनके मंत्री बनने से जिले के विकास को गति मिलेगी।

राहगीरों को शर्बत बांटते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : गंगा दशहरा पर्व पर जिले भर में लोगों ने पुण्य दान किया। प्याऊ लगा कर ठंडा पानी पिलाया कुछ स्थानों पर शर्बत पिला कर लोगों का गला तर किया गया। गांवों से लेकर शहर व कस्बे में भी शर्बत वितरण किया गया।

रविवार को गंगा दशहरा पर्व पर शहर के रोडवेज पर लोगों ने सुबह दस बजे से शर्बत वितरण शुरू कर दिया। सिविल लाइन स्थित हाइडिल के निकट रोड पर राहगीरों को शर्बत बांटा गया। शिव मंदिर पर सुबह से शाम चार बजे तक शर्बत बांटा गया।

उधर ककराला रोड स्थित ग्राम उपरैला के पाल समाज के लोगों ने वाहन चालकों और यात्रियों को रोक-रोक कर पानी पिलाया। वहीं उनौला चौराहे पर झंडपुर निवासी मोहन लाल ने शर्बत वितरित किया।

धर्म कार्यों का फल देता है ईश्वर : ककराला: गंगा दशहरा के अवसर पर कस्बे में पश्चिम पुल चौराहे एवं वार्ड सात होली चौक पर राहगीरों को शर्बत वितरण किया गया। शर्बत वितरण की सराहना करते हुए लोगों ने कहा कि इस तरह के कार्यों का फल ईश्वर जरूर देता है। इस अवसर पर केशव शर्मा, निखिल शर्मा, व्योम शर्मा, अनमोल शर्मा, मनोज शर्मा, राजेंद्र गुप्ता सुक्कू, विक्रम गोस्वामी, सर्वेश सक्सेना, विनोद सक्सेना, दिनेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

युवाओं ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

सहसवान। भीषण गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए फौजी मोबाइल हब की तरफ से दिल्ली हाईवे कछला चौराहे पर गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में नगर वासियों के साथ राहगीरों को शर्बत वितरण किया गया। शर्बत पीकर राहगीरों ने राहत की सांस ली। इस मौके पर वागीश कुमार, मदन लाल शाक्य पूर्व फौजी, पूरनमल, कामता प्रसाद शाक्य, राहुल शाक्य, हेमंत कुमार शाक्य, प्रवेश शाक्य, देवेश, कुणाल, काशिफ अली खान, इमरत अली दर्जनों लोग मौजूद रहे। कादरचौक। गंगा दशहरा पर्व पर लोगों ने गंगा स्नान कर राहगीरों और गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं को शर्बत पिलाकर पुण्य कमाया ।शर्बत पिलाने वालों में अविनाश सोलंकी, रंजीत कुमार गुप्ता, विजय कुमार श्रीवास्तव, किशन यादव, सुनील कुमार गुप्ता, सनी गुप्ता, गोल्डी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

अजीत सिंह के निर्देशन में प्रयागराज व दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा संचालित
EXCELLENT IAS ACADEMY
IAS/PCS NCERT
ए.सी. डिजीटल क्लास रूम
अनुष्का
डी.एस.पी., पी.सी.एस. 2022
उपदेश कुमार
डिप्टी जेलर, पी.सी.एस. 2023
प्रातः 10 बजे से
निःशुल्क वर्कशाप के साथ नया बैच : 24 जून, सोमवार
7983948124, 9935264849
रामपुर गार्डन, पतंजलि स्टोर के सामने, बरेली

सांई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड सांई अस्पताल
(UP State Medical Faculty Lucknow)
प्रवेश सत्र : 2024-25
छात्रवृत्ति उपलब्ध
• Diploma OT • Diploma Dialysis
• Diploma Cardio
Stadium Road, Bareilly
Call us : 6399449913, 7253077077

S.R. INSTITUTIONS
Approved by PCI, AICTE, INC, DGT New Delhi
Affiliated to AKTU, BTE, UPSMF, ABV Medical University, Uttar Pradesh Lucknow
Registration Open 2024-25
B.Sc. (Nursing) GNM DPT
B.PHARMA D.PHARMA
ITI Courses
ELECTRICIAN 2 Years Course
COPA 1 Year Course
H.S.I. 1 Year Course
RADIOLOGY TECHNICIAN 2 Years Course
Add. : Maikpur, Bhuta-Faridpur Road, Bhuta, Bareilly, UP-243503
Contact : 9720456885, 9837464606

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE
Learn · Assimilate · Transcend
BAREILLY
ADMISSIONS OPEN
B.Tech.• MBA• MCA• B.Pharm.• D.Pharm.
BAMS• BBA• BCA• ANM• GNM• B.Ed.• D.El.Ed
Polytechnic• B.Sc. (Nursing)• Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Budaun Office : Qadir Market, Indira Chowk, Ph.: 9105050213
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 7417309873 | www.futureinstitutions.org

www.anacollege.org
•BAMS •B.Sc.Nur. •GNM
•B.Pharma •D.Pharma
•Polytechnic •M.Tech
•B.Tech •M.B.A.
•B.B.A. •B.C.A.
ANA Group of Institutions
ADMISSION OPEN 2024-25
Best Placements in the Region
Campus: 13.5 Km. Bareilly-Delhi Highway, Near Rubber Factory, Agras Road, Bareilly U.P. (243501)
8937002800/8937002805

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL
Vocational Education & Research
(SILVER LAW COLLEGE)
Estd. 2003
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2024-25
LL.B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
8630182679, 7983811321
9411472001, 9690263708 & 9837485855
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar, 12th Km. Pilibhit Road, Bareilly



आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

46.0°	33.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान

एक नजर

पोस्ट शेयर करने वालों की एसएसपी से शिकायत

इस्लामनगर। करीब आठ दिन पहले कस्बा इस्लमानगर क्षेत्र के लोगों ने सोशल साइट्स पर एक पोस्ट शेयर की थी, जो बहुत वायरल हुई थी। यह पोस्ट भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष हाजी सलीम के खिलाफ थी। पोस्ट में उनके क्षेत्र के बूथ पर मात्र 18 वोट ही भाजपा प्रत्याशी को मिलने की बात कही गई थी। जिलाध्यक्ष ने एसएसपी से शिकायत करके बताया कि कुछ लोगों ने उनकी छवि धूमिल करने के लिए पोस्ट की गई है।

दोस्तो के साथ गया युवक लापता

सहसवान। थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर टप्पा मलसाई निवासी अमित गुरुवार की सुबह गांव के महिपाल, सतपाल, शिवजी के साथ गंगा नहाने को गया था, देर शाम तक वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसके दोस्तों से पता किया। उन्होंने बताया कि वह रास्ते से ही वापस लौट गया था। परिजनों ने किशोर को काफी जगह तलाश किया। मगर अमित नहीं मिला जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर अमित को खोजने की गुहार की है। परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है।

फंदे पर लटका मिला दुष्कर्म पीड़िता का शव, हत्या का आरोप

पति की मौत के बाद गांव सुखौरा में मायके में रह रही थी महिला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मृतका के भाई ने जमानत पर छूटे युवक पर लगाया आरोप

अमृत विचार : गांव से तकरीबन सौ मीटर दूर पेड़ पर महिला का शव फंदे पर मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला के परिजनों ने एक साल पहले दुष्कर्म करने के आरोपी पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लापुर भोगी निवासी 35 वर्षीया महिला के पति की लगभग पांच साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। कुछ दिनों के बाद वह कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव में अपने पिता के साथ रहने लगी। उसके चार भाई दिल्ली में हेयर ड्रेसर हैं जबकि पांचवां भाई हरियाणा के करनाल में फल बेचता है। कुछ दिन पहले उसकी मां दिल्ली में बेटों के पास चली गई थीं। महिला के पिता का कुछ दिनों पहले ऑपरेशन हुआ था। वह बेड रेस्ट पर थे। शनिवार को महिला ने पिता को खाना खिलाया था। रविवार सुबह लगभग छह बजे ग्रामीणों ने गांव से लगभग सौ मीटर दूर पीपल के पेड़ पर महिला का शव लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के परिजनों को सूचना दी। शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूचना मिलने पर मृतका के भाई भी पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि वह जब मौके पर पहुंचे तो महिला के मुंह में कपड़ा ठुंसा था। बताया कि तकरीबन एक साल पहले महिला ने गांव निवासी अमित पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा था। जिसके बाद से आरोपी और उनके परिवार के बीच रंजिश चल रही थी। आरोपी जमानत पर जेल से बाहर है। आरोप है कि उसी ने महिला की हत्या की है। दातागंज के प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि महिला की मौत हुई थी। पोस्टमार्टम में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। आगे की जांच की जा रही है। मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

निकासी के रास्ते को लेकर दो पक्ष भिड़े लहराया तमंचा

बिल्सी, अमृत विचार : कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव जिनौरा में निकास के रास्ते को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक तमंचा लहराता दिखाई दे रहा है।

गांव जिनौरा निवासी सुनीता देवी पत्नी सतेंद्र पाल और सुनील कुमार पुत्र राधेश्याम के बीच गांव में मंदिर के पास रास्ता निकालने को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार को दोनों पक्ष में कहासुनी होने लगी। बात बढ़ती गई और कहासुनी के बाद लाठी-डंडे चलने लगे। दोनों पक्ष के चार लोग घायल हो गए। मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें एक युवक तमंचा लहराता नजर आ रहा है। बिल्सी कोतवाल केके मिश्रा ने बताया कि गांव में रास्ता निकासी को लेकर विवाद हुआ था। चार लोगों को हल्की चोट आई हैं। रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

माननीय का आया फोन तो महिला को फिर करना पड़ा भर्ती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- हालत बिगड़ने पर महिला को सैफई किया गया था रेफर
- सीएमएस ने कहा शिशु की जान है खतरे में, कराए दस्तखत

अमृत विचार : आठ महीने की गर्भवती को एक दिन भर्ती रहने के बाद सैफई मेडिकल कॉलेज को रेफर कर दिया गया। महिला का पति विधायक के पास गया तो विधायक ने फोन कर महिला को अस्पताल में ही भर्ती रखने को कहा। जिसके बाद महिला को फिर से भर्ती करना पड़ा। महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।

थाना बिनावर क्षेत्र के ग्राम घुमरैया निवासी रामलड़ैते की 35 वर्षीया पत्नी संगीता आठ महीने की गर्भवती है। संगीता की शनिवार को घर पर हालत बिगड़ गई। रामलड़ैते ने सुबह जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज नौशेरा रेफर किया गया। रामलड़ैते संगीता को शनिवार की शाम राजकीय मेडिकल कालेज ले गया। वहां भी उसे नहीं देखा गया। जिसके बाद वह पत्नी को देर रात घर ले गया। रविवार को रामलड़ैते शहर विधायक महेश चंद्र गुप्ता से मिला और पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराने की गुहार की। विधायक ने अस्पताल प्रशासन को फोन कर महिला को भर्ती करने को कह दिया। विधायक के कहने पर सीएमएस ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। भर्ती करने के बाद एक फार्म पर पति के दस्तखत भी करवा लिए।

जिला अस्पताल में भर्ती संगीता।

पति बोला- पत्नी को सैफई ले जाने के लिए नहीं हैं पैसे

महिला के पति का कहना है कि वह दो दिन से परेशान हो रहा है। उसे इधर उधर दौड़ाया जा रहा है। उसके पास बाहर जाने के लिए पैसा नहीं है। वह सैफई कैसे जाएगा। इसलिए यहीं पर भर्ती कराया है। संगीता को सांस लेने में तकलीफ हो रही है इसलिए उसको ऑक्सीजन लगाई गई है। महिला के परिजन जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हैं।

महिला के पेट में पानी कम है। पेट में बच्चा उल्टा है। जिससे महिला को परेशानी हो रही है। महिला को बचाने का पूरा प्रयास किया जाएगा, महिला की हालत नाजुक है इसलिए उसे रेफर किया गया था। अब माननीय का फोन आया है इसलिए उसे फिर से भर्ती कर लिया गया है। -डॉ. कप्तान सिंह, सीएमएस

बरेली के एसपी करेंगे सीओ पर लगे आरोप की जांच

संवाददाता, बिसौली

- शेविंग के लिए समय से न पहुंचने पर युवक पर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने का था आरोप

अमृत विचार : एससी-एसटी एक्ट के आरोपी युवक द्वारा बिसौली रेंज के सीओ सुनील कुमार पर लगाए गए आरोप की जांच मंडल स्तर से की जाएगी। आईजी ने बरेली के एसपी मामले की जांच सौंपी है।

बिसौली में नगर पालिका परिषद कार्यालय के गेट पर बाल काटने और शेविंग की दुकान चलाने वाले विनोद ने 28 मई को सीओ बिसौली पर आरोप लगाया था। जिसमें उसने बताया था कि उसे सीओ आवास से फोन करके सीओ के बाल काटने और शेविंग के लिए बुलाया गया था। दुकान पर भीड़ होने की वजह से वह सीओ आवास पर नहीं जा सके। कुछ देर बाद तीन पुलिसकर्मी उसकी दुकान पर आए और दुकान बंद करा दी। उसे ले जाकर हवालात में डाल दिया। आरोप है कि सीओ ने अपने आवास पर काम करने वाले व्यक्ति से उसके खिलाफ मारपीट और एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करा दी। एससी-एसटी एक्ट का मामला होने के चलते सीओ बिसौली ही मामले की जांच कर रहे थे। बताया जा रहा है कि सीओ ने चार्जशीट लगा दी है। विनोद के परिजनों ने किसी दूसरे अधिकारी से जांच कराने की मांग की। वहीं विनोद ने आईजी डॉ. राकेश सिंह को शिकायती पत्र दिया। आईजी ने बरेली के एसपी दक्षिणी को जांच सौंपी है। जिन्होंने विनोद को नोटिस जारी करके बयान के लिए बुलाया है।

किशोरी से दुष्कर्म का आरोप, एसएसपी से की शिकायत

बदायूं, अमृत विचार : उघैती थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि 14 जून की सुबह लगभग 11 बजे उसकी 13 साल की बेटी अपने चाचा के मक्का के खेत से वापस लौट रही थी।

वह गांव में एक घर के बाहर से गुजरी। आरोप है कि एक महिला उसे खींचकर घर में ले गई और कमरे में ले जाकर उसे बंद कर दिया। कमरे में पहले से एक युवक मौजूद था। जिसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने शोर मचाया तो आवाज सुनकर वह कमरे में पहुंची। उन्हें देखकर युवक कमरे के दूसरे गेट से निकलकर भाग गया। महिला ने थाना उघैती जाकर तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि पुलिस तहरीर बदलने का दबाव बना रही है।

टहलने निकले छात्र की कार की टक्कर से मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रविवार सुबह कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में गांव रसूलपुर के पास हुआ हादसा

अमृत विचार : थाना उसहैत क्षेत्र के एक गांव छात्र अपने दादा-दादी के पास शहर में रहकर एक स्कूल में पढ़ता था। रविवार सुबह अपने दोस्त के साथ टहलने गया था। रास्ते में कार की टक्कर से छात्र की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार की तलाश शुरू कर दी है।

मृतक तरुण।

उसहैत क्षेत्र के गांव खेड़ा जलालपुर पुख्ता निवासी नरेश चंद्र का बेटा तरुण (14) शहर के मदर एथीना स्कूल में कक्षा 9 का छात्र था। वह शहर से सटे गांव रसूलपुर में अपने दादा-दादी के पास रहकर पढ़ता था। रविवार सुबह वह अपने साथी कक्षा आठ में पढ़ने वाले प्रिमांग प्रिय सागर पुत्र जगदीश चंद्र के साथ टहलने के लिए घर से निकला था। टहलने के बाद गांव रसूलपुर के पास सड़क किनारे खड़े होकर दोनों बातें कर रहे थे। इसी दौरान ककराला की ओर से आ रही कार ने दोनों छात्रों को टक्कर मार दी। हादसे में तरुण की मौके पर मौत हो गई जबकि प्रिमांग प्रिय सागर गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़कर पहुंचे। पुलिस को सूचना देकर घायल को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

मैंथा प्लांट का टैंक ढहा, मलबा में दबकर किसान की मौत

बदायूं। फसल की सिंचाई करने गए किसान की मैंथा प्लांट के पानी का टैंक ढहने से उसके मलबे के नीचे दब गए। जिससे उनकी मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी राजाराम उर्फ कल्लू (45) पुत्र वेदराम खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। शनिवार शाम वह अपने गांव निवासी महेश चंद्र शर्मा के ट्यूबवेल से अपने खेत की फसल की सिंचाई करने गए थे। साथ में महेश चंद्र का बेटा भूरा भी था। ट्यूबवेल के पास महेश चंद्र गुप्ता का मैंथा प्लांट भी है। जिसके पानी का टैंक ट्यूबवेल के ऊपर बना है। राजाराम ने सिंचाई के लिए ट्यूबवेल के पास पाइप बांध रहे थे। इसी दौरान पानी का टैंक ढह गया। राजाराम और भूरा मलबा में दब गए। आसपास खेतों पर काम कर रहे किसानों ने मलबा से दोनों को बाहर निकाला। तब तक राजाराम की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की सूचना पर उनके परिजन और पुलिस पहुंची। घायल भूरे को भर्ती कराया गया। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

उझानी। कोतवाली उझानी क्षेत्र में पटपड़गंज रोड स्थित रेलवे क्रासिंग पर गांव चुड़िया निवासी बबलू (18) पुत्र अमृत लाल की मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर उझानी के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार और जीआरपी मौके पर पहुंच गई। युवक के परिजनों को सूचना देकर बुलाया। परिजनों ने बताया कि बबलू जयपुर में रहकर नौकरी करता था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

सरसों चोरी के शक में बालक को बंधक बनाकर पीटा, वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पीड़ित की मां ने आरोपियों के खिलाफ दी तहरीर, दो दिन पुराना बताया जा रहा है वीडियो

अमृत विचार : सरसों चोरी करने के शक में एक परिवार ने 12 साल के बालक को बंधक बनाकर पीटा। बालक के घर में घुसकर उसकी गर्भवती चाची से मारपीट की। पिता को भी रास्ते में घेरकर पीटा और गर्दन पर खुरपी रख कर जान से मारने की धमकी दी। सोशल साइट्स पर मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। बालक की मां ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है।

मामला थाना अलापुर क्षेत्र के गांव रमनगला रुपामई का है। गांव निवासी राम किशोर की पत्नी सरोज देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि लगभग दस दिन पहले गांव में रहने वाले महेंद्र के घर से सरसों चोरी हो गई थी। वह अपनी रिश्तेदारी में थी। उनका 12 साल का बेटा आकाश घर पर था। आरोप है कि सरसों के चोरी के शक में महेंद्र और उसके परिवार के लोग आकाश को पकड़कर अपने घर ले गए। जहां उसे बंधक बनाकर लकड़ी और जेनरेटर की बेल्ट से जमकर पीटा। पैरों पर भी लकड़ी मारी। आकाश छोड़ने की गुहार लगाता रहा लेकिन वह लोग पीटते रहे। घटना के दौरान आसपास खड़े ग्रामीण तमाशा देखते रहे। आरोपियों ने एक अन्य बालक को भी आकाश का साथ देने की बात करते हुए पीटा। कुछ देर बाद आरोपियों ने आकाश के पिता राम किशोर को भी रास्ते में घेरकर पीटा। उनकी गर्दन पर खुरपी रखकर जान से मारने की धमकी दी। फिर आरोपी उनके घर में घुस आए। सरोज देवी की गर्भवती देवरानी को पीटकर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर वह रिश्तेदारी से वापस लौटीं। थाना अलापुर के प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि मामला म्याऊं पुलिस चौकी क्षेत्र का है। जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

टूट कर गिरी सीएमएस कार्यालय की सीलिंग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

सीएमएस कार्यालय में टूटी सीलिंग।

- फायर सिस्टम चेक करने के दौरान सीलिंग में भरा पानी

अमृत विचार : जिला अस्पताल में इन दिनों फायर सिस्टम को चला कर देखा जा रहा है। फायर सिस्टम के प्वाइंट कई जगह पर लगाए गए हैं। पानी चला कर हर जगह प्वाइंट चेक किए जा रहे हैं।

शनिवार की शाम को सीएमएस कार्यालय में कोई नहीं था। फायर सिस्टम को चेक करने का चलाया गया पानी सीएमएस के कार्यालय की सीलिंग में भर गया जिससे सीलिंग टूट कर गिर गई और पानी पूरे ऑफिस में भर गया। कर्मचारियों ने आफिस से पानी निकलता देखा तो आफिस खोल कर देखा गया तो सीलिंग टूटी पड़ी थी और ऊपर से पानी आ रहा था। इसके बाद पंप बंद कर ऑफिस को साफ कराया गया। रविवार को भी ऑफिस की सफाई कराई गई।

छत पर सो रही दो बालिकाओं पर बंदरों के झुंड ने किया हमला

संवाददाता, सहसवान

- सहसवान के मोहल्ला नसरुल्लागंज की घटना

अमृत विचार : नगर में बंदरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। रविवार सुबह मोहल्ला नसरुल्लागंज में छत पर सो रहीं दो बालिकाओं पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों ने बंदरों को भगाया। बंदरों के हमले में घायल बालिकाओं को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

मोहल्ला नसरुल्लागंज निवासी मुबीन का परिवार छत पर सो रहा था। सुबह होने पर सभी सदस्य नीचे आ गए। लेकिन उनकी दोनों बेटिया साजिया (10) व आशिया (6) छत पर सोती रहीं। इसी दौरान बंदरों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। बंदरों के झुंड ने जैसे ही हमला किया परिवार में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग जमा हो गए और बंदरों के झुंड को भगाया। बंदरों के हमले में घायल दोनों बालिकाओं को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मोहल्ले के लोगों का कहना कि बंदरों के कारण लोग अपने घरों के अंदर भी सुरक्षित नहीं हैं।

अस्पताल में भर्ती साजिया।

अस्पताल में भर्ती आशिया।

अंडरग्राउंड केबिल के बॉक्स के करंट से कुत्ते की मौत

बदायूं, अमृत विचार : अंडरग्राउंड केबिल की वजह से आए दिन पशुओं की मौत हो रही हैं। रविवार को अंडरग्राउंड केबिल बॉक्स के संपर्क में आकर एक कुत्ते की मौत हो गई। पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष व शहर के मोहल्ला कल्यान नगर निवासी विकेंद्र शर्मा ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बिजली विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही से रविवार को मोहल्ला जालंधरी सराय चांद खां वाली गली में कुत्ते की मौत हुई है। उन्होंने कार्रवाई करने की मांग की है।

बता दें कि शहर में बिजली के जगह-जगह खुले केबिल बॉक्स के कारण पहले भी कई पशुओं की मौत हो चुकी है। बरसात के दिनों में यह खतरा और बढ़ जाता है। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी इसे लेकर गंभीर नहीं हैं। अब बरसात का मौसम शुरू होने को है, ऐसे में लोगों को हादसों का डर सताने लगा है।

गर्भवती को व्हीलचेयर ना प्रसूता को एंबुलेंस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

एंबुलेंस के इंतजार में बैठी ककराला निवासी प्रसूता साफिया।

एंबुलेंस के इंतजार में बैठी अहविया निवासी प्रसूता संध्या द्विवेदी।

खड़ी रही एंबुलेंस, आराम करता रहा स्टाफ

जिला अस्पताल में एक एंबुलेंस खड़ी रही। उसका स्टाफ आराम करता रहा। स्टाफ का कहना था कि तेज धूप में वह लोग किसी को लेकर नहीं जाएंगे। शाम को वह प्रसूता को उसके गांव पहुंचा देंगे। एंबुलेंस स्टाफ एक कमरे में बैठा रहा। जबकि प्रसूता के परिजन इधर-उधर एंबुलेंस के लिए भटकते रहे।

अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में हर स्तर पर मनमानी और लापरवाही उजागर हो रही है, जिससे गर्भवती व प्रसूताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को प्रसव के बाद दो प्रसूताओं की अस्पताल से छुट्टी की गई। दोनों प्रसूताएं घर जाने को एंबुलेंस का घंटों इंतजार करती रहीं। रविवार का अवकाश होने के कारण मात्र एक एंबुलेंस अस्पताल में उपलब्ध रही, जिसका स्टाफ आराम करता रहा।

ककराला निवासी साफिया को तीन दिन पहले महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। साफिया ने शनिवार सुबह को शिशु को जन्म दिया। साफिया और उसका नवजात स्वस्थ थे, इसलिए अस्पताल स्टाफ ने रविवार दोपहर को उसकी छुट्टी कर दी। साफिया और उसके परिजन तीसरी मंजिल से सीढ़ियों से नीचे आए। उसे व्हील चेयर भी नहीं दी गई। अस्पताल के गेट पर जब एंबुलेंस को तलाश किया गया तो बताया कि एंबुलेंस थोड़ी देर में आ रही है। साफिया करीब एक घंटे तक शिशु को लेकर बैठी रही। मगर एंबुलेंस नहीं आयी। इसी तरह ग्राम अहविया निवासी संध्या द्विवेदी को प्रसव के बाद रविवार दोपहर को छुट्टी कर दी गई। संध्या भी तीसरी मंजिल से सीढ़ियों से नीचे उतर कर आई और बाहर हॉल में बैठ गई। उसके साथ उसके परिजन भी बैठ गए। संध्या ने बताया कि करीब डेढ़ घंटे से यहां एंबुलेंस के इंतजार में बैठे हैं। यही कहा जा रहा है कि अभी आ रही है। संध्या ने बताया कि जिला अस्पताल में सरकारी कुछ भी नहीं है। यहां पर पैसे के दम पर काम कराया जाता है। जो महिलाएं पैसे नहीं देती हैं उन्हें परेशान किया जाता है।

बिना सिर के मृत शिशु को देख महिला बेसुध

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रविवार को जिला महिला अस्पताल में एंबुलेंस का इंतजार करती रहीं प्रसूताएं
- शिशु की विकृत आकृति देख कर अस्पताल का स्टाफ रह गया दंग

रविवार को अधिकांश स्टाफ छुट्टी पर रहता है। दो एंबुलेंस अस्पताल में रहती हैं। यदि आज किसी महिला को समय पर एंबुलेंस नहीं मिली तो एंबुलेंस बाहर गई होंगी। अब सोमवार को आएंगे तो इस मामले में एम्बुलेंस स्टाफ से बात की जाएगी। यदि जानबूझकर प्रसूताओं को इंतजार कराया गया है तो पता किया जाएगा। लापरवाही पर कार्यवाही की जाएगी। -डॉ. इंदुकांत वर्मा, सीएमएस

अमृत विचार: जिला महिला अस्पताल में शनिवार को महिला ने विकृत आकृति के शिशु को जन्म दिया, जिसे देखकर डॉक्टर और स्टाफ दंग रह गईं। शिशु को देखकर प्रसूता की हालत भी बिगड़ गई और वह बेहोश हो गई। हालांकि देर रात उसे होश आ गया।

मूसाझाग निवासी योगेश की पत्नी दयावती छह महीने की गर्भवती थी। शनिवार सुबह दयावती की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला महिला अस्पताल लेकर आये। यहां डॉक्टर ने उसकी जांच की तो पता चला कि गर्भ में शिशु की मौत हो चुकी थी। महिला चिकित्सक ने किसी तरह दयावती का प्रसव कराया। शाम को हुए प्रसव के बाद महिला चिकित्सक सहित पूरा स्टाफ मृत शिशु को देखकर दंग रह गया। शिशु का सिर नहीं था। दयावती ने भी जब अपने शिशु को देखा तो वह उसे देखते ही बेहोश हो गई। कुछ देर बाद चिकित्सकों ने मृत शिशु परिजनों को सौंप दिया। महिला का उपचार किया गया। करीब रात 12 बजे के बाद प्रसूता को होश आया।

नियमित जांच जरूरी

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार वासु ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान नियमित चेकअप न होना, खानपान ठीक न होना। प्रोटीन नहीं मिलना आदि कारणों की वजह से गर्भस्थ शिशु पूरा आकार नहीं ले पाता है। ऐसे केस बहुत कम होते हैं, लेकिन कई बार सुनने को मिल जाते हैं। कुछ शिशुओं के मल त्यागने का स्थान बंद होता है। कुछ के मूत्र करने की जगह नहीं होती है। छह महीने का गर्भस्थ शिशु पूरी तरह आकार ले लेता है। उसके सभी अंग काम करने लगते हैं। इसलिए नियमित जांच कराते रहना चाहिए।

दान की जमीन को लेकर भिड़े दो पक्ष दो युवक घायल

कुंवरगांव, अमृत विचार : थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव बनगढ़ मे जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चले और पथराव हुआ, जिसमें दोनों पक्ष के दो युवक घायल हो गए।

गांव तालगांव निवासी एक युवक ने अपनी जमीन मस्जिद के लिए दान की थी। रविवार शाम एक पक्ष के इकरार, इसरार और दूसरे पक्ष के कदीर के बीच जमीन को लेकर विवाद हुआ तो गांव के लोगों ने दोनों पक्षों में समझौता कराने का प्रयास किया लेकिन इकरार के बेटे वाजिद ने फैसला नहीं माना और कागज फाड़कर फेंक दिया। जिसके चलते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। एक-दूसरे पर पथराव करने लगे। एक पक्ष के वाजिद और दूसरे पक्ष के हसनैन चोटिल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची और घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। हल्का इंचार्ज जर्मन सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है।

MAXLIFE
SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली

डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप

डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S.,
F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship
in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon

डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन

डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist

डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon

डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ

FACILITIES
•CATHLAB
•ICU
•CCU
•ANGIOPLASTY
•NICU
•ECHO TMT
•ANGIOGRAPHY
•HDU
•PACEMAKER
•DIALYSIS
•VENTILATOR

मॉडयूलर ऑपरेशन

लैप्रोस्कोपिक सर्जरी

एडवांस आई.सी.यू.

एडवांस एन.आई.सी.यू.

कैथ लैब

EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928

चन्द्रलोक
इंस्टीट्यूट ऑफ
मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000

हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

चन्द्रलोक
हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566

खूब हुई खरीदारी, ईद-उल-अजहा आज

ईद से पहले हुई बकरों की खरीद फरोख्त, 10 से 15 हजार तक का बिक रहा बकरा

नेहरू चौक पर ठेले से सेवईं खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

नेहरू चौक पर ड्राई फ्रूट्स खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: बकरीद का पर्व सोमवार को मनाया जाएगा। इसके लिए मुस्लिम समाज के लोगों ने त्योहार से संबंधित वस्तुओं की खरीदारी की। वहीं बाजारों में दुकानें देर रात तक खुली रहीं। लोगों ने कपड़े, जूते-चप्पल आदि की खरीदारी की। बकरा मंडी में भी बकरों की बिक्री हो रही है। दस हजार से लेकर 15 हजार रुपये तक का बकरा बोली लगाकर बिका।

बकरीद को लेकर जिले भर में खासा उत्साह है। रविवार को छुट्टी का दिन होने के बाद भी भीषण गर्मी के दौरान बाजार में खासी रौनक दिखाई दी। विशेष तौर पर कपड़े, जूते-चप्पल के अलावा मसालों आदि की लोगों ने जमकर खरीदारी की। मुस्लिम महिलाओं ने दुकानों पर पहुंचकर सेवई आदि के साथ ही ड्राई फ्रूट्स की भी खरीदारी की। शहर के नेहरु चौक, बड़ा बाजार, घंटाघर, छह सड़का आदि बाजारों में देर रात तक भीड़ नजर आई। लोगों ने दुकानों पर पहुंचकर जरूरी वस्तुओं को खरीदा। वहीं ग्राहकों की आवक देखकर दुकानदारों के चेहरे पर रौनक दिखाई दी।

इसके अलावा शहर में कई स्थानों पर बकरों की बिक्री हुई। इस साल इनके दामों में भी उछाल देखा गया। दस हजार से लेकर 15 हजार तक का बकरा खरीदा गया। देहात क्षेत्र के बाजारों में भी बकरों की बोली लगाकर बिक्री हुई। महंगाई के चलते लोगों ने बकरे की जगह पर बड़े जानवर को साझे में खरीदा। बकरीद को लेकर पुलिस प्रशासन भी सक्रिय है। पुलिस अधिकारी लोगों से संपर्क कर जानकारी ले रहे हैं। जिले में नमाज को लेकर प्रशासन भी अलर्ट है। इधर बकरीद पर होने वाली नमाज को लेकर मस्जिदों और ईदगाह पर दिन भर साफ सफाई का दौर चलता रहा।

कुर्बानी के लिए खरीद कर लाए बकरे को घर के बाहर बांधता व्यक्ति।

भारत स्काउट संस्था के जल सेवा शिविर के समापन पर बांटा शर्बत

बदायूं। भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वाधान में गांधी जन्मशती नेत्र चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर चल रहा नि:शुल्क जल सेवा शिविर 26 वें दिन समाप्त हो गया। स्काउट गाइड और उत्तर प्रदेश सिविल पेंशनर्स परिषद के सदस्यों ने भीषण गर्मी में राहगीरों को शीतल जल पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश चंद्र ने कहा कि स्काउट गाइड का पहला कर्तव्य निस्वार्थ सेवा है। जिला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार ने बताया कि नि:शुल्क जल सेवा शिविर में सेवा करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं स्काउट-गाइड को 21 जून को स्काउट भवन पर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर स्काउट संस्था के डॉ. वीपी सिंह सोलंकी, प्रदेश सिविल पेंशनर्स परिषद के ओमप्रकाश शर्मा, रविंद्र मोहन सक्सेना, आचार्य प्रताप सिंह, महेश मित्र, संतोष शर्मा, दिलीप अग्रवाल, बृजेश चौहान, राजेश मौर्य, भीमसेन सागर ने राहगीरों को शर्बत पिलाया।

हत्यारों को सजा दिलाने के लिए करेंगे आंदोलन

योगेश उपाध्याय को श्रद्धांजलि देते ब्राह्मण समाज के लोग।

संवाददाता, दातागंज

अमृत विचार : अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद हाथरस के जिलाध्यक्ष योगेश उपाध्याय की गोली मारकर हत्या कर दिए जाने पर रोष प्रकट करते हुए शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई।

रविवार को दातागंज तहसील अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा के आवास पर हुई शोक सभा में ब्राह्मण बंधुओं ने दो मिनट का मौन धारण कर हाथरस के दिवंगत ब्राह्मण नेता योगेश उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी। प्रदेश महासचिव राम अवतार मिश्रा ने कहा कि अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद दोषियों को कड़ी सजा दिला कर रहेगा, भले ही इसके लिए आंदोलन करना पड़े। ब्राह्मण समाज सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंप कर अपनी मांग शासन तक पहुंचाएगा। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा, सभासद ओम प्रकाश पांडेय, लक्ष्मी नारायण पांडेय, संजू पंडित, अखिलेश, रामू पाठक आदि मौजूद रहे।

शिविर लगाकर योग के प्रति करें जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: 21 जून को योग दिवस मनाया जाएगा। योग दिवस तक रोजाना योग शिविर लगाए जाएंगे। ये योग शिविर अमृत सरोवर और परिषदीय स्कूलों में भी लगेंगे। जिसके निर्देश डीएम द्वारा पहले ही दिए जा चुके हैं। प्रधानों से कहा गया है कि वह लोगों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए शिविर में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

योग दिवस को लेकर विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सुबह के समय पुलिस परेड ग्राउंड, गांधी उद्यान, ऑडिटोरियम आदि स्थानों पर योग शिविर लगाए जा रहे हैं। जिसमें योगाचार्य लोगों को योग के महत्व से अवगत करा रहे हैं। रविवार को डाइट स्थित ऑडिटोरियम में योग शिविर का सदर विधायक ने फीता काटकर आरंभ कराया। योग शिविर में डॉ. जुगल किशोर, योगेंद्र पाल सिंह, सतीश चंद्र, रेनू गुप्ता तथा संध्या गुप्ता आदि के साथ बढ़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जिसमें उन्होंने योग कर उसके बारे में जानकारी दी। कहा कि योग अपनाकर अपने जीवन के समस्त रोगों को दूर किया जा सकता है। इधर ग्रामीण क्षेत्रों में योग शिविर लगाने के लिए डीएम मनोज कुमार ने सभी प्रधानों, सचिवों और एडीओ पंचायत को आदेश दिए हैं। कहा है कि रोजाना अमृत सरोवर और परिषदीय स्कूलों में योग शिविर लगाकर लोगों को योग के महत्व से अवगत कराया जाए। साथ ही इसमें भागीदारी करने के लिए लोगों के लिए जागरूक किया जाए। जिससे लोग योग को अपनाकर शरीर के विकारों को दूर कर सकें।

योग के बाद ऑडिटोरियम के बाहर खड़े लोग। ● अमृत विचार

- **गांव में योग शिविर लगाने के लिए डीएम ने दिए हैं निर्देश**
- **ग्राम प्रधान योग शिविर लगाकर लोगों को करेंगे जागरूक**

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG + ECHO + TMT + HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें ● दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन ● हर्निया का ऑपरेशन ● अपेंडिक्स का ऑपरेशन ● पित्त की नली की पथरी ● बवासीर, भगन्दर, फिशर ● हाईड्रोसील ● स्तन की गांठ का ऑपरेशन ● पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) ● पाइलोनाइडल साइनस ● इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

प्लांट पर खड़ा ट्रैक्टर और हाइड्रा की बैट्री चोरी

विजय नगला। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव नदौलिया में राजलक्ष्मी इंटरप्राइजेट प्लांट है। जहां बिनावर से मौसमपुर तक सड़क निर्माण की सामग्री तैयार की जा रही है। प्लांट पर तैनात गार्ड नासे अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार रात चोरों ने प्लांट पर खड़ा ट्रैक्टर और हाइड्रा की दस बैट्रियां चोरी कर लीं। आरोप है कि पुलिस ने गार्ड को भगा दिया। वहीं प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि थाने पर तहरीर नहीं आई है। अगर तहरीर आती है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

अभ्युदय कोचिंग के लिए शुरू हुए आवेदन

बदायूं। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने लिए समाज कल्याण विभाग अभ्युदय कोचिंग चला रहा है। इसके लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। नि:शुल्क कोचिंग में आवेदन के लिए विभाग की ओर से शहर के श्री कृष्णा इंटर कॉलेज और सहसवान में प्रमोद इंटर कॉलेज को नामित किया गया है। योजना के समन्वयक नंदकिशोर बताया कि इन स्थानों पर पहुंचकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले मेधावी छात्र आवेदन कर सकते हैं। कोचिंग में विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी।

सार-संक्षेप

प्रतियोगिता में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मिला सम्मान

ककराला। हिन्दुस्तान मॉडर्न पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों का शील्ड एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में छात्रा शाजिया इरम टॉपर रहीं। उन्हें स्कूल प्रबंधक मुस्लिम खान ने शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुहम्मद शाद, इल्तिमा खानम, राफिया खानम आदि मौजूद रहे।

तीन शिक्षकों को कुशीनगर में मिला सम्मान

बदायूं। कुशीनगर में बेसिक शिक्षा विभाग एवं मिशन शिक्षण संवाद के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय प्रादेशिक शैक्षिक उन्नयन विमर्श कार्यशाला का आयोजन किया था। जिसमें जनपद के बिसौली प्राथमिक स्कूल कोट की प्रधानाध्यापक चंचल उपाध्याय, सुशांत सक्सेना एवं आसफपुर के परसिया उच्च प्राथमिक विद्यालय के ओमेंद्र प्रताप सिंह शामिल हुए थे। बेहतर संवाद करने पर वहां के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. रामजियावान मौर्य, जिला समन्वयक प्रशिक्षण एवं गुणवत्ता सत्येंद्र कुमार मौर्य एवं मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार द्वारा तीनों शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

यज्ञ से पूर्ण होती हैं सभी मनोकामनाएं

संवाददाता, बिल्सी

अमृत विचार : यज्ञ तीर्थ गुधनी में स्थित आर्य समाज के सौजन्य से होने वाले पांच दिवसीय यज्ञ महोत्सव के द्वितीय दिवस 21 कुंडीय महायज्ञ शुरू हुआ। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा विधायक प्रेम स्वरूप पाठक रहे। आचार्य संजीव रूप ने मुख्य अतिथि प्रेमस्वरूप पाठक को सम्मानित किया।

बुलंदशहर से विशिष्ट अतिथि एडवोकेट शैलेंद्र जौहरी तथा चंदौसी के एडवोकेट दीपक सिंह रहे। सुल्तानपुर के आचार्य शिवदत्त पांडेय के ब्रह्ममत्व तथा वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप के निर्देशन में यजुर्वेद के 31 व 33 वें अध्याय से आहुतियां दी गईं। कार्यक्रम में बिजनौर से पं. कुलदीप विद्यार्थी, आचार्य शुचिषद मुनि, पंडित उदय राज आर्य, स्वामी वेदानंद, पंडित मुकेश आर्य, शशि आर्य, अनेक सिंह आर्य, रक्षा आर्य, ठा विशाल सिंह, डॉ. विजय सिंह सोलंकी आदि मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि प्रेमस्वरूप पाठक को सम्मानित करते आचार्य संजीव रूप।

- **गुधनी में चल रहे पांच दिवसीय यज्ञ महोत्सव में लोगों दी आहुति**

खबरें पेज 7 पर भी...

गंगा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब,जयकारों से गूंजा इलाका

श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त में शुरू किया गंगा स्नान तो शाम तक जारी रहा, लाखों ने लगाई डुबकी

संवाददाता, सोरोंजी/ गंजडुंडवारा

अमृत विचार: गंगा दशहरा पर रविवार को गंगा तटों पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ता नजर आया। श्रद्धालुओं ने रविवार सुबह ब्रह्ममुहूर्त में गंगा स्नान शुरू किया तो शाम तक जारी रहा। तीर्थ नगरी सोरों जी में हरिपदी घाट के अलावा लहरा, कछला, कादरगंज घाट पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। सुरक्षा के लिहाज से पीएसी के जवान नाव में बैठकर गंगा में गश्त करते रहे। गंगा तटों पर दिनभर जयकारे गूंजते रहे।

तीर्थ नगरी सोरों में शनिवार शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचने शुरू हो गया था। यह सिलसिला रातभर जारी रहा। रविवार सुबह करीब चार बजे ब्रह्म मुहूर्त से श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाना शुरू कर दिया। दशहरा पर्व पर रविवार को राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों और आसपास के जनपदों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में श्रद्धा की डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। सोरों की हरिपदी गंगा के अलावा लहरा व कछला घाट और कादरगंज घाटपर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी और सभी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। महिलाओं और बच्चों के अलावा भारी तादाद में बुजुर्गों ने भी स्नान किया। सोरों जी में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद देव दर्शन किए और हरिपदी गंगा की परिक्रमा लगाई। पुरोहितों ने श्रद्धालुओं को विधि विधान पूर्वक स्नान कराया। गंगा घाट पर धार्मिक अनुष्ठान भी हुए।

दशहरा पर तीर्थ नगरी सोरों में हरि की पौड़ी पर गंगा में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

सुरक्षा के रहे व्यापक इंतजाम

प्रशासन की ओर से गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए थे। एक कंपनी प्लाटून पीएसी, पुलिस कार्यालय के कर्मचारियों , 5 एसएचओ- एसओ, 22 दरोगा, 40 दीवान व सिपाही और महिला पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी। गंगा घाटों पर फ्लड पीएसी के साथ गोताखोर मुस्तैद रहे थे। पुलिस भी हालात का जायजा लेती रही। खोया-पाया केंद्र पर लोगों की सूचनाओं का आदान-प्रदान होता रहा। सर्किल अफसर और मजिस्ट्रेट निगरानी बनाए रहे। डीएम सुधा वर्मा व एसपी अपर्णा रजत कौशिक पल-पल की जानकारी लेती रहीं।

कादरगंज गंगा घाट पर स्नान के लिए बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

मेले में श्रद्धालुओं ने की जमकर खरीदारी

गंगा घाट पर लगे मेले में लगीं दुकानों से श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की। मालाएं, बच्चों के खिलौने और पूजा का सामान के अलावा देवी-देवताओं फोटो भी खरीदे गए। गंगा स्नान के बाद स्नानार्थियों ने तीर्थ नगरी में लगे मेले रौनक बढ़ाई। पूजा सामग्री के अलावा महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन की चीजें लीं तो बच्चों ने खिलौने खरीदे। चाट पकौड़ी की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ रही।

तीर्थ नगरी सोरों में हरि की पौड़ी गंगा मार्ग पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

भीड़ में धक्का-मुक्की से परेशान रहे लोग

तीर्थनगरी सोरोंजी में भीड़ इस कदर उमड़ी कि दिनभर धक्का-मुक्की होती रही। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय श्रद्धालुओं को समस्याओं का सामना करना पड़ा। धक्का-मुक्की के चलते तमाम लोग भीड़ से बचते नजर आए, लेकिन भीड़ इतनी थी कि गलियों में पैर रखने की जगह नहीं थी।

ट्रैफिक व्यवस्था फेल, जाम से जूझते रहे लोग

कासगंज-सोरों मार्ग पर लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

कासगंज। श्रद्धालुओं को जाम से बचाने के लिए ट्रैफिक डावर्जन किया गया था। बड़े वाहनों को बदायूं, एटा और अलीगढ़ की सीमा पर ही रोक दिया गया। छोटे वाहनों का रूट डाइवर्ट करके निकाला गया। मगर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी तो सारी व्यवस्थाएं फेल हो गईं और लोग जाम से जूझते रहे। वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं के निजी वाहनों के अलावा डग्गामार और रोडवेज बसें भी जाम में फंसी रहीं। मेले में पार्किंग व्यवस्था होने के बावजूद श्रद्धालुओं को जाम की समस्या हुई। यातायात पुलिस वाहनों को निकालने के लिए दिनभर मशक्कत करती रही।

गर्मी पर भारी पड़ी आस्था

सोरों में शर्बत बांटते पालिकाध्यक्ष।

परनामठ मंदिर में शर्बत वितरित किया।

कासगंज। रविवार को सुबह से ही बदन झुलसा देने वाली धूप और गर्मी रही। आसमान से आग बरस रही थी। बावजूद इसके लोगों की आस्था नहीं डिगी। भीषण गर्मी के बावजूद गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ रही। समाजसेवी भी श्रद्धालुओं की सेवा करने में पीछे नहीं रहे। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह शर्बत वितरण किया गया। सोरों में पालिका अध्यक्ष ने राहगीरों को शर्बत बांटा।

ट्राली में बैठकर जाते श्रद्धालु।

आज का मौसम

आसमान में तेज धूप खिली रहेगी।

अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
45.0⁰	33.0⁰

सूर्योदय	सूर्यास्त
05.19	07.13

शहर में आज

- जिले में बकरीद पर ईद उल जुआ की नमाज ईदगाहों में सुबह 6:30 बजे से।
- श्री डीडू माहेश्वरी युवक मंडल द्वारा शहर के एसकेएम इंटर कॉलेज में समाज की वार्षिक बैठक सुबह 10 बजे से।
- रोटरी क्लब द्वारा शहर के लक्ष्मीगंज स्थित शगुन वाटिका में योगाभ्यास सुबह छह बजे से।
- बौद्ध सेवा समिति द्वारा बौद्ध कथा का वाचन सिढ़पुरा विकास खंड के गांव अनगपुर में दोपहर 12 बजे से।

एक नजर

मारपीट व अपहरण का आरोपी पुलिस ने दबोचा

कासगंज। मारपीट व अपहरण के मामले में वांछित आरोपी को सदर कोवातली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने बताया कि वांछित अभियुक्त रिंकू निवासी ग्राम नदरई को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त रिंकू को न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस ने सटोरिया दबोचा नगदी बरामद

कासगंज। सदर कोतवाली इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने बताया कि सटोरिया अभियुक्त शब्बीर निवासी तटारपुर कालोनी ब्लॉक नंबर पांच को गिरफ्तार किया है। कब्जे से 850 रूपये की नगदी, एक डायरी बरामद हुई है।

सार-संक्षेप

कासगंज पुलिस ने जिला बदर अपराधी दबोचा

कासगंज। थाना ढोलना पुलिस ने सूचना के आधार पर जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि जिला बदर आरोपी सादाब निवासी मुहल्ला पीरजादा कस्बा बिलराम को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना ढोलना पर उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम में मुकदमा दर्ज था। नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

चेकिंग के दौरान पुलिस ने दबोचा वाहन चोर

कासगंज। थाना सिढ़पुरा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त मंजीत कुमार निवासी ग्राम तैय्यबपुर थाना सिढ़पुरा को चोरी की मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स व एक ग्राइंडर सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि बरामद मोटर साइकिल अभियुक्त द्वारा धुमरी रोड थाना क्षेत्र सिढ़पुरा से चोरी की गई बताई गई है। बरामदगी के आधार पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

ननिहाल आए बालक को कार ने टक्कर मारी, घायल

कासगंज। गंजडुंडवारा के ग्राम धुवियाई में अपनी ननिहाल आए छह वर्षीय सागर को कार ने टक्कर मार दी। जिससे बालक घायल हो गया। परिजन उसे घायल अवस्था में गंजडुंडवारा स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत में सुधार न होने पर उसे जिलाअस्पताल रेफर किया गया। जिलाअस्पताल में घायल बालक की हालत नाजुक बताते हुए उसे चिकित्सको ने अलीगढ रेफर किया है। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया है।

मां को गालियां देने का विरोध करने पर की मारपीट

कासगंज। थाना गंजडुंडवारा के गांव अकबरपुर पलिया में मामूली बात पर दबंगो ने महिला के साथ गाली गलौज की। जब महिला के पुत्र विजय कुमार अपने परिजनों के साथ शिकायत लेकर आरोपियों के घर गया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर दी। घटना के संबंध में विजय ने गांव के ही बलवीर सिंह, श्यामवीर सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।इंस्पेक्टर विनोद कुमार का कहना है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

राज्य सूचना आयुक्त आज कासगंज में

कासगंज। उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश आज सोमवार को शहर में रहेंगे। वह सड़क मार्ग से एटा होते हुए सुबह साढे दस शहर के रेलवे रोड स्थित पूर्व प्रधानाचार्या दामोदर दास गुप्ता के आवास पर उनसे भेंट करेंगे। इसके बाद वह माध्यमिक शिक्षा सेवा आयोग के पूर्व सदस्य ज्ञान गुप्ता के आवास पर सम्भ्रांत नागरिको से मिलेंगे। इसके बाद वह सोरों के लिए रवाना होंगे। सोरों में पालिका अध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे के आवास पर सम्भ्रांत नागरिको से भेंट करेंगे।

डीडू माहेश्वरी मंडल की वार्षिक सामान्य बैठक आज

कासगंज। डीडू माहेश्वरी युवा मंडल की वार्षिक सामान्य बैठक आज शहर के रेलवे रोड स्थित गंगादेवी माहेश्वरी भवन में सुबह दस बजे से होगी। यह जानकारी मंडल अध्यक्ष अरबिंद कावरा और मंत्री सुनील दरग ने संयुक्त रुप से दी है। उन्होंने बताया कि बैठक के सभापति अजय झंवर होंगे।समाज द्वारा संचालित विद्यालयों एवं संस्थाओ का आय व्यय का ब्यौरा सदन में रखा जाएंगा। समाज के कल्याण के लिए कार्य योजनाओ पर चर्चा होगी।

स्वास्थ्य विभाग की टीम का नगरिया में छापा,क्लीनिक संचालक फरार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- अवैध रूप से संचालित क्लीनिक पैथोलॉजी लैब व अस्पतालों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान

अमृत विचार: जिले में अवैध अस्पताल, क्लीनिक और पैथोलॉजी लैब संचालित हो रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को नगरियां क्षेत्र में छापामारी की। टीम के आने का पता लगने पर अवैध अस्पताल और क्लीनिक संचालक फरार हो गए। टीम ने बंगाली क्लीनिक संचालकों को नोटिस जारी किया है।

नोडल अधिकारी डा. एसके सिंह टीम के साथ शनिवार दोपहर नगरिया जा पहुंचे। जहां उन्होंने सबसे पहले बंगाली क्लीनिक पर छापा मारा। उन्होंने क्लीनिक संचालक से रजिस्ट्रेशन और डिग्री मांगी, जिसे वह नहीं दिखा सके। इस पर उन्होंने नोटिस देकर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। अन्यथा की स्थिति में क्लीनिक को सील किया जाएगा। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कृष्णा पैथलोजी, कन्हैया पैथोलॉजी लैब पर पहुंची, जो बंद मिली। डा. एसके सिंह ने बताया कि क्षेत्र में लगातार टीमों द्वारा अवैध हास्पिटल, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब चेक किए जा रहा हैं। उधर, स्वास्थ्य विभाग की आने का पता लगने पर अन्य क्लीनिक व पैथोलॉजी लैब संचालक शटर गिराकर खिसक गए।

> नोडल अधिकारी द्वारा बिना पंजीकृत के संचालित अस्पताल, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जो अवैध रूप से संचालित मिल रहे हैं। उनको सील किया जा रहा है। अब तक एक दर्जन से अधिक अस्पतालों पर कार्रवाई हो चुकी है। - डा. राजीव अग्रवाल, सीएमओ

गंगा मैया का पूजन कर किया दुग्धाभिषेक

सोरोंजी। गंगा दशहरा पर्व पर तीर्थ नगरी सोरों में श्री गंगा आरती सेवा समिति द्वारा मां गंगा का दुग्धाभिषेक एवं पूजन किया गया। दूध, दही, शहद, गंगाजल सहित अन्य द्रव्य पदार्थों से मां गंगा का सहस्रअर्चन किया गया। पूजन अर्चन के बाद गंगा मैया की आरती उतारी गई। प्रसाद वितरण किया गया। गंगा मैया की जय-जयकार से वातावरण गुंजायमान रहा। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान गंगा आरती सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र, आलोक भारद्वाज, रवि पाराशर, श्रीभगवान पाराशर, भूदेव चौधरी, सोनू बैदेल, सोनू महाकाल, अंकु , अमित त्रिवेदी, छोटू दीक्षित, नवनीत पाराशर, सार्थक माहेश्वरी, आचार्य शुभम मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। धार्मिक अनुष्ठान आचार्य शशिधर शास्त्री ने विधि-विधान पूर्वक वेदमंत्रों के साथ संपन्न कराया गया।

डीएम-एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था देखी

हरि पौड़ी घाट पर सुरक्षा का जायजा लेतीं डीएम सुधा वर्मा व एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

कासगंज। गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर डीएम सुधा वर्मा और एसपी अपर्णा रजत कौशिक खुद अलर्ट रहीं। उन्होंने गंगा घाट जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्लमियों को सतर्क रहने, अनुशासन बनाए रखने, श्रद्धालुओं की हर सम्भव सहायता करने और शरारती तत्वों पर नजर रखने को कहा।

समाज की प्रगति के लिए शिक्षा और आर्थिक संपन्नता जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- महेश नवमी महोत्सव में शिव पार्वती विवाह का हुआ आयोजन

अमृत विचार: श्री डीडू माहेश्वरी युवक मंडल ने महेश नवमी महोत्सव के तहत शनिवार को श्री सुमंत कुमार माहेश्वरी इंटर कॉलेज में शिव-विवाह एवं महेश भोज कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर बुजुर्गों व अतिथियों को सम्मानित किया गया।धार्मिक भजनों श्रद्धालु झूमे। वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षित और आर्थिक रूप से संपन्न होना जरूरी है

कार्यक्रम मुख्य अतिथि ओम स्वामी, रमन पल्तानी, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र बौहरे ने भगवान महेश के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया। कालाकारों ने शिव-विवाह की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। धार्मिक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम में श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब शिक्षित और आर्थिक रूप से संपन्न होता है। रमन पल्तानी ने बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया। अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना की। डीडू माहेश्वरी युवा मंडल के पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मंडल एवं उप समितियों के पदाधिकारियों, समाज द्वारा संचालित विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। समाज के बुजुर्गों को भी सम्मानित किया गया। मंडल अध्यक्ष अरबिंद कावरा एवं मंडल मंत्री सुनील दरग ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव मालू ने की। संचालन राजीव कावरा ने किया।

दीप जलाकर कार्यक्रम आरंभ करते अथिति।

अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते आयोजक।

झांकी प्रस्तुत करते कलाकार।

मालगाड़ी रुकने से एक घंटे बंद रहा रेलवे फाटक

संवाददाता, गंजडुंडवारा

अमृत विचार : गंजडुंडवारा कस्बे में एटा रोड स्थित रेलवे फाटक रविवार शाम मालगाड़ी खड़े रहने से करीब सवा घंटे तक बंद रहा। इससे फाटकों के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। इस दौरान तपती धूप में खड़े रहने से लोग परेशान हो गए।

शाम करीब 5:30 बजे कानपुर की ओर से आई मालगाड़ी की वजह से फाटक बंद किया गया। मालगाड़ी स्टेशन से गुजरने के बजाय आगे की लाइन क्लियर ना होने पर फाटक के बीच खड़ी हो गई। इस सड़क पर वाहनों का आवागमन बंद हो गया। करीब आधे घंटे बाद तक मालगाड़ी के खड़ी रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कादरगंज घाट पर गंगा स्नान करके लौटने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोग तपती धूप में फाटक खुलने के इंतजार में खडे. रहे। परेशान होकर तमाम लोग अपने वाहनों को कतारों के बीच से निकाल कर लौट गए, जबकि कुछ लोग फाटक खुलने के इंतजार में एक घंटे से अधिक समय तक खड़े रहे। शाम करीब 5:30 बजे लाइन क्लीयर होने पर मालगाड़ी को आगे रवाना किया गया। इस बीच पटियाली तिराहे तक जाम के हालात बन गए। रेलवे फाटक खुलने के आधा घंटे में जाम खुल पाया।

ईद उल अजहा आज, देर रात तक चली तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- रविवार को बाजारों में रही रौनक महिलाओं ने की खरीददारी
- कुर्बानी के लिए दिनभर हुई बकरों की खरीद फरोख्त

अमृत विचार : ईद -उल-अजहा (बकरीद) सोमवार को मनाई जाएगी। इसको लेकर रविवार को देर रात तक तैयारी चलती रही। कुर्बानी के लिए दिनभर बकरों की खरीद फरोख्त की गई। मुस्लिम महिलाओं ने बाजारों जमकर खरीददारी की।

बकरीद अरबी महीने में जिल हिच्जा की 10वीं तारीख को होती है। बकरे की कुर्बानी देने के लिए मुस्लिम समाज के लोग पहले से पूरी तैयारी कर लेते हैं। पिछले कई दिनों से बकरीद को लेकर तैयारियां चल रही है। कुर्बानी के लिए बकरों की खरीद फरोख्त की जा रही है। ढोलना स्थित पैठ में दूर दराज से आए व्यापारियों ने बकरा खरीदे-बेचे। मुस्लिम समाज में घर-घर देर रात तक तैयारी होती रही। मुस्लिम महिलाओं ने बाजारों में वस्त्रों की खरीदारी की है।

गंजडुंडवारा में कुर्बानी के लिए बकरों की खरीद फरोख्त करते मुस्लिम समाज के लोग।

एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

बकरीद पर सुरक्षा को लेकिर लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार को देर शाम पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था देखी। लाउडस्पीकर एनाउंस करके लोगों से त्योहार सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। अराजक तत्वों पर पुलिस की नजर है। एसपी ने कहा है कि सोशल मीडिया पर पुलिस की नजर रहेगी। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। त्योहार को सौहार्द के साथ मनाएं। इस दौरान एएसपी राजेश कुमार भारती और बड़ी संख्या में पुलिस-पीएसी के जवान मौजूद रहे।

इब्राहिम के बलिदान भाव की याद दिलाती है ईद-उल-अजहा

भरगैन। ईद-उल-अजहा का त्योहार हजरत इब्राहिम के अल्लाह के प्रति बलिदान भाव की याद में मनाया जाता है। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्र रिहान खान ने ईद-उल-अजहा के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अल्लाह जब अपने किसी बंदे का मर्तबा बढ़ाना चाहता है, तो उसकी परीक्षा लेता है। ऐसा ही कुछ हजरत इब्राहिम के साथ भी हुआ। अल्लाह ने उनके सबसे अजीज बेटे इस्माईल की कुर्बानी मांगी। इस हुक्म के आगे बिना डिगे वह और इस्माईल कुर्बानी के लिए तैयार हो गए, लेकिन अंत समय पर इस्माईल के स्थान पर एक मेढ़ा आ गया। जिसके बाद से तमाम साहिबे निसाब (सक्षम) मुसलमानों के लिए इस कुर्बानी को जरूरी कर दिया गया। रिहान ने कहा कि हमें हर उस अच्छाई को अपनाना चाहिए, जिससे अल्लाह खुश होता है। उन्होंने लोगों से खुले में कुर्बानी न करने और उसके अवशेष इधर-उधर न फेंककर गड्ढे में दफन करने की अपील की।



भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड
Complex Fistula (जटिल भगन्दर)
पाइल्स तथा एनल फिसर एवं
Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा
पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत
क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा
एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of
Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ
व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर,
ऐनल फिसर रेक्टल
पालिप, पाइलोनिडल
साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर
निकलना मल द्वार के आस
पास बार-बार फोड़ा बनना
एवं फूटना, बार-बार मल
त्याग करना, मल द्वार में दर्द
एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से
सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी,
बरेली। मो. 9319929913

नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए नि:संकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और
वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं,
जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट
का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल
(काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।

नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।

डॉ. सी.पी. गुप्ता
क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

चोरी की बाइक का नंबर बदलकर करते थे लूटपाट

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और बरामद बाइक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पुलिस ने चार आटोलिफ्टर पकड़े चोरी की पांच बाइकें बरामद

अमृत विचार : सदर कोतवाली पुलिस व एसओजी ने एक ऐसे गैंग का खुलासा किया, जिसके सदस्य चोरी बाइक बाइक से लूटपाट करते थे। पुलिन ने गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की पांच बाइक और तीन मोबाइल बरामद हुए।

रविवार को सदर कोतवाली इंस्पेक्टर रामवकील सिंह व एसओजी प्रभारी विनय कुमार शर्मा ने मिली सूचना के आधार पर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें मुकेश कुमार निवासी गांव हिम्मतपुर सई, सुहेल निवासी मोहल्ला मोहन, दीपांशु निवासी मुंशीलाल पड़ाव सदर कोतवाली एवं विशाल निवासी ग्राम मीरापुर थाना मारहरा जनपद एटा हैं। पुलिस ने चारों को कोतवाली ले जाकर पूछताछ की गई। इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने बताया कि आरोपियों ने बाइकों को चोरी का होना बताया है। पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी चोरी की गई बाइक की नंबर प्लेट बदलकर लूट और चोरी की बड़ी घटनाओं में प्रयोग करते थे।

सीओ अजीत चौहान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी मुकेश के विरुद्ध कासगंज मिरहची और ढोलना थाने में गैंगस्टर समेत आठ मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, सुहैल के विरुद्ध सदर कोवताली, एटा की मिरहची कोतवाली में चार मामले दर्ज है। विशाल एवं दीपांशु के विरुद्ध मिरहची व कासगंज में चार-चार आपराधिक मामले दर्ज है।

एक शाम बाबा साहेब के नाम कार्यक्रम आयोजित

कासगंज। शनिवार रात डा.भीमराव अंबेडकर विचार मंच के पदाधिकारियों एवं अनुयायियों ने बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष में 'एक शाम बाबा साहेब के नाम ' कार्यक्रम का आयोजन गौतम बुद्ध पार्क में किया। जिसमें ग्वालियर से आईं प्रसिद्ध राष्ट्रीय मिशन गायिका निशा बौद्ध ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मलिखान सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्ति अपर निदेशक डा. रमेश चंद्र व जेएल प्रभाकर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर रहे। संचालन गजराज सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में बृजेश कुमार,प्रेमपाल सिंह ,सोरन सिंह,विनीत प्रताप सिंह, रामनिवास ,जयवीर सिंह,मानिकचंद गौतम एडवोकेट,चंद्रभान सिंह, सुरजीत कुमार,सचिन कुमार,सुनील कुमार,रविंद्र सिंह,लक्ष्मण सिंह, माखन सिंह,चंद्रभान सिंह,कमल सिंह,सूरज कुमार,जयप्रकाश, लालाराम भारती ,राघवेंद्र सिंह,मुनेश आर्य सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (आगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

एक नजर

दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न, रिपोर्ट दर्ज

कासगंज। सदर कोतवाली के गांव कुढार निवासी मेघ सिंह ने अपनी बेटी शेष कला की शादी अलीगढ़ निवासी जितेंद्र कुमार के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद शेष कला का पति, ससुर जयवीर सिंह, ननद पूजा पर दहेज मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं हुई तो उसका उत्पीड़न किया जाने लगा। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है, जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। इंस्पेक्टर रामवकील का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

उधार के रुपये मांगने पर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

जैथरा। अदालत के आदेश पर धीरेन्द्र पुत्र रामस्वरूप निवासी नगला छोटे की ओर से तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया है। धीरेंद्र के अनुसार 13 मई को प्रमोद कुमार पुत्र सालिग्राम ने पीड़ित की पत्नी से 1 लाख 65 हजार रुपये उधार लिए थे। रुपये लौटाने का समय मुकर्रर कर दिया था। आरोप है कि जब उसने उधार के रुपये मांगे तो प्रमोद ने अपने साथियों के साथ मिलकर गाली गलौज और मारपीट कर दी।

रकम दोगुनी करने का लालच देकर 2.30 लाख ठगे

एटा। साइवर थाने में राजीव मोहन सहकारी ग्राम विकास बैंक पीपल अड्डा कोतवाली नगर ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को पीड़ित के साथ एक कंपनी के व्यक्ति फोन किया। उसने रकम दोगुनी करने का लालच देकर दो लाख 30 हजार 828 रुपये की ठगी कर ली गई। इसकी जानकारी होने पर आरोपित की तलाश की गई तो वह नहीं मिला और नहीं उसका फोन नंबर लगा। पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ अभियोग दर्ज कराते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। साइबर थाना पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

महिला को अगवा करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

एटा। रामपुर थाने में अभय प्रताप सिंह पुत्र भूपेन्द्र सिंह निवासी मोहल्ला शाक्य नगर ने कमलेन्द्र पुत्र भगवानदास निवासी महाराणा प्रताप नगर कोतवाली समेत पांच लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया है। अभयप्रताप ने बताया है कि 12 जून को कमलेन्द्र अपने साथियों के साथ पीड़ित की दादी चन्द्रवती के पास पहुंचा और जबरन गाड़ी में डालकर ले गए। इसकी जानकारी होने पर उसने अपनी दादी की तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवर ले गए चोर

एटा। कोतवाली देहात थाने में मोहरपाल पुत्र धनपति सिंह निवासी नगला गलू ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोरपाल ने बताया है कि 14 जून को चोर पीड़ित के घर में घुस गए। आरोप है कि संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने की धातु व चांदी की धातु के आभूषण चोरी कर चंपत हो गए। जानकारी होने पर तलाश किया, लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चला। एसआई मुकुल कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की जान गई

सकीट, जलेसर, नयागांव और गंजडुंडवारा इलाके में हुए हादसे

संवाददाता, एटा

अमृत विचार: रविवार का दिन हादसों के नाम रहा। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए।

सकीट थाना क्षेत्र में शनिवार की रात 8:30 बजे सकीट-औंछा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास किसी वाहन ने एक बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में कस्बा सकीट के मोहल्ला खरा निवासी शिवम कुमार (19) पुत्र बलवीर सिंह और अमन कुमार (18) पुत्र नेकसेलाल घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल कालेज में दाखिल कराया। जहां डाक्टर ने शिवम को मृत घोषित कर दिया। जबकि अमन को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जलेसर थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़ई प्रहलानगर में भागवत कथा की दावत के दौरान सड़क किनारे घूम रहे पांच वर्षीय कृष्णगोपाल पुत्र प्रमोद कुमार निवासी जयसिंहपुर थाना पिलुआ को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। इसमें वह कृष्णगोपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। शनिवार देर रात इलाज के दौरान कृष्णगोपाल की मौत हो गई।

ई-रिक्शा की टक्कर से बालक की मौत

अलीगंज। नयागांव थाना क्षेत्र के ग्राम तुगई निवासी आनंद कुमार (9) पुत्र उदयपाल सिंह रविवार सुबह अलीगंज कोतवाली क्षेत्र में बाबा लक्ष्मनदास स्कूल के पास पैदल जा रहा था। इसी दौरान उसे ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल बालक को स्थानीय स्वास्थ्य ले जाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बाइक-ट्रैक्टर की भिड़ंत में चाचा की मौत, भतीजा घायल

एटा। बागवाला के गांव गढ़ी बेंदुला निवासी चाचा-भतीजे सिढ़पुरा जा रहे थे। गंजडुंडवारा रोड स्थित बकावली गांव के पास उनकी बाइक एक ट्रैक्टर से टकरा गई। इस हादसे में 35 वर्षीय जितेंद्र और उनका भतीजा अंशुल गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने दोनों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि अंशुल का इलाज जारी है।

बिजली की चिंगारी से झाड़ियों में लगी भीषण आग

कासगंज, अमृत विचार: शहर के कासगंज सोरों मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने मोहल्ला नाथूराम निवासी अशोक कुमार तायल की श्री गोर्वधन ट्रेक्नोक्रेस कंपनी नाम से फैक्ट्री है। रविवार को दोपहर के एक बजे फैक्ट्री के पीछे खाली पड़े ग्राउंड में लगे विद्युत पोल से जुड़े तारों में स्पार्किंग होने से निकली चिंगारियां नीचे जा गिरीं। चिंगारी गिरने से परिसर में खड़ी झाड़ियों में आग लग गई। कुछ ही देर में आग की लपटें उठने लगीं। इससे वहां काम कर रहे मजदूरों घबरा गए। उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन हवा चलने की वजह से आग बढ़ती जा रही थी। फिर इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। इस बीच जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस और दमकल कर्मी दो मौके पर पहुंच गए और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। इसमें किसी प्रकार की जानमाल की क्षति नहीं हुई है।

सवारियां लेकर दौड़ते रहे ट्रैक्टर-ट्राली

संवाददाता, एटा

अमृत विचार: पिछले दिनों ट्रैक्टर-ट्राली से हुए दुर्घटनाओं से लोगों ने सबक नहीं लिया। इसको लेकर शासन-प्रशासन की ओर से दिए गए आदेश की परवाह भी नहीं की गई। गंगा दशहरा के दिन श्रद्धालु भारी मात्रा में ट्रैक्टर- ट्राली पर सवार होकर सफर करते दिखे। इनमें महिलाओं-बच्चे और बुजुर्ग सभी शामिल रहे। रविवार को भी रिजोर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली और अल्टो कार की टक्कर में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए।

पिछले दिनों जनपद में कई बड़े हादसे ट्रैक्टर-ट्राली से हो चुके हैं। इसके बाद प्रदेश सरकार ने ट्रैक्टर-ट्राली और मैक्स से यात्रा करने पर रोक लगा दी थी। जुर्माने का भी प्रावधान रखा गया था। इसके बावजूद लोग सबक नहीं ले रहे हैं। गंगा दशहरा पर्व को लेकर एसएसपी राजेश कुमार सिंह व डीएम प्रेम रंजन सिंह ने लोगों से ट्रैक्टर-ट्राली से यात्रा न करने को कहा था। मगर लोगों ने शासन-प्रशासन के आदेश का पालन नहीं किया।

गंगा दशहरा पर्व के दिन ट्राली की किनार पर बैठकर सफर करते बच्चे।

- **पिछली घटनाओं से नहीं लिया सबक, ट्रालियों में बैठकर जाते दिखे श्रद्धालु**

रविवार को जगह-जगह से श्रद्धालु भारी मात्रा में ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर गंगा घाट पहुंचे। गंगा नहाने के बाद ट्रैक्टर-ट्राली में ही अपने घर लौटे। इनमें महिलाओं-बच्चों समेत बुजुर्ग लोग भी शामिल थे। पिछले दिनों हुए हादसों के बाद शासन ने गाइडलाइन जारी की थी, जिसमें माल वाहक वाहनों में केवल कृषि कार्य संधंधी ढुलाई के इस्तेमाल की अनुमति दी गई थी।

अमूमन लोग मुंडन व छेदन संस्कार, गंगा दशहरा, परिक्रमा में सवारी हेतु ट्रैक्टर-ट्राली का इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकार ने ट्रैक्टर-ट्राली का प्रयोग करने पर 10 हजार रुपये जुर्माना निर्धारित किया है, लेकिन पुलिस की ढिलाई के चलते लोग ट्रैक्टर ट्रॉली का प्रयोग सवारी ढोने में कर रहे है।

चोरी के मोबाइल सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **अलीगढ़ के थाना बन्नादेवी क्षेत्र के शोरूम से चोरी हुए थे मोबाइल**

अमृत विचार : सदर कोतवाली पुलिस ने तीन मोबाइल चोर दबोच लिए। उनके पास अलीगढ़ से चोरी हुए 42 मोबाइल बरामद हुए। आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी अलीगढ़ के थाना बन्नादेवी पुलिस को भी दी गई है।

सदर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि अलीगढ़ के बन्ना देवी थाना क्षेत्र से वीवो कंपनी के शोरूम से चोरी किए गए 42 मोबाइलों के साथ तीन आरोपी अशोक नगर स्थित किला रोड पर हैं। जानकारी सही थी। इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने उच्च अधिकारियों को सूचना से अवगत कराया। एएसपी राजेश भारती से मिले निर्देश के बाद पुलिस की टीम ने अशोक नगर किला रोड पहुंचकर आरोपियों की घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे तो पुलिस ने बल प्रयोग कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 42 वीवो कंपनी के मोबाइल भी बरामद हुए। कोतवाली पर लाकर आरोपियों से पूछताछ की गई तो उन्होंने मोबाइलों को अलीगढ़ से चोरी करना स्वीकारा है। सीओ अजीत चौहान ने बताया कि पुलिस ने अंकित, सचिन शर्मा, शुभम गोयल निवासीगण सूतमील वीमानगर थाना बन्ना देवी जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार किया है।

महिला का शव पेड़ पर लटका मिला

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: छह दिन पूर्व लापता हुई महिला का शव काली नदी किनारे बाग में जामुन के पेड़ पर लटका मिला है। भाई ने मृतका के पति पर गला दबाकर हत्या करके शव पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया है।

थाना ढोलना के गांव बरखुरदारपुर निवासी जोगराज सिंह ने अपनी पुत्री नेक्सी का विवाह लगभग दस वर्ष थाना अमांपुर के गांव बरीखेड़ा निवासी लटूरी सिंह के साथ किया था। 11 जून को नेक्सी अचानक लापता हो गई थी। ससुराल वालों ने पिता को नेक्सी के भाग जाने की सूचना दी थी। इसकी सूचना पुलिस को भी दे दी गई थी। रविवार सुबह परिजनों को सूचना मिली कि नेक्सी का शव गांव बजीरपुर के निकट काली नदी के किनारे बाग में जामुन के पेड़ पर लटका हुआ है। जानकारी मिलते ही ससुरालीजन और मायके वाले मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई। इंस्पेक्टर रामवकील ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। भाई नीरज का आरोप है कि लटूरी सिंह ने गला दबाकर नेक्शी की हत्या कर दी है। इसके बाद शव फंदे पर लटका दिया है। इंस्पेक्टर रामवकील ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **भाई ने पति पर लगाया गला दबाकर हत्या का आरोप**

मृतका नेक्सी

सार-संक्षेप

बिजली की कीमतें बढ़ने पर भड़के कम्युनिस्ट, बैठक की

कासगंज। बिजली की कीमतें बढ़ाए जाने के निर्णय पर कम्युनिस्ट पार्टी ने आक्रोश व्यक्त किया है। रविवार को अशोक नगर स्थित लेलिन सेंटर पर हुई बैठक में सरकार के फैसले के विरुद्ध आंदोलन की रणनीति बनाई गई। 20 जून को प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राज्यसचिव कामरेट बृजलाल भारती ने कहा कि लोक सभा चुनाव संपन्न होने के बाद सरकार ने बिजली की दरें बढ़ाने को स्वीकृति दी है। भीषण गर्मी में बिजली सप्लाई में कटौती से जनता त्रस्त है। बैठक को जिला सचिव कामरेट सालिगराम ने भी संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता कामरेट कर्मवीर सिंह ने की। बैठक में कामरेट ज्ञान सिंह बघेल, कामरेट ओमप्रकाश प्रतिहार, कामरेट राजवीर सिंह ,कामरेट वीरेंद्र सिंह, कामरेट भूप सिंह, कामरेट राजकुमार कुशवाह, कामरेट संतोष कुमार सिंह कामरेट गोवधन सिंह आदि उपस्थित रहे।

मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल

एटा। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराते हुए अभियोग दर्ज कराया गया है। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। मारहरा थाने में सूरजपाल पुत्र गोकुलचन्द्र निवासी खकरई ने गांव के निवासी राजेश पुत्र मोहनलाल समेत तीन लोगों के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया है। बताया है कि पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की, बचाव करने पर पीड़ित के पुत्र नरेन्द्र व भारत से भी मारपीटकर धमकी दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, दूसरी ओर अवागढ़ थाने में सरिता पत्नी सोनपाल निवासी पौढरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया है कि गांव के निवासी बनी सिंह पुत्र खूबचन्द्र समेत चार नामजद और दो अज्ञात लोगों द्वारा एकराय होकर पीड़िता के पति सोनपाल की मोटरसाईकिल रोककर मारपीट की, मरणासन्न हालत में छोड़कर गाली गलौज करते हुए चले गए। जान से मारने की धमकी दी गई। इधर जलेसर थाने में अमर सिंह पुत्र रामचरन निवासी बछेपुरा ने गांव के निवासी वीरपाल पुत्र भूरीसिंह समेत चार लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया है। बताया है कि 13 जून को घर में घुसकर पीड़ित के साथ मारपीट की, गाली गलौज करते धमकी दी गई।

अलग-अलग सड़क हादसों में सात घायल

कासगंज। रविवार को जिले में अलग अलग हुए सड़क हादसों मे आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं।सदर कोतवाली क्षेत्र में बाइक फिसलने जाने से गंगा स्नान को जा रहे 45 वर्षीय जेपी वर्मा एवं बिजेंद्र सिंह निवासी नगला गया घायल हुए हैं। जिला हाथरस के सिकंद्रराऊ के कांतौर निवासी 20 वर्षीय महावीर 15 वर्षीय नितिन पुत्र दिनेश चंद्र की बाइक को प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। वहीं एक अन्य घटना थाना गंजडुंडवारा क्षेत्र में हुई बैलगाड़ी से बाइक टकरा जाने के कारण सहावर के मुहल्ला काजी निवासी आसिफ पुत्र उर्मेश वारसी घायल हो गए। सदर कोतवाली क्षेत्र में ई रिक्शा और बाइक की भिड़ंत में हेमलता पत्नी पुरुषोतम निवासी कलियान पुर मिरहची एवं उनकी हेमलता घायल हो गई।

सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते भारतीय किसान यूनियन स्वराज के पदाधिकारी।

- **भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने जताई चिंता ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा**

अमृत विचार : गंजडुंडवारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने चिंता व्यक्त की है। स्वास्थ्य सचिव को संबोधित मांग पत्र नायब तहसीलदार एवं इंस्पेक्टर को देकर सीएचसी पर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए जाने की मांग की है।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय संरक्षक गिरीश चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में स्वास्थ्य सचिव को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार मनोज कुमार को दिया। इसमें किसान यूनियन ने कहा है कि कस्बे का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर सफेद हाथी साबित हो रहा है। मरीजों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। चिकित्सकों का अभाव है। यह केंद्र सिर्फ रेफर केंद्र बनकर रह गया है। सामान्य रूप से घायल मरीजों को भी जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। जबकि गंजडुंडवारा जिले की सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक नगरी है। उन्होंने कस्बे के स्वास्थ्य केंद्र पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। इस दौरान कौशल किशोर कड़क, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष शिव रतन उपाध्याय, प्रमुख सचिव निर्दोष तिवारी जी,नगर अध्यक्ष विनय मिश्रा,नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जाफी अहमद, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा शकील,दिनेश कुमार वर्मा,नगर अध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ नन्हे कुरेशी,विनोद कुमार मिश्रा नगर उपाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ आदि मौजूद रहे।

मृतक के बेटे ने झोलाछाप के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

संवाददाता, एटा

- **गलत इंजेक्शन लगाने से मरीज की हो गई थी मौत, सीएमओ के आदेश पर क्लीनिक सील**

अमृत विचार: खांसी का इलाज कराने गए बुजुर्ग को झोलाछाप ने गलत इंजेक्शन लगा दिया था, जिससे बुजुर्ग की मौत हो गई थी। बुजुर्ग के बेटे ने झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीएमओ के आदेश पर झोलाछाप का क्लीनिक सील कर दिया गया।

खांसी होने पर शनिवार को परिजन प्रमोद कुमार को झोलाछाप के श्री राधा-कृष्ण क्लीनिक पर ले गए थे। जहां इंजेक्शन लगाने के बाद उनकी हालत बिगड़ी तो मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां डाक्टर ने मरीज को मृत घोषित कर दिया।

सकीट थाने में राजेश कुमार निवासी नौरंगाबाद ने डा. पुनीत राजपूत पुत्र जबर सिंह निवासी रामगढ़ थाना सकीट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेश का कहना है कि वह पिता प्रमोद को खांसी की दवा दिलाने के लिए डा. पुनीत के पास ले गए थे। जहां पुनीत ने गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे प्रमोद की मौत हो गई। एसआई रमेश सिंह ने मामला दर्ज कर लिया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कस्बा सकीट के औंछा रोड स्थित गांधी पार्क के सामने श्रीराधा कृष्ण क्लीनिक को सील कर दिया है। वहीं, एटा शहर के निधौलीकलां रोड स्थित अपंजीकृत पारस हास्पिटल को एक शिकायत के आधार पर नोटिस दिया गया है।

युवती को ले जाने के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

जलेसर, अमृत विचार : कोतवाली में एक व्यक्ति ने वीरभान पुत्र बलवीर सिंह निवासी काजीपुर समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया है कि 13 जून को उसकी 20 वर्षीय बेटी के पास वीरभान अपने साथियों के साथ मिलकर आ गया। आरोप है कि नामजद लोग बहला फुसलाकर बेटी को भगा ले गए।

गृहक्लेश के चलते युवक ने खाया जहर, हालत गंभीर

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला शिवगंज निवासी निक्की (21) पुत्र सूरजपाल सिंह ने गृहक्लेश के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के पश्चात हालत नाजुक देखते हुए निक्की को हॉयर सेंटर रेफर कर दिया है। इससे परिवार को लोग खासे चिंतित हैं। इस मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

दिन में धूप, लू ने किया बेहाल, गर्मी से रात में सोना भी मुहाल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **दोपहर के समय प्रमुख मार्गों से लेकर गली-मोहल्लों में पसरा रहा सन्नाटा**
- **दो डिग्री बढ़कर 33 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा न्यूनतम तापमान**

गर्म हवा से बचाव को सिर पर गमछा बांध कर जाते बाइक सवार।

अमृत विचार: गर्मी की मार से जनजीवन प्रभावित हो चुका है। जिससे फिलहाल जल्दी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। रविवार को सूरज निकलते ही धूप की तपिश तन झुलसाती रही। गर्म हवाओं की मार ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिन भर लोग पसीना-पसीना होते रहे। तेज धूप और लू के कारण लोग घरों में कैद हो गए। दोपहर के समय मुख्य सड़कों सहित गली-मोहल्लों में भी सन्नाटा पसरा रहा। रविवार को अधिकतम तापमान 46 और न्यूनतम तापमान 33 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

रविवार को मौसम अधिक गर्म रहा। हाल यह था कि दिन में आसमान से मानो आग बरस रही हो। गर्म हवा और तेज धूप की वजह से तपती जमीन पर लोगों का चलना मुहाल रहा। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के पास और टैक्सी स्टैंड पर पर यात्रियों की संख्या आम दिनों के मुकाबले कम रही। गर्मी के चलते लोग घरों में ही रहना मुनासिब समझा। जो लोग किसी कार्य से बाहर निकले तो सिर पर गमछा, टोपी और चश्मा लगाकर धूप और गर्मी से बचते नजर आए।

विदित रहे कि दो दिनों से अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पर बना हुआ है। जो घटने का नाम नहीं ले रहा है। सुबह आठ बजे के बाद से ही धूप तेज होने लगती है। कूलर और पंखे गर्म हवा फेंक रहे हैं। दिन से ज्यादा रात में दिक्कत हो रही है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि रविवार को दो डिग्री बढ़कर 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके चलते रात में भी लोग गर्मी के कारण परेशान रहे।

शीतल पेय की मांग बढ़ी

लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के कारण शीतल पेय पदार्थों की बिक्री में तेजी आ गई है। लस्सी, छाछ, गन्ने का रस, बेल का शर्बत के अलावा कोल्ड ड्रिंक्स, शिकंजी आदि की मांग काफी बढ़ गई है। खीरा, ककड़ी, लीची, तरबूज की दुकानों पर भीड़ देखी जा रही है। इन तरल पदार्थों का सेवन कर लोग गर्मी से निजात पाने की कोशिश में लगे रहते हैं।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि हमारे मकान रकवई 150.55 वर्ग मी. स्थित मो. अन्सारी, कस्बा फतेहगंज पश्चिमी, तहसील मीरगंज, बरेली का है। उक्त संपत्ति के पूर्व मूल बैनामे, जिसकी दिनांक 02.11.77 को बही. सं. 01, जिल्द सं. 1890 के पृष्ठ 261-279 क्रमांक 3605 स.र. मीरगंज में कहीं खो गया है। जिस किसी को मिले वह इस पते पर पहुँचाने का कष्ट करे। **कामिनी देवी पत्नी श्री सतीश अग्रवाल, मोहल्ला माली, कस्बा फतेहगंज पश्चिमी, तहसील मीरगंज, जिला बरेली**

सूचना

हमने अपने पुत्र राहुल सिंह उर्फ चंचल सिंह व पुत्रवधु श्रीमती सुनीता को उनके गलत चाल चलन व दुर्व्यवहार के कारण इनसे परेशान होकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **गिरधारी लाल पुत्र पच्चू लाल, निवासी ग्राम खाईखेड़ा, तहसील नवाबगंज, थाना हाफिजगंज, जिला बरेली**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

हरिद्वार स्टेशन पर खुलेगा मंडल का दूसरा जन औषधि केंद्र

मुरादाबाद, अमृत विचार: प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र पायलट प्रोजेक्ट के द्वितीय चरण में मुरादाबाद मंडल के हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोला जाएगा। जिसके बाद ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर ही सहज और रियायती दर पर दवाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण में कुल 50 रेलवे स्टेशनों पर जन औषधि केंद्र खोले गए थे। जिसके तहत मुरादाबाद मंडल के योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर मंडल का पहला जन औषधि केंद्र खोला गया था। अब द्वितीय चरण में देशभर के 61 रेलवे स्टेशनों पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। द्वितीय चरण में मुरादाबाद मंडल के हरिद्वार रेलवे स्टेशन का भी चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि धार्मिक नगरी होने के कारण हरिद्वार में रेल यात्रियों का अत्यधिक आवागमन रहता है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खुलने से सभी यात्रियों को स्टेशन पर आसानी से सस्ती दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके अलावा जल्द ही अन्य स्टेशनों पर भी जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे।

सीओ पुलिस लाइन पर मुफ्तखोरी के आरोप, एसएसपी ने शुरू कराई जांच

स्टोर इंचार्ज से पहले एसी लिया, फिर फ्रिज और टाटा स्काई का डिश कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एक तरफ जीरो टॉलरेंस के नारे गूंज रहे हैं, दूसरी तरफ भ्रष्टाचार की बहार परवान चढ़ रही है। सीओ मीरगंज के बाद अब सीओ पुलिस लाइन भी भ्रष्टाचार के आरोपों में घिर गए हैं। पुलिस लाइन के ही स्टोर इंचार्ज ने उन पर मुफ्तखोरी के आरोप लगाए हैं। उसके मुताबिक करीब 52 हजार कीमत का एसी, फ्रिज और टाटा स्काई लेने के बाद सीओ उनसे 46 हजार का होम थिएटर और मांगने लगे। उन्होंने इन्कार किया तो उन्हें पद से ही हटा दिया। इस मामले में शिकायत के बाद एसएसपी ने सीओ के खिलाफ जांच का आदेश दिया है।

पुलिस लाइन में जीपी स्टोर के इंचार्ज रहे हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार ने अपने सीओ प्रियतोष त्रिपाठी की कलई खोलकर रख दी है। धर्मेंद्र के मुताबिक अप्रैल की शुरुआत में आरआई हरमीत सिंह ने मौखिक रूप से उनसे सीओ के ऑफिस में लगा एसी खराब हो जाने की बात कहते हुए वहां नया एसी लगाने को कहा था।

आरआई के इस आदेश पर वह 6 अप्रैल 2024 सीओ के ऑफिस में नया एसी लगवाने पहुंचे, लेकिन वहां बताया गया कि एसी ऑफिस नहीं, सीओ के आवास पर लगना है। उन्होंने 9 अप्रैल को सीओ के आवास पर एसी लगवा दिया। इसके बाद वह एसी के अनुमति पत्र पर आरआई से हस्ताक्षर कराने के बाद सीओ के पास पहुंचे लेकिन उन्होंने हस्ताक्षर करने के बजाय उसे ऐसे ही एडजस्ट करने को कहा।

अनुमति पत्र पर पेन से क्रॉस भी बना दिया।

धर्मेंद्र का आरोप है कि इससे पहले मार्च 2024 में भी सीओ ने अपने आवास के लिए सैमसंग कंपनी का 192 लीटर का फ्रिज और टाटा स्काई का कनेक्शन उनसे लिया था। एसी, टाटा स्काई और फ्रिज की कीमत 52 हजार 800 रुपये है लेकिन सीओ ने एक पैसे का कोई भुगतान नहीं किया। इसके बावजूद 17 अप्रैल को वह उन्हें अपनी सरकारी गाड़ी में बैठाकर बाजार ले गए। गाड़ी में गनर निरंकार सिंह और तरुण भी मौजूद थे। एक शोरूम पर सीओ ने 46 हजार का सोनी का होम थिएटर पसंद कर गाड़ी में रखवाने को कहा लेकिन उन्होंने इस पर असहमति जता दी। इस पर सीओ उन पर नाराज हो गए। धर्मेंद्र का आरोप है कि सीओ ने उन्हें चेतावनी दी कि जब वह इतना काम नहीं करा सकते तो उनका स्टोर इंचार्ज रहना बेकार है। इसके बाद 20 अप्रैल 2024 को ही उन्हें स्टोर इंचार्ज के पद से हटाकर प्रदीप कसाना की तैनाती कर दी। धर्मेंद्र की शिकायत पर एसएसपी ने एसपी देहात मानुष पारीक को जांच का आदेश दिया है।

एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले उजागर होने से विभाग की फजीहत

पुलिस लाइन के जीपी स्टोर के इंचार्ज रहे धर्मेंद्र कुमार की ओर से इस मामले में शिकायत के बाद एसएसपी ने एसपी सिटी राहुल भाटी से उसकी प्रारंभिक जांच कराई थी। एसपी सिटी ने पिछले महीने धर्मेंद्र कुमार के बयान दर्ज किए थे। उनकी जांच रिपोर्ट पर एसएसपी ने अब एसपी देहात मानुष पारीक को विस्तृत जांच का आदेश दिया है। उधर, प्रारंभिक जांच के दौरान धर्मेंद्र कुमार ने जो बयान दिया था, वह अब वायरल हो गया है। महकमे में एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले उजागर होने और इनमें अफसरों के भी घिरने से पुलिस महकमे की जमकर फजीहत हो रही है।

- होम थिएटर नहीं दिया तो पद से हटा दिया

> एसपी दक्षिणी मानुष पारीक को प्रकरण की जांच सौंपी है। आरोपों की सत्यता के बारे में जांच रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। अगर सीओ दोषी पाए जाएंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। भ्रष्टाचार किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। – घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

18 को 10 केंद्रों पर होगी यूजीसी नेट परीक्षा

बरेली, अमृत विचार: विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) नेट की परीक्षा 18 जून को 10 केंद्रों पर होगी। एनटीए के जिला समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि जिले में 7630 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है। दो पालियों में परीक्षा होगी।

पहली पाली में सुबह 9:30 से 12: 30 बजे तक 3162 और द्वितीय पाली में दोपहर 3 से 6 बजे तक 4468 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। दिल्ली पब्लिक स्कूल में रविवार को सभी केंद्र व्यवस्थापकों और आब्जर्वर की बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। बताया कि करीब पांच साल बाद ऑफलाइन मोड (पेन-पेपर) में होने जा रही है। केंद्रों पर छात्रों का प्रवेश परीक्षा शुरू होने से दो घंटा पहले से शुरू हो जाएगा। बताया कि अभ्यर्थियों को अपने साथ सिर्फ प्रवेश पत्र, पहचान पत्र और काली बॉल प्वाइंट पेन साथ लानी होगी। जिन केंद्रों पर परीक्षा होगी उसमें अलमामातेर बोर्डिंग स्कूल, केवी इफ्को आंवला, पीएम श्री केवी, जेआरसी प्रथम, दिल्ली पब्लिक स्कूल, रोहिला इंटरनेशनल स्कूल, मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल, मिशन एकेडमी, पुलिस माडर्न स्कूल, पद्मावती सीनियर सेकेंड्री स्कूल और राधा माधव शामिल हैं।

दो भाइयों समेत छह गंगा में डूबे, दो की मौत, एक लापता

कार्यालय संवाददाता, संभल

- ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर जिले के दो गंगा घाटों पर हुए हादसे

अमृत विचार : ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर जिले में दो घंटों पर स्नान करते समय दो सगे भाइयों समेत छह लोग डूब गए। असदपुर घाट पर गंगा से दो युवकों के शव निकले गए तो तीन युवकों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया जबकि जिजौंडा डांडा गंगा घाट पर गंगा में डूबे एक युवक का पता नहीं चल सका है।

थाना धनारी क्षेत्र के गांव अकराबाद निवासी लोकेश (18 वर्ष) पुत्र राजेश, बबलू (16 वर्ष) पुत्र बिल्लू उर्फ अशोक कुमार, सत्येंद्र (24 वर्ष) पुत्र योगेन्द्र और राहुल (18 वर्ष) पुत्र जुगल किशोर रविवार को गांव के ही अमरीश के ट्रैक्टर से गंगा स्नान के लिए असदपुर गंगाघाट पहुंचे। चारों युवक स्नान करने लगे। इस बीच चारों युवक गहरे पानी में पहुंच गए और डूबने लगे। शोर मचाने पर घाट पर मौजूद गोताखोरों ने राहुल और सत्येंद्र को गंगा से बाहर निकाल लिया लेकिन लोकेश और बबलू लापता हो गए। इस बीच गोताखोरों ने पुनः प्रयास कर लोकेश और बबलू को बाहर निकाला लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई में मृत घोषित कर दिया गया।

थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गंगा स्नान करते समय चार युवक गंगा में डूबे थे। इनमें से दो को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जबकि कुछ देर बाद गोताखोरों द्वारा निकाले गए दो युवकों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं रजपुरा के गांव जिंजौड़ा डांडा निवासी पंकज उर्फ छोटू (18 वर्ष) पुत्र भगवती प्रसाद रविवार को बड़े भाई सुमित के साथ गांव के पास कच्चे घाट पर गंगा नहाने गया था। स्नान करते वक्त पंकज गंगा में डूब गया। सुमित ने पंकज को बचाने का प्रयास किया तो वह भी डूबने लगा। यह देखकर गोताखोरों ने डूब रहे सुमित को बाहर निकाल लिया लेकिन पंकज जल की तेज धार में बह गया।

कैफे में पार्टनरशिप के बहाने दोस्तों ने 19 लाख रुपये ठग लिए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईजी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने तीन आरोपियों पर दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : प्रेमनगर क्षेत्र में एक छात्र से तीन दोस्तों ने कैफे में पार्टनरशिप के बहाने 19 लाख रुपये की ठगी कर ली। छात्र ने जब हिसाब मांगा तो तीनों ने घर में घुसकर मारपीट की। आईजी डॉ. राकेश सिंह के आदेश पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है

मीरगंज के गांव ढकिया निवासी अतुल कुमार ने बताया कि वह एमसीए की पढ़ाई के लिए राजेंद्रनगर में किराये पर कमरा लेकर रहते थे। उसी मकान में बहेड़ी के गांव नदेली का रहने वाला विशेष भी रहता था। जिसके कारण उनकी दोस्ती हो गई। विशेष के पास नेकपुर निवासी शिरीष और सुर्खा के अनमोल भी आते थे। इन दोनों से भी दोस्ती हो गई। सभी ने मिलकर डीडीपुरम में इंजीनियर्स कैफे खोला। इसमें नेकपुर का अर्पित भी पार्टनर था। कुछ समय बाद अर्पित ने पार्टनरशिप छोड़ दी। अनमोल और शिरीष के कहने पर वह उसमें पार्टनर बन गए और अपने पिता से लेकर 19 लाख रुपये दे दिए। वह कैफे पर भी जाने लगे। जब उन्होंने अनमोल और शिरीष से कैफे की आय के बारे में पूछा तो उन्हें आने से रोक दिया और उनकी रकम भी वापस नहीं की। आरोप है कि 12 फरवरी की रात अनमोल, शिरीष और अन्य व्यक्ति ने उनके घर में घुसकर गालीगलौज और मारपीट की। आसपास के लोगों ने उन्हें बचाया। इस मामले में उन्होंने आईजी से शिकायत की। आईजी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

49 फीसदी ने छोड़ी संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा

बरेली, अमृत विचार : शहर के 41 केंद्रों पर रविवार को यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) की प्रारंभिक परीक्षा में 49 फीसदी अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में प्रश्नपत्र आसान आने से अभ्यर्थियों ने राहत की सांस ली। अभ्यर्थियों के मुताबिक प्रश्नपत्र में भूगोल और अर्थशास्त्र के सवाल अधिक पूछे गए। ऐसे में कट ऑफ हाई जा सकती है। परीक्षा में 18045 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इसमें सुबह 9.30 से 11.30 की पाली में 8719 उपस्थित और 9326 अनुपस्थित और दूसरी पाली में 2.30 से 4.30 तक 8635 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 9410 ने परीक्षा छोड़ दी।

मेड़ के विवाद में महिला की गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

- एसपी ने घटनास्थल पर पहुंचकर किया मुआयना, पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव भोजराजपुर में खेत की मेड़ के झगड़े में दिनदहाड़े महिला की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। द्विपक्षीय रंजिश के चलते हत्या की घटना से गांव में तनाव है। आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े हैं। एसपी ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। वहीं परिजनों ने हत्या के लिए हल्का दरोगा को जिम्मेदार ठहराते हुए जाम लगाने के लिए शव को ले जाने की कोशिश की। गांव भोजराजपुर निवासी छोटेलाल और हरेंद्र में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आये दिन दोनों पक्षों में झगड़ा होता रहता है। रविवार को सुबह करीब 10 बजे छोटे लाल पुत्र चंद्रकेश शौच करके लौट रहा था। रास्ते में भाई जयपाल की पत्नी माया (24 वर्ष) मिल गई तो वह उससे बात करने लगा। आरोप है कि तभी दूसरे पक्ष के हरेन्द्र, छोटे, नरसी, सतीश और कुमरपाल आ गए। छोटेलाल से गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। आरोपी लाठी डंडों से लैस थे जबकि हरेंद्र पर तमंचा था। इस बीच हरेंद्र ने छोटेलाल के ऊपर तमंचा तान दिया तो माया बचाने के लिए आगे आ गई। इस पर हरेंद्र ने माया को गोली मार दी। दिनदहाड़े गोलीबारी की वारदात से गांव में शोर मच गया तो मौका पाकर आरोपी भाग गए। परिजन घायल माया को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छोटेलाल की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दी जा रही है। वहीं एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। एसपी ने अधीनस्थों को निर्देश दिए। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने भी मौके पर जांच पड़ताल की।

> पुलिस को सूचना मिली कि महिला को गोली लगी है तथा अस्पताल में उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने तहरीर दी है। जिसमें हरेंद्र पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। प्रथम दृष्टया दोनों पक्षों के बीच पूर्व की रंजिश प्रकाश में आई। सभी तथ्यों की जानकारी करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। घटना के संबंध में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तारी की जाएगी। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। – कुलदीप सिंह गुनावत, एसपी

एसी कोच में चढ़े जनरल यात्रियों को पकड़-पकड़कर उतारा

ट्रेनों में भीड़ का बुरा हाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- रविवार को यूपीएससी परीक्षा और गंगा दशहरा के चलते ट्रेनों के अंदर उमड़ी भीड़
- भीड़ को काबू करने के लिए पूरा दिन दौड़ता रहा आरपीएफ और टिकट चेकिंग स्टाफ

अमृत विचार : समर सीजन की भीड़ ने पहले ही रेल संचालन की कमर तोड़कर रख दी है। उस पर रविवार रेलवे के ऊपर काफी भारी रहा। दरअसल यूपीएससी परीक्षा और गंगा दशहरा के कारण ट्रेनों में काफी भीड़ रही। आलम यह था कि एसी कोचों में जनरल टिकट के यात्री ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। ऐसे लोगों को पकड़-पकड़कर नीचे उतारना पड़ा। कोच के अंदर परेशान यात्री शौचालय तक में बैठकर सफर करने को मजबूर हो गए। इधर भीड़ को काबू करने के लिए पूरा दिन आरपीएफ और टिकट चेकिंग स्टाफ इधर से उधर दौड़ता रहा।

कंट्रोल रूम से मैसेज मिला था कि 15910 अवध-असम एक्सप्रेस के एसी कोच में जनरल टिकट पर सफर कर रहे यात्रियों की भीड़ जमा हो गई है। इसके बाद ट्रेन बरेली जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर आई तो आरपीएफ व टिकट चेकिंग स्टाफ मौके पर पहुंच गया। ट्रेन के एम-1 और बी-8 कोच के अंदर जाकर देखा तो बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इनके टिकट चैक किए गए तो पता चला कि वे सामान्य टिकट पर यात्रा कर रहे थे। इस पर एक दर्जन से अधिक सामान्य टिकट के यात्रियों को नीचे उतार दिया गया। बाद में उतारे गए यात्री किसी तरह जनरल कोच में सवार हुए। हालत यह थी कि कोच में पैर रखने के लिए भी जगह नहीं थी। इसके बाद आई 12588 गोरखपुर अमरनाथ सुपरफास्ट एक्सप्रेस में भी ऐसी ही हालत देखने को मिली। शाम को यूपीएससी की परीक्षा छूटने के बाद श्रमजीवी एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के अंदर परीक्षार्थियों का हुजूम उमड़ पड़ा।

ट्रेन में बिगड़ी डेढ़ माह के बच्चे की तबियत

स्लीपर कोचों में यात्रियों की भीड़ और उस पर गर्मी लोगों की सेहत पर भी बुरा असर डाल रही है। रविवार को दोपहर में ट्रेन संख्या 12588 के एस-2 कोच में सफर कर रहे कठुआ से बस्ती जा रहे रवि के डेढ़ माह के बच्चे की तबियत बिगड़ गई। अचानक उसको उल्टियां होने लगीं। कंट्रोल रूम से मैसेज मिलने के बाद ट्रेन के बरेली जंक्शन पहुंचने पर रेलवे की मेडिकल टीम ने इलाज किया, जिसके बाद ट्रेन रवाना की गई।

आधी रात को निरीक्षण के लिए पहुंचे डीआरएम, जांचीं व्यवस्थायें

बरेली ,अमृत विचार : मुरादाबाद रेल मंडल प्रबंधक राजकुमार सिंह शनिवार को देर रात बरेली जंक्शन का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए। उन्होंने करीब ढाई घंटा जंक्शन पर गुजारा। इस बीच उन्होंने लोको लॉबी और वॉशिंग लाइन में व्यवस्थायें जांचीं। उनके इस औचक निरीक्षण से अधिकारियों में हड़कंप मच गया।देर रात करीब 12 बजे अपने विशेष निरीक्षण यान से डीआरएम बरेली जंक्शन पहुंच गए। सबसे पहले उन्होंने लोको लॉबी पर पहुंच ड्यूटी रजिस्टर चैक किया। संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि रेलवे की तरफ से बनाए गए वीडियो को लॉबी में लगे टीवी पर चलाया जाए ताकि लोको पायलट व सहायक लोको पायलट नियमों के प्रति सजग रहें और ट्रेन संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की हीलाहवाली से बच सके। यहां से वह प्लेटफॉर्म नंबर एक का निरीक्षण करते हुए वॉशिंग लाइन में पहुंचे। कर्मचारियों को सावधानीपूर्वक काम करने निर्देश दिए, साथ ही ट्रेनों की नियमानुसार सफाई करने को कहा। ढाई बजे वह मुरादाबाद के लिए रवाना हो गए। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह भी साथ रहे।

पूर्व सीएमएस वापस करें सरकारी एसी तभी बनेगा कोल्ड रूम

बरेली, अमृत विचार : 300 बेड अस्पताल की ओपीडी में अभी कोल्ड रूम बनना मुश्किल है, क्योंकि अभी तक पूर्व सीएमएस ने एसी वापस नहीं किए हैं। जब तक एसी वापस नहीं होंगे तब तक कोल्ड रूम नहीं बनेगा। ऐसे में यदि कोई हीट स्ट्रोक का मरीज आया तो उसे इलाज मिलना मुश्किल होगा। पूर्व सीएमएस डॉ. भानु प्रकाश ने अस्पताल परिसर में बने अपने आवास में तीन सरकारी एसी लगा लिए हैं। प्रभारी सीएमएस डॉ. सतीश चंद्रा ने सीएमओ को पत्र भेजकर एसी वापस कराने की मांग की है। पत्र में उन्होंने लिखा कि पूर्व सीएमएस आवास में अकेले निवास करते हैं, तीन सरकारी एसी लगवाना नियम विरुद्ध है। एसी उपलब्ध न होने से कोल्ड रूम नहीं बना है। किसी मरीज में हीट स्ट्रोक की पुष्टि होती है तो मरीज की हालत गंभीर हो सकती है।

आंगन में मिला किसान का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

- गले में मिले चोट के निशान,नहीं थी कोई संतान

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव में 65 वर्षीय किसान का शव उसके ही घर के आंगन में चारपाई पर मिला। उसके गले पर चोट के निशान मिले हैं। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

गांव सिरसा गुर्जर में किसान कन्हैया उर्फ कालिया का परिवार रहता है। परिवार में उनके भाई सल्लू भी अपने परिवार के साथ अलग रहते हैं। कालिया पर कोई संतान नहीं थी। पत्नी की काफी वर्षों पहले मौत हो चुकी है। वह अकेले अलग घर रहकर पशुपालन और खेती करते थे। रविवार सुबह उनका शव घर के आंगन में चारपाई पर पड़ा मिला। मृतक के भाई सल्लू के मुताबिक, शनिवार रात्रि वह खाना खाकर सो गए थे। सुबह देखा तो वह मृत अवस्था में चारपाई पर पड़े थे। उनके गले पर चोट के निशान मिले हैं। इससे मृतक के भाई को आशंका है कि उनकी हत्या की गई है। सल्लू ने भाई की मौत की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक पर कोई संतान नहीं थी। वह अकेले रहते थे। उनके नाम पर 20 बीघा जमीन है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

हर छात्र के खाते में पहुंचे राशि कवायद में जुटा शिक्षा विभाग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कई छात्रों का आधार खाते से लिंक न होने पर आ सकती है समस्या
- बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को दिए ब्योरा तैयार कराने के निर्देश

अमृत विचार : स्कूल खुलने से पूर्व बच्चों को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, बैग, जूता-मोजा उपलब्ध कराने की तैयारी तेजी से की जा रही है। वहीं दूसरी ओर अब तक करीब 35 हजार बच्चों का आधार कार्ड ही नहीं बना है। इसके चलते अभिभावकों के खाते में धनराशि नहीं पहुंच सकेगी। सभी बच्चे लाभान्वित हो सकें, इसको लेकर विभाग पूरी तैयारी में जुटा है। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए हैं।

जिले के 13 बीआरसी पर बच्चों के आधार कार्ड जल्द तैयार कराने के लिए विभागीय कर्मियों को लगाया गया है। शनिवार को बीएसए ने बच्चों का आधार सहित ब्योरा तैयार कराने के निर्देश दिए हैं। बच्चों के खातों में ड्रेस, जूता- मोजा, स्टेशनरी आदि खरीदने के लिए धनराशि इस सप्ताह पहुंचने की उम्मीद है। अब तक सभी के खाते आधार से लिंक नहीं होने के चलते बिना आधार वाले खातों में धनराशि नहीं भेजी जाएगी। एमआईएस प्रभारी रणधीर पटेल ने बताया कि छात्र या उनके अभिभावकों के खाते में धनराशि भेजने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। छात्रों का आधार बनवाने के लिए बीआरसी पर मशीनें लगवाई गई हैं। बता दें बच्चों के लिए ड्रेस, जूता- मोजा, स्टेशनरी आदि खरीदने के लिए एकमुश्त धनराशि दी जाती है। जिससे अभिभावक इन सब सामान की खरीदारी कर सके और बच्चे युनिफॉर्म में स्कूल पहुंचे।

महिला की सड़क सड़क हादसे में मौत, बेटा घायल

स्वार (रामपुर), अमृत विचार : अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें गदरपुर निवासी महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराकर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को उत्तराखंड के थाना गदरपुर के अब्दुल्ला नगर निवासी 50 वर्षीया ओमवती अपने बेटे विक्की के साथ स्वार कोतवाली की नगर पंचायत नरपतनगर में रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने आई थी। रविवार की रात शादी समारोह से दावत खाकर मां-बेटा अपने घर जा रहे थे। नरपतनगर के निकट स्पीड ब्रेकर पर पीछे से तेजगति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को रौंद दिया। इस हादसे में ओमवती की मौके पर ही मौत हो गई जबकि विक्की गंभीर रूप से घायल हो गया।

गोवंश को जिंदा दफनाना निंदनीय

संवाददाता, अमरोहा

- पशुधन मंत्री ने गोशाला के निरीक्षण के बाद अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक
- बोले- गोवंश मौत मामले की जांच जारी, आरोपियों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई

अमृत विचार : कान्हा गोशाला में हुई सात गायों की मौत के मामले में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गोवंश को जिंदा दफनाना बेहद निंदनीय है। शासन और जिलाधिकारी ने कार्रवाई की है, लेकिन अभी जांच जारी रहेगी। किसके कहने पर गोवंश को जिंदा दफनाया जा रहा था, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्हें गोशाला में काफी कमियां मिली हैं। उन्होंने इन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने रविवार को हसनपुर की कान्हा गोशाला का निरीक्षण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। उन्होंने गोशालाओं में गोवंश संरक्षण के लिए व्यवस्थाओं की जानकारी ली। गोशाला में हरा चारा, खली-चोकर, भूसा की उपलब्धता, पशुओं को लू से बचाने की व्यवस्था को लेकर उन्होंने अधिकारियों से सवाल किए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी पशुओं की ईयर टैगिंग कराई जाए। इस दौरान पशुपालक का पूरा पता हो। कहा कि ऐसे पशुपालक जो दूध देने के बाद पशु को छोड़ देते हैं, उन पर पशुक्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। पता लिखे होने से ऐसे पशुपालकों पर कार्रवाई में दिक्कत नहीं होगी। आसानी से उनकी जानकारी मिल सकेगी।

पशुओं की नस्ल सुधार के लिए कार्य किया जाए। कृत्रिम गर्भाधान के प्रति पशपालकों को प्रेरित करें। ऐसे दुधारू पशुओं को पालने के लिए कृषकों को प्रेरित करें जो अधिक दूध देने वाली नस्लें हैं। बरसात से पहले सभी पशुओं का टीकाकरण प्राथमिकता के साथ मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी करा दें। उन्होंने कहा कि सभी गोशालाओं में हरे चारा की पर्याप्त व्यवस्था हो। कोई भी गोवंश भूख से न मरें। व्यवस्था बनाए रखने को जिम्मेदार लगातार निरीक्षण करते रहे। जिससे डर बना रहे। भूसा, खली चोकर की उपलब्धता हो। अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक गोशाला का निरीक्षण के लिए रोस्टर बनाए। गाय के गोबर का भी सदुपयोग हो सके, इसके लिए दीपक सहित अन्य उपयोगी वस्तुएं तैयार करने के लिए प्रबंध हो। पशुपालन में रुचि दिखाकर बेहतर तरीके से प्रबंधन पर जोर दिया जाए।

अभियान चलाकर 30 जून तक जो छुट्टा पशु घूम रहे हैं, उनको गोशाला में संरक्षित किया जाए।

4.60 लाख किसानों का बनेगा पहचान पत्र

बरेली, अमृत विचार : जिले के 4.60 लाख पंजीकृत किसानों का पहचान पत्र बनेगा। इससे उन्हें किसानों से जुड़ी सुविधाओं का आसानी से लाभ मिल सकेगा। शासन ने कृषि विभाग को सभी किसानों का सत्यापन कर आईडी बनाने के आदेश दिए हैं। एडीएम प्रशासन या एडीएम वित्त एवं राजस्व को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत सभी किसानों का पहचान पत्र बनाने का आदेश दिया है। इसके बाद अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त अनिल कुमार यादव ने सभी जिलाधिकारियों को किसानों का सत्यापन कर उनका पहचान पत्र बनाने के लिए पत्र लिखा है। इस कार्य को जिला कृषि अधिकारी को करना है। नोडल अधिकारी की निगरानी में शिविर लगाकर प्रशिक्षण दिया जाए। 30 नवंबर तक पहचान पत्र बनाने की समय सीमा निर्धारित की गई है।

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति-बरेली

नवीन मण्डी स्थल पीलीभीत रोड-243122

पत्रांक-कृ.उ.म.स./2024-390 दिनांक 15/6/24

वाहन स्टैण्ड नीलामी सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नवीन फल-सब्जी मण्डी परिसर, बरेली में स्थित "01 नग" वाहन स्टैण्ड की नीलामी दिनांक 24.06.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे कार्यालय मण्डी समिति बरेली मे की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता रु. 50,000.00 (पचास हजार रुपये) की एफ.डी.आर. जमानत के रूप मे जमा करनी होगी जो मण्डी समिति बरेली के पक्ष मे बन्धक होगी, जिसे जमा कर बोली मे भाग ले सकते है। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय से रु. 250.00 जमा कर नीलामी प्रार्थना पत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर समिति कार्यालय में दिनांक 23.06.2024 को अपरान्ह 05:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। नीलामी की शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती हैं।

सचिव — कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बरेली

सभापति — कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बरेली

रिवर राफ्टिंग

इन दिनों उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। लोग हीट वेव से बचने के लिए पहाड़ी राज्यों का रुख कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के मनाली में भी इन दिनों सैलानियों की भरमार है। रविवार को पर्यटक रिवर राफ्टिंग का आनंद उठाते हुए। ● एजेंसी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक प्रतिशत आरक्षण देने का सुनाया फैसला

प. बंगाल में ट्रांसजेंडर को सरकारी नौकरी में आरक्षण के निर्देश

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य में सभी सरकारी नौकरियों में ट्रांसजेंडर के लिए एक प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार ने ट्रांसजेंडर के लिए रोजगार में समान व्यवहार की नीति अपनाई है।

हालांकि, अभी तक उनके लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं किया गया है। न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा ने पश्चिम बंगाल सरकार के मुख्य सचिव को आरक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय का यह आदेश एक ट्रांसजेंडर की याचिका पर आया, जिसने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2014 और टीईटी 2022 में भी सफलता प्राप्त की, लेकिन उसे काउंसिलिंग या साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया। शुक्रवार को पारित आदेश में न्यायमूर्ति मंथा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने 2014 के एक मामले में कहा था कि लैंगिक मामले में पुरुष और महिला के अलावा ट्रांसजेंडर को संविधान के भाग तीन के तहत उनके अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से तृतीय लिंग के रूप में माना जाना चाहिए। न्यायमूर्ति मंथा ने यह भी कहा कि शीर्ष न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकारों को उन्हें सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े नागरिकों के रूप में मानने के लिए कदम उठाने और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के मामलों में और सरकारी नियुक्तियों के लिए सभी प्रकार के आरक्षण का विस्तार करने का निर्देश दिया था। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव ने उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि राज्य के महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण विभाग ने 30 नवंबर, 2022 को एक अधिसूचना जारी की थी कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति बिना किसी भेदभाव के रोजगार के समान अवसर के हकदार हैं।

अभी तक आरक्षण की नहीं थी व्यवस्था

अदालत ने कहा कि अधिसूचना से यह स्पष्ट है कि राज्य ने स्वयं ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए रोजगार में समान व्यवहार की नीति अपनाई है। न्यायमूर्ति मंथा ने कहा कि हालांकि, उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार राज्य में अभी तक ट्रांसजेंडर के लिए आरक्षण नहीं किया गया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव को विशेष मामले के रूप में याचिकाकर्ता के साक्षात्कार और काउंसलिंग की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया।

एक नजर

रेल मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक की

नई दिल्ली। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को बोर्ड के सदस्यों, जोन और मंडल अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पुनर्विकास की प्रगति और डिजाइनों को अंतिम रूप देने, पुनर्विकास के लिए नियोजित स्टेशनों के भविष्य के विचारों की समीक्षा की। बैठक में मध्य प्रदेश में जबलपुर, बीना, खंडवा, अजमेर, राजस्थान में पाली मारवाड़, आंध्र प्रदेश में राजमुंदरी, चेंगन्नूर, केरल में त्रिशूर, पश्चिम बंगाल में बंदेल, गुजरात में जूनागढ़ आदि कुछ स्टेशन ऐसे हैं जिनके भविष्य के डिजाइनों की समीक्षा की गई है। उन्होंने सामान्य एवं स्लीपर डिब्बों की उत्पादन क्षमता कैसे बढ़ाई जाए और लोकप्रिय मार्गों पर सामान्य और स्लीपर डिब्बे ट्रेनों को कैसे बढ़ाए जाए इसकी योजना की भी समीक्षा की। भारतीय रेलवे गर्मी के मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिए 20,000 से अधिक रेल गाड़ी चला रही है और 20,000 अतिरिक्त डिब्बे लगा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने असम के मुख्यमंत्री से की चर्चा

गुवाहाटी। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने रविवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से मुलाकात की और राज्य की खनिज क्षमता का दोहन करने पर चर्चा की। रेड्डी ने कहा राज्य में विभिन्न खनिजों का दोहन करने तथा सतत पद्धतियों के साथ विकास की दिशा में उनके अधिकतम उपयोग के रोडमैप पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि दोनों मंत्रियों ने असम में खनिज निकालने पर प्रारंभिक चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया है।

लिव इन पार्टनर के साथ मारपीट पर मामला दर्ज

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 27 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ अपनी लिव-इन पार्टनर की पिटाई करने और उसके साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के आरोप में एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 25 वर्षीय महिला की शिकायत के आधार पर अंबरनाथ पुलिस ने शुक्रवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 377, 324, 506 और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एक मामला दर्ज किया। महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके 'लिव-इन पार्टनर' ने 13 जून की रात को उसे बेल्ट से पीटा और घूंसे मारे। अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति ने कथित तौर पर उसके साथ अप्राकृतिक यौन संबंध भी बनाए और उसे धमकाया। उन्होंने बताया कि मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और आगे की जांच की जा रही है।

संसद भवन परिसर में मूर्तियों की जगह बदलने पर उठे सवाल

उपराष्ट्रपति ने प्रेरणा स्थल का किया उद्घाटन, कांग्रेस बोली- मनमानी की गई

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद भवन परिसर में प्रमुख नेताओं की प्रतिमाओं को उनके मूल स्थान से हटाकर दूसरी जगह स्थापित करने पर विवाद खड़ा हो गया है। रविवार को सुबह उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन परिसर में नवनिर्मित प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया तो शाम को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे ने इस पर सवाल खड़े कर दिए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने संसद भवन परिसर में प्रमुख नेताओं की प्रतिमाओं को उनके मूल स्थान से हटाकर दूसरी जगह स्थापित करने को संसदीय नियमों और परंपराओं का उल्लंघन करार देते हुए कहा है कि इस मामले में सरकार ने किसी से विचार विमर्श किए बिना मनमानी की है। खडगे ने कहा संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर समेत कई महान नेताओं की मूर्तियों को प्रमुख स्थानों से हटाकर बिना किसी परामर्श के मनमाने ढंग से कोने में स्थापित कर दिया गया है और यह हमारे लोकतंत्र की मूल भावना का उल्लंघन है। पूरे संसद भवन में लगभग 50 ऐसी मूर्तियां हैं। संसद भवन परिसर में प्रत्येक मूर्ति का स्थान विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा पुराने संसद भवन के ठीक सामने स्थित ध्यान मुद्रा में महात्मा गांधी की प्रतिमा भारत की लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अत्यधिक महत्व रखती है। सदस्यों ने अपने भीतर महात्मा की भावना को आत्मसात करते हुए उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। यह वह स्थान है जहां सदस्य अक्सर अपनी उपस्थिति से शक्ति प्राप्त करते हुए शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन करते थे। डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा भी एक सुविधाजनक स्थान पर रखी गई थी। बाबा साहब की यह मूर्ति सांसदों की पीढ़ियों को संविधान में निहित मूल्यों और सिद्धांतों को दृढ़ता से बनाए रखने का संदेश देती है। संयोग से 60 के दशक के मध्य में अपने छात्र जीवन के दौरान मैं संसद भवन परिसर में बाबासाहेब की प्रतिमा स्थापित करने की मांग में सबसे आगे था। गहन विचार विमर्श के बाद और सबके प्रयास से बाबासाहेब की प्रतिमा सही और सबकी सुविधा वाली जगह पर स्थापित की गई थी।

संसद भवन परिसर में नवनिर्मित प्रेरणा स्थल का उद्घाटन के दौरान उपराष्ट्रपति व अन्य।

सभी महान नेताओं को एक साथ देखना सुखद : धनखड़

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने रविवार को संसद भवन परिसर में नवनिर्मित प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। इस दौरान धनखड़ ने कहा कि यह स्थल बहुत प्रेरणादायक है। सभी महान नेताओं को एक साथ देखना सुखद अनुभूति है। ओम बिरला ने कहा कि प्रेरणा स्थल भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरणा देगा। प्रेरणा स्थल को इस तरीके से विकसित किया गया है कि संसद भवन परिसर में आगन्तुक सरलता से महान नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं एक स्थान पर ही देख सकें। आगन्तुकों को इनके बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया है। सभी नेताओं ने महान नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

लापता अमेरिकी नागरिक का शव लाहौल स्पीति में मिला

मनाली/शिमला। अमेरिका के एक नागरिक के लापता होने के तीन दिन बाद रविवार को उसका शव हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले में एक खड्ड से बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ट्रेवर बोकस्टाहलर (31) बृहस्पतिवार को स्पीति घाटी की यात्रा के दौरान लापता हो गए, जिसके बाद एक खोज दल का गठन किया गया। उसने बताया कि एक दिन बाद शुक्रवार को सेना की डोगरा रेजिमेंट की सहायता से एक ड्रोन ने जिले में एक गहरे खड्ड में फंसे एक पैराशूट का पता लगाया। पुलिस ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह एक दुर्घटना प्रतीत होती है। जिले के पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने कहा कि घटना की जानकारी अमेरिकी दूतावास के साथ साझा की गई है और हम उनके साथ लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शव को उन्हें सौंप दिया जाएगा।

इसबीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के उन जवानों की सराहना की, जिन्होंने हिमाचल के ऊपरी इलाकों में अमेरिकी पैराग्लाइडर का शव बरामद किया था। गृह मंत्री ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा हमारे बहादुर हिमवीरों पर गर्व है।

कुवैत अग्निकांड : परिजनों को केरल सरकार देगी घर

कुवैत में हुई आग की घटना में मारे गए व्यक्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करते परिजन व रिश्तेदार।

त्रिशूर, एजेंसी

केरल सरकार हाल ही में कुवैत की एक इमारत में लगी भीषण आग में जान गंवाने वाले बिनॉय थॉमस के परिवार को अपनी ''लाइफ मिशन आवास योजना'' के तहत एक घर उपलब्ध कराएगी। राज्य सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। थॉमस त्रिशूर जिले के चावक्कड़ के रहने वाले थे। वह एक बेहतर मकान बनाने के अपने परिवार के सपने को पूरा करने के लिए कुछ दिन पहले ही कुवैत गये थे।

थॉमस का परिवार यहां 1306.68 वर्ग फुट भूखंड पर एक कच्चा मकान में रहता है। राजस्व मंत्री के. राजन और सामाजिक न्याय मंत्री आर बिंदू ने रविवार को उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। दोनों मंत्रियों ने आश्वासन दिया कि सरकार थॉमस के परिवार की देखभाल करेगी और विभिन्न संगठनों द्वारा घोषित सहायता को बिना किसी बाधा के उन तक पहुंचाने में मदद करेगी। राजन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि परिवार ने पहले ही लाइफ मिशन योजना के तहत एक घर के लिए आवेदन कर दिया था और इसे जल्द से जल्द आवंटित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए चावक्कड़ नगर पालिका की एक विशेष बैठक बुलाई जाएगी। मंत्री बिंदु ने कहा कि थॉमस के बेटे को नौकरी दिलाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक 12 जून को कुवैत की अल-मंगफ इमारत में आग लगने से 49 लोगों की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि मृतकों में 45 भारतीय थे।

मुर्मू ने देशवासियों को ईद-उल-जुहा की दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को ईद-उल-जुहा के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुर्मू ने अपने शुभकामना संदेश में रविवार को कहा ईद-उल-जुहा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों और विदेश में बसे हुए भारतीयों विशेष रूप से हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। त्याग और बलिदान का प्रतीक ईद-उल-जुहा का पवित्र त्योहार हमें निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। आइए इस अवसर पर हम सब राष्ट्र के विकास और कल्याण के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लें।

गोवा में एक करोड़ के पार पहुंची पर्यटकों की संख्या

पणजी, एजेंसी

गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खाउंटे ने कहा कि हाल ही में समाप्त हुए पर्यटन सत्र में प्रदेश में एक करोड़ से अधिक पर्यटक आए हैं और इसके साथ ही उन्होंने पर्यटकों की संख्या में कमी आने की किसी भी धारणा को खारिज कर दिया।

खाउंटे ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि हुई है, जो कोविड-19 से पहले के आंकड़ों से 150 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि गोवा को देश के अन्य राज्यों के साथ-साथ प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। गोवा में आधिकारिक पर्यटन सीजन मानसून के आगमन के साथ जून में समाप्त हो जाता है और सितंबर में फिर से शुरू होता है। मंत्री ने कहा कि मानसून के मौसम में भी राज्य में पर्यटकों का आना जारी रहा है। मानसून में गोवा के होटलों में 80 प्रतिशत बुकिंग हो जाती है। लोग मानसून के दौरान गोवा आते हैं।

असम सचिवालय बना पहला पर्यावरण अनुकूल मुख्यालय

गुवाहाटी। असम सचिवालय रविवार को अपने परिसर में 2.5 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना के उद्घाटन के साथ भारत में किसी राज्य सरकार का पहला हरित मुख्यालय (पर्यावरण अनुकूल) बन गया। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि 12.5 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित ग्रिड से जुड़े और छत पर लगे इस सौर ऊर्जा संयंत्र की वजह से हर महीने 30 लाख रुपये के बिजली बिल की बचत होगी। हिमंत विश्व शर्मा ने कार्यक्रम के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा आज हमने नेट-जीरो सरकार बनने के अपने लक्ष्य में एक बड़ी छलांग लगाई है, क्योंकि मैंने जनता भवन में 2.5 मेगावाट सौर परियोजना का उद्घाटन किया, जिससे असम सचिवालय भारत का पहला हरित सचिवालय बन गया।

कर्नाटक में पेट्रोल डीजल महंगा किये जाने पर प्रदर्शन करते भाजपाई। ● एजेंसी

ईंधन की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ भाजपा जिला मुख्यालयों में करेगी प्रदर्शन

हासन (कर्नाटक)। कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई 17 जून को पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन करेगी। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने रविवार को यह जानकारी दी। कर्नाटक सरकार ने शनिवार को ईंधन पर बिक्री कर बढ़ा दिया है, जिससे पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ गई। बिक्री कर बढ़ने से पेट्रोल की कीमत में तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम में 3.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। विजयेंद्र ने पार्टी के हासन जिला मुख्यालय में कहा हम मुख्यमंत्री से बिक्री कर बढ़ाने के फैसले को तत्काल वापस लेने का आग्रह करते हैं। हमने पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए हैं और जब तक यह बढ़ोतरी वापस नहीं ली जाती, हम चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन होगा। विजयेंद्र ने आरोप लगाया कि हताश मुख्यमंत्री ने पेट्रोल और डीजल की कीमतें इसलिए बढ़ा दीं, क्योंकि वह पांच गारंटी के चलते कोई नया कार्यक्रम शुरू करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा लोकसभा चुनावों के बाद कांग्रेस सरकार ने ईंधन के दाम बढ़ा दिए।

प्रवासी भारतीय पर हमले में जीरो एफआईआर होगी दर्ज

चंडीगढ़, एजेंसी

● पंजाब मूल के व्यक्ति ने कहा था हिमाचल प्रदेश में हुआ हमला

पंजाब सरकार में मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने रविवार को कहा कि राज्य पुलिस एक प्रवासी भारतीय पर हमले के संबंध में जीरो एफआईआर दर्ज करेगी। पंजाब मूल के प्रवासी भारतीय ने आरोप लगाया है कि उसे हिमाचल प्रदेश के डलहौजी में पार्किंग को लेकर लोगों के एक समूह ने पीटा। जीरो एफआईआर किसी भी पुलिस थाने में दर्ज की जा सकती है चाहे घटना का स्थान कोई भी हो और बाद में इसे संबद्ध पुलिस थाने में स्थानांतरित किया जा सकता है। धालीवाल का बयान अमृतसर के एक अस्पताल में इलाज करा रहे प्रवासी भारतीय कवलजीत सिंह के दावे के बाद आया है। उन्होंने दावा किया था कि पंजाबी होने के कारण उन्हें निशाना बनाया गया। हालांकि, हिमाचल प्रदेश पुलिस ने कहा है कि यह घटना किसी अंतर्राज्यीय या अंतर-सामुदायिक विवाद से जुड़ी नहीं है। धालीवाल ने रविवार को उस अस्पताल का दौरा किया, जहां सिंह का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा मैंने पीड़ित परिवार से पुलिस को अपना बयान देने के लिए कहा है। मंत्री ने कहा कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से भी बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कहा कि वह राज्य से बाहर हैं। धालीवाल ने कहा कि वह एक या दो दिन में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री और डीजीपी से मिलेंगे और उन्हें प्राथमिकी के कागजात सौंपेंगे।

चेतावनी मशहूर पर्यावरणविद ने कहा- ताप सूचकांक और आधुनिक शहरों के डिजाइन के तरीके में पूर्ण बदलाव की आवश्यकता

इस तरह की अभूतपूर्व गर्मी के लिए कोई भी तैयार नहीं है : सुनीता नारायण

नई दिल्ली, एजेंसी

जानीमानी पर्यावरणविद सुनीता नारायण ने कहा है कि भारत गर्मी के इस मौसम में अभूतपूर्व तपिश से जूझ रहा है और कोई भी इस स्तर की गर्मी के लिए तैयार नहीं है। नारायण ने एक ताप सूचकांक और आधुनिक शहरों के डिजाइन के तरीके में पूर्ण बदलाव की आवश्यकता पर भी बल दिया। विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र (सीएसई) की महानिदेशक नारायण ने कहा कि भारत के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी प्राकृतिक रूप से घटित होने वाली अल नीनो घटना और जलवायु परिवर्तन का परिणाम है।

मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में समुद्री सतह असामान्य रूप से गर्म होने को अल नीनो कहते हैं। उन्होंने कहा वर्ष 2023 वैश्विक स्तर पर सबसे गर्म वर्ष था। हमने पिछले 45 दिनों में 40 डिग्री से ऊपर के तापमान के साथ हर रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यह जलवायु परिवर्तन है। इस साल (2023-24) अल नीनो के कम होने से यह और भी जटिल हो गया है। इसका मतलब है कि हमें वास्तव में अपने कृत्यों को व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि जोखिम वाले समुदाय कम प्रभावित हों। नारायण ने एक ताप सूचकांक विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जो मापता है कि सापेक्ष आर्द्रता को हवा के तापमान के साथ मिलाने पर मानव शरीर को कैसा तापमान महसूस होता है। उन्होंने कहा हमें अपने फोन पर मौजूद वायु गुणवत्ता सूचकांक के समान ताप सूचकांक की आवश्यकता है। एक्यूआई आपको वायु प्रदूषण के स्तर और आपके स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बारे में बताता है। यह जुड़ाव यह जानने के लिए आवश्यक है कि क्या कार्रवाई की जानी चाहिए। याद रखें, गर्मी केवल तापमान के बारे में नहीं है, यह आर्द्रता के बारे में भी है।

आईएमडी ने पिछले साल अप्रैल में देश के विभिन्न हिस्सों के लिए एक प्रायोगिक ताप सूचकांक जारी करना शुरू किया था। आईएमडी अधिकारियों ने कहा कि भारत जल्द ही अपनी प्रणाली लेकर आएगा, जिसे हीट हैजर्ड स्कोर नाम दिया गया है, जो तापमान और आर्द्रता के साथ-साथ हवा और अवधि जैसे अन्य मापदंडों को भी एकीकृत करेगा। नारायण ने कहा कि भीषण गर्मी आधुनिक कांच की इमारतों को भट्टियों में बदल रही है, जिससे रहने वालों को गर्मी लग रही है और इस गर्मी से निपटने के लिए नए वास्तुशिल्प विज्ञान की आवश्यकता पर जोर दिया।

पहाड़ी क्षेत्रों में अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज

मई में गर्मी की वजह से असम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश की पहाड़ियों सहित देश भर में कई जगहों पर अब तक का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। राजस्थान में पारा 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया और दिल्ली और हरियाणा में भी यह 50 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। प्रमुख जलवायु वैज्ञानिकों के एक समूह वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन के अनुसार, ऐसी गर्मी, जो कभी हर 30 साल में आती थी, जलवायु परिवर्तन के कारण लगभग 45 गुना अधिक होने लगी है।

शहरों का पुनर्निर्माण सबसे बड़ी चुनौती

सुनीता ने कहा आज आपकी सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शहरों का पुनर्निर्माण कैसे किया जाए। गुरुग्राम को देखें - (इमारतों के अग्रभाग) कांच से बने हैं। कांच की इमारतें गर्म जलवायु के लिए सबसे खराब चीज हो सकती हैं। अप्रैल और मई में भारत ने कई तीव्र और लंबे समय तक चलने वाली गर्मी का अनुभव किया, जिसने मानव सहनशक्ति और देश की आपदा तैयारियों की सीमाओं का परीक्षण किया, क्योंकि उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा सहित कई राज्यों में भीषण गर्मी से संबंधित मौतों की सूचना आई। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, देश के 36 उपमंडलों में से 14 में एक मार्च से 9 जून तक 15 से अधिक भीषण गर्मी वाले दिन (जब अधिकतम तापमान कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस और सामान्य से 4.5 डिग्री अधिक होता है) दर्ज किए। तेजी से शहरीकरण ने शहरी क्षेत्रों में गर्मी को बढ़ा दिया है, जिसका खामियाजा बाहरी श्रमिकों और कम आय वाले परिवारों को भुगतना पड़ रहा है। कम आय वाले परिवारों के पास पानी और बिजली की खराब पहुंच के कारण अत्यधिक गर्मी के अनुकूल होने की सीमित क्षमता है। अनौपचारिक घरों के डिजाइन और निर्माण का मतलब अक्सर खराब वायु-संचार और अत्यधिक गर्मी से बचने के लिए बहुत कम आश्रय होता है।

सोऽस्य दोषो न मन्तव्य : क्षमा हि परमं बलम्।
क्षमा गुणों ह्यशक्तानां शक्तानां भूषणं क्षमा॥

क्षमा तो वीरों का आभूषण होता है। क्षमाशीलता कमजोर व्यक्ति को भी बलवान बना देती है और वीरों का तो यह भूषण ही है।

संपादकीय

कूटनीतिक सफलता

हाल ही में इटली में संपन्न हुआ जी-7 सम्मेलन में भारत बतौर अतिथि शामिल हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इटली का प्रवास ऐसे समय पर हुआ जब भारत में एक सप्ताह पहले तक चुनावी प्रक्रिया का अंतिम चरण चल रहा था और सरकार बनाने की प्रक्रिया चल रही थी। देश में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री ने इस समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 के सदस्य देशों (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी, कनाडा व जापान) के राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात कर भारत के हित के संबंध में चर्चा कर समर्थन की मांग की। इसे भारत का कूटनीतिक कदम भी कहा जा सकता है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि इस मौके पर भारत ने कनाडा और चीन के तनावपूर्ण संबंधों पर अपनी बात रखी और पूर्व में उनके द्वारा की गई भारत विरोधी गतिविधियों पर जी-7 सदस्यों का ध्यानाकर्षण भी किया। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले कनाडा ने भारत पर कनाडा की धरती पर एक खलिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था,जबकि अमेरिका ने दूसरे खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। भारत ने आम तौर पर दोनों आरोपों को सिरे से खारिज किया। हालांकि अमेरिका के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई है, लेकिन शिखर सम्मेलन में मोदी का निमंत्रण जी-7 और उसके प्रतिद्वंद्वियों, विशेष रूप से चीन के बीच उभरती आर्थिक दौड़ में भारत की भूमिका का संकेत है।

सम्मेलन में भारत ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति के लिए चीन को चेताने का काम किया तो साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे यानि आईएमईसी पर भी जिन नेताओं से मिले उन सभी से विचार विमर्श किया। भारत ने इस गलियारे में ज्यादा से ज्यादा देशों को शामिल करने का प्रयास किया। सच तो यह है कि भारत और अमेरिका ने चीन के न्यू सिल्क रोड यानी बेल्ट एंड रोड के जवाब में ही आईएमईसी बनाने का प्रारूप तैयार किया है। गौरतलब है कि गत वर्ष भारत में सितंबर में जी-20 सम्मेलन आयोजित हुआ था। इस अवसर पर भारत ने अमेरिका, सऊदी अरब एवं यूरोपीय देशों के नेताओं से मिलकर पर एशिया-पर्सियन गल्फ और यूरोप के देशों को जोड़ने के एक अति महत्वाकांक्षी आर्थिक गलियारे की योजना की घोषणा कर दी। बहरहाल जी-7 में भारत ने अपने हितों को अन्य देशों के साथ अवसर तलाशने का प्रयास तो किया ही, साथ ही तीसरी बार सरकार बनाने वाले नेता ने भारतीय लोकतंत्र की गरिमा का एहसास भी कराया। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जी-7 की बैठक में शामिल होने को उनकी कूटनीतिक सफलता माना जा सकता है।

वनाग्नि से खतरे में 'हरा सोना'

प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं, जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं।



अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमशः बढ़ती चली गई,लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है,जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है।

दो दिन पहले कुमाऊं के बिनसर अभयारण्य के जंगल में लगी आग को बुझाने जा रहे आठ वन कर्मियों में से चार की आग में झुलस कर दुःखद मृत्यु और चार वन कर्मियों के गंभीर रूप से ज़ख्मी हो जाने के बाद उत्तराखंड सरकार और वन महकमे की यकायक नींद खुल गई है। उत्तराखंड सरकार ने वन विभाग के एक वन संरक्षक और एक डीएफओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक को प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) के कार्यालय में संबद्ध करने के आदेश दे दिए हैं।

बिनसर अभयारण्य के जंगल की आग पर काबू पाने के लिए वायु सेना की मदद ली जा रही है। 14 जून को वायु सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने भीमताल की झील से पानी लेकर बिनसर के जंगल में छिड़काव किया। आग पर काबू पाने का काम अब भी अनवरत जारी है। इधर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के कई जंगल अभी भी दावानल की चपेट में हैं। इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं। आग बुझाने में दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं। उत्तराखंड के वन अतीत में भी धधकते रहे हैं। यहां के जंगलों में हर साल आग लगने की घटनाएं होती हैं। किसी वर्ष वनाग्नि की घटनाएं कम होती हैं। किसी साल अधिक। जंगलों का जलना मानो नियति-सी बन गई है। पहाड़ के जंगलों में आग लगना एक स्थायी समस्या मान लिया गया है।

इस वर्ष लंबे वक्त से बारिश नहीं होने से मौसम बेहद शुष्क है। तेज हवाएं चल रही हैं। इससे आग की मारक क्षमता बढ़ गई है। नतीजतन जंगल बारूद के ढेर की तरह आग में धधक रहे हैं। आमतौर पर हर तीसरे और चौथे साल बाद वनाग्नि का प्रकोप अधिक होता है, लेकिन इस साल दावानल ने जबरदस्त तांडव किया है। पहाड़ के जंगलों में हर साल लगने वाली आग की तपिश वन विभाग की कुंभकर्णीय निंद्रा को नहीं तोड़ पाई। जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं को वन विभाग ने कभी भी गंभीरता से नहीं लिया। जंगलों में हर साल आग लगती है। आग की तपिश खत्म हो जाने के बाद वन महकमा आग लगने के कारणों की सतही जांच के बाद नुकसान का मामूली आकलन कर दावानल के मामलों को दाखिल दफ्तर कर देता है। बदकिस्मती यह है कि जंगलों में आग लगने का मुद्दा पहाड़ में राजनीतिक चिंता का विषय नहीं बन पाया।

दरअसल उत्तराखंड के जंगलों के साथ अंग्रेजी हुकूमत के दिनों से ही अच्छा सलूक नहीं हुआ। तब उत्तराखंड की वन संपदा को 'हरा सोना' मानकर यहां के जंगलों का जमकर शोषण हुआ। आजादी के बाद भी यहां के वन और वन संपदा का व्यावसायिक दोहन थमा नहीं। वनों की सुरक्षा और विकास के पुख्ता इंतजाम करने के बजाय अव्यावहारिक वन कानूनों के जरिए जनता और जंगलों की दूरी पहले के मुकाबले कई गुना अधिक बढ़ा डाली गई। अलग उत्तराखंड राज्य बनने के बाद सियासी नजरिए से यहां के वनों का खूब प्रचार हुआ। यहां के कुछ नेतागण वनों के एवज में 'ग्रीन बोनस' की भी मांग करते रहे हैं। पहाड़ की सियासत में 'जल, जंगल, जमीन' सर्वदलीय और सार्वभौमिक नारा है। यहां की सियासत इन्हीं मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। पर इनकी असल हकीकत से सभी नावाकिफ हैं। इनकी असलियत जानने-समझने की इच्छा शक्ति भी दिखलाई नहीं देती है। अलग राज्य के वजूद में आने के बाद जल, जंगल और जमीन को संरक्षित रखने की दिशा में ईमानदार पहल नहीं हुई। परिणामस्वरूप ये मुद्दे सियासी नारे से आगे नहीं बढ़ पाए।

अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमशः बढ़ती चली गई,लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है,जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है। वन विभाग में फील्ड स्टॉफ की कमी के चलते वन संपदा की खूब चोरी होती है। उत्तराखंड का वन महकमा वनीकरण के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए खर्चता है। दावानल के बाद कथित वृक्षारोपण के सबूत भी जल कर नष्ट हो जाते हैं। वनीकरण के कथित दावों की पुष्टि नहीं की जा सकती है।

बेशक अंग्रेजी राज में पहाड़ के जंगलों का व्यावसायिक रूप से खूब दोहन हुआ,लेकिन तब जंगलों की सुरक्षा का भी समुचित ध्यान रखा जाता था। ब्रिटिश शासनकाल में गांव के मुखिया को 'पधान' कहा जाता था। पधान की राजस्व, फौजदारी सहित अनेक जिम्मेदारियां तय थीं। आजादी के बाद 'पधान' का पदनाम बदल गया। 'पधान' अब ग्राम प्रधान हो गए हैं। ब्रिटिश शासनकाल में पधानों की अपनी ग्राम सभाओं के प्रति कुछ निश्चित जिम्मेदारियां थीं। कानूनी रूप से उनके कुछ दायित्व तय थे जिनका उन्हें हर हाल में निर्वहन करना होता था। आज कल के ग्राम प्रधान अंग्रेजी राज में उन्हें सौंपे गए दायित्वों से मुक्त होकर विशुद्ध ठेकेदार की भूमिका में आ गए हैं।

अंग्रेजी हुकूमत के दौरान 24 अगस्त,1910 को जारी शासनादेश संख्या-1765/1-148 द्वारा पधानों और मालगुजारों की जिम्मेदारियां तय की गईं थीं। इस शासनादेश के बिंदु संख्या-21 में कहा गया था- "यदि कोई व्यक्ति बंद जिला जंगलों या शाही जंगलों में आग लगाए या कायदों के खिलाफ पेड़ों को काटे, पेड़ों की टहनियां छिले अथवा बिना कानूनी इजाजत जंगलात की पैदावार को बेचे या बेचने को ले जाए तो पधान इसकी रिपोर्ट पटवारी या जंगलात के मुलाजिम को देगा।''इसी शासनादेश के बिंदु संख्या-22 में कहा गया था कि- ''उसके (पधान) गांव के नजदीक के किसी संरक्षित बंद सिविल जंगल या शाही जंगल में अगर आग लग जाए तो वह (पधान) फौरन गांव वालों को इकट्ठा कर आग बुझाने जाएगा। जब किसी जंगलात के मुलाजिम द्वारा उसे आग बुझाने को बुलाया जाता है तो वह (पधान) आग बुझाने में में वन कर्मियों की मदद करेगा।"

आज जबकि वन विभाग ही अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह बना हुआ है तो ऐसी सूरत में ग्राम प्रधानों से कोई उम्मीद करना बेमानी है। कुछ दिन बाद बरसात आ जाएगी। वर्षा होते ही वनाग्नि शांत हो जाएगी। अगले साल की गर्मियों तक जंगल की आग का मुद्दा भी हमेशा की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा। बरसात में जंगलात विभाग फिर वनीकरण करेगा। अगली गर्मियों में पुनः वनीकरण वनाग्नि की भेंट चढ़ जाएगा। यह कहानी वर्षों से दोहराई जाती रही है। आगे भी जारी रहेगी।

प्रसंगवश

नीतीश और नायडू

240 सांसदों की अल्पमत वाली भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का गठन कर लिया है। यह सरकार दो विशिष्ट बैसाखियों पर टिकी है, जो हैं 12 सांसदों वाली नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) और 16 सांसदों वाली चन्द्रबाबू नायडू की तेलगू देशम पार्टियां। कुछ और लघु सहायक भी हैं। ऐसा लगता था कि इस समर्थन के बदले ये दोनों कोई बड़ी सौदेबाजी करेंगे, किंतु अब तक जो तस्वीर सामने आई है, उसके अनुसार तो इनके हाथ झुनझुना ही लगा है। दोनों को मामूली विभाग वाला एक-एक कैबिनेट और एक-एक राज्यमंत्री ही हाथ लग पाया है। आगे की तस्वीर अभी धुंधली है। दोनों के नेता बेजोड़ पलटीमार फिर ऐसा दब्बूपन क्यों? नीतीश की तो मजबूरियां स्पष्ट हैं। उनका बिहार का मुख्यमंत्री पद ही भाजपा के भरोसे है। अब राजद की ओर पलट कर जाने का विकल्प बंद सा है, क्योंकि पिछले दिनों नीतीश भाजपा की शरण में आए ही इसलिए थे कि तेजस्वी खुद मुख्यमंत्री बनने की जोड़ तोड़ कर रहे थे। आगे 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव भी हैं और स्थिति कमोवेश ऐसी ही रहनी है। नीतीश का अपना पूर्ण बहुमत न कभी रहा है और न आएगा, किंतु मुख्यमंत्री वे बनना चाहेंगे। ऐसे में मोदी की कृपा ही उनका बेड़ा पार लगाएगी, जिसे वे सार्वजनिक रूप से पैर छूकर अर्जित कर रहे हैं। केंद्र में जो पद मिल गए, वे 'भागे भूत की लंगोटी' के समान और काफी हैं। अतः वे झुके बने रह सकते हैं। हालांकि चन्द्रबाबू नायडू के साथ ऐसी मजबूरी नहीं है। उनकी आंध्र में अपने बलबूते की सरकार है। तब वे इतनी कम उपलब्धि पर मान जाएं, यह बहुत कठिन है। राजग में थे तो वे पहले भी,किंतु घात लगते ही उसे छोड़ दिया था। अभी स्पीकर चुनाव पर उहापोह है। समझा जाता है कि नायडू इस कुंजी-पद पर अपनी पार्टी का आदमी बिठाना चाहते हैं। अब यदि इस मुद्दे पर बात न बनी, तो दरार जरूर पड़ेगी। एक बीच का रास्ता भी ढूंढा जा रहा है। वह यह कि भाजपा सांसद डी.पुरंदेश्वरी को इस आसन पर बिठा दिया जाए। वे चन्द्रबाबू की साली हैं। उनके नाम पर तो वे सहमति जता ही देंगे। बहरहाल आगे का घटनाचक्र देखने लायक होगा।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

प्रबंधन को अपनाकर वर्षा जल का करें संरक्षण

हमारा देश कृषि आधारित है। आज भी 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आधारित है और कृषि आधारित जल पर जिसमें 70 प्रतिशत सिंचाई भूजल के भरोसे है। इसके लिए हमें सबसे पहले वर्षा जल को संरक्षित करने भूगर्भ जल बढ़ाने हेतु रिचार्ज बढ़ाने जल स्रोतों का पुनरुद्धार करना होगा,क्योंकि यह सत्य है कि बिन पानी सब सून।

उत्तर प्रदेश में आगरा, बुलंदशहर, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, संभल, अमरोहा, जौनपुर, प्रतापगढ़, कानपुर नगर एवं कानपुर देहात आदि जनपदों में भूजल संकट निरंतर बढ़ता जा रहा है। जल एवं वायु से ही जलवायु का अस्तित्व है। जलवायु परिवर्तन में जल की समस्या को बढ़ाया है। वनों की कमी पृथ्वी की जल संग्रह संरक्षण क्षमता पर प्रतिकूल असर डालता है,परंतु यदि हम खेती की ऐसी तकनीकी अपनाए,जो जलवायु के लिए मददगार हो वह जल की मात्रात्मक एवं गुणात्मक दोनों का सुधार होगा। अभी देश में ज्यादातर सिंचाई डूब प्रणाली के तहत की जाती है। विशेषता नहरी क्षेत्रों में खेतों को लबालब भर दिया जाता है।

पौधों को पानी देने हेतु ड्रिप एवं स्प्रिंकलर प्रणाली को अपनाकर हम "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" को सिद्ध कर सकते हैं। कम पानी चाहने वाली फसलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। ऐसी फसल प्रणाली अपनाना होगा कि खेत की नमी का पूरा उपयोग हो और फसलों की सिंचाई की क्रांतिक अवस्थाएं जानकर सिंचाई करनी होगी। हमें जल उपयोग प्रबंधन के साथ जल संरक्षण के ऐसे प्रबंधन अपनाने होंगे जिससे गांव के पानी को गांव क्षेत्र में तथा खेत का पानी खेत में रोका जा सके। गांव व खेत के तालाबों को इस लायक बनाना होगा कि उसमें एकत्र होने वाला पानी संरक्षित बना रहे। जुलाई-अगस्त-सितंबर में वर्षा जल के संरक्षण प्रबंधन की जन जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा समय-समय पर कृषक भाइयों तक तकनीकी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

डा. खलील खान
कृषि विज्ञान केंद्र, कानपुर

हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अतः हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता को अपनाना होगा।

भूजल से सिंचाई करने के बजाय वर्षा के पानी का उपयोग क्षमता व प्रबंधन बढ़ाना होगा। शुष्क तथा अर्ध शुष्क क्षेत्रों में आज भी आजीविका मुख्य साधन वहां की जल जमीन एवं जंगल तथा जानवर पर निर्भर है प्रकृति का स्वरूप विकृत हुआ है,क्योंकि आबादी बढ़ने के साथ आवश्यकताएं भी बढ़ी हैं। इन सब संसाधनों एवं उपायों को कारगर बनाने हेतु हमें 3 माह जुलाई, अगस्त और सितंबर में जल संरक्षण एवं रिचार्ज के प्रबंधन को अपनाना होगा,जो वर्षा हो उसकी हर बूंद को अपने खेत क्षेत्र (जलागम क्षेत्र) में संरक्षित करने का प्रबंधन अपनाना होगा। हमारा विश्वविद्यालय जल एवं भूमि संरक्षण के कारगर उपाय हेतु दृढ़ संकल्पित है। हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अतः हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता अपनाना होगा। जल संरक्षण हेतु तकनीकी प्रबंधन में रबी फसलों की कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई करना,कटी मेड़ों को बांधना, हरी खाद की बुवाई आदि कार्य के साथ जल संरक्षण हेतु "मोटी मेड़ छोटे खेत" का प्रबंधन अपनाना होगा।

विश्व में खेती में इस्तेमाल होने वाली जमीन 52 प्रतिशत से अधिक जल अपवाह के प्रबंधन सही न होने पर छरित होती है। वर्तमान में पर्यावरण से जुड़ी सभी समस्याओं में से भारत के लिए सबसे चिंताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। खेती में जल प्रबंधन में क्षेत्र आधारित जल की उपलब्धता विशेष जलवायु को विशेष फसल पद्धति सूक्ष्म सिंचाई, टपक सिंचाई व बौछारई को अपनाना होगा जिसमें हर बूंद पानी का प्रयोग होता है। देश में जल की कमी से अधिक जल के प्रबंधन की आवश्यकता है जिसको हमारे कृषि विज्ञान केंद्र व विश्वविद्यालय गांव-गांव, खेत-खेत तक तकनीकी पहुंचाने में कार्य कर रहे है। माह जुलाई-अगस्त-सितंबर के 90 दिन का प्रबंधन भू जल स्तर को ऊपर उठा सकता है। तालाब,पोखर भरे रहेंगे,खेतों में नमी संरक्षित रहेगी,परंतु तीन माह जल संरक्षण पर सतर्क रहना है। यदि हम वर्षा जल को संरक्षित कर ले तो पूरे देश-प्रदेश में जलस्तर बढ़ने के साथ-साथ जल उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी।

सोशल फोरम

भाषा की सामाजिक संरचना

आजकल दिमाग अजीबोगरीब बातों से उलझा करता है। अब यही देखिए, जो बात करने चला था उसके पहले इस 'अजीबोगरीब' पर उलझ गया। 'अजीब' और 'गरीब' दोनों फरसी मूल से हैं। इनका ठीक-ठीक पर्याय मूल हिंदी या त्तासम का कोई शब्द नहीं मिला। 'विचित्र' को पर्याय नहीं कह सकते। बहरहाल या दूसरी बात है। 'अजीबोगरीब' को लेकर मन में सवाल उठा कि 'अजीब' होने का 'गरीब' होने से क्या संबंध है?

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

क्या अजीब होने के लिए गरीब होना अनिवार्य है? या गरीब को अजीब मान लेने का रिवाज है? यह 'गरीब' बेचारा वाले अर्थ में प्रयुक्र गरीब नहीं है, जो अंग्रेजी के 'पूअर फेलो' के बदले आता है, लेकिन इसमें 'अजीब' को हिंदी के 'विचित्र के समानार्थक के रूप में देखा जा सकता है फिर भी इसमें 'गरीब' वाली ध्वनि छूट जाती है। इस पर ध्यान इसलिए गया कि अक्सर हम लोग मुस्लिम समाज को भेदभावरहित समझ लेते हैं। हालांकि जहां भी मनुष्य समाज में संगठित है और कम या ज्यादा विकास कर रहा है, वह स्तरों की संरचना से बाख नहीं सकता। बादशाह और उसका बावर्ची, दरबारी और उनके दर्जी-धोबी, सैनिक और साईस एक नहीं हैं, न समान हैं। रानियां भी एक सामान नहीं होतीं। बेशक,उनमें भारत या जापान की तरह छुआछूत का भेद नहीं है, लेकिन स्वामी और सेवक का भेद है।

इसलिए 'अजीब' और गरीब' को जोड़कर बनाया गया शब्द अभिजन का दृष्टिकोण व्यक्त करता है। भाषा की संरचना सामाजिक संरचना को ही व्यक्त करती है। मन में बात उठी कि 'समतल' का विलोम क्या होगा? किसी ने कहा 'खुरदुरा',लेकिन वह तो 'चिकना का विलोम ज्यादा सटीक लगता। बहुत सोचने के बाद लगा, अगर सम-विषम का विलोम हटा है तो समतल का विलोम विषमतल क्यों नहीं हो सकता?

यह सिर्फ कौतुक नहीं है। अपनी भाषा के विभिन्न पहलुओं पर सोचने-विचारने की साझा कोशिश है। इसलिए आपसे बात की मान लीजिए कि बोलचाल की सरल भाषा में कहें तो जमीं बराबर हाउ या नहीं है। क्या इस बराबर नहीं को 'गैरबराबर' कहा जा सकता है?

-फेसबुक वॉल से

पतंगबाजी, यमुना और गंगा दशहरा

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था,पतंग काटने या कटने,पतंग लूटने का जो मजा था,वह आनंद मोबाइल कल्चर,वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वत: स्फूर्त अनुभव का अंत।

कल गंगा दशहरा था और गूगल वाला पितृ दिवस भी। विलक्षण संयोग था पतंगबाजी का महोत्सव था। मैं मथुरा में हूं। पिता से वायदा किया था कि उनकी अनुपस्थिति में जितना संभव हो, मैं अपने मथुरा घर पर रहूं। उनके देवी-देवताओं की सेवा-अर्चना करूं। उनके साथ किए वायदे को मैं यथाशक्ति निभाता हूं।

इस दिन का मथुरा का पुराना अनुभव और यथार्थ कहां और कैसे गायब हो गया यह अपने आप में चिंता की बात है। इस दिन शहर की सारी छतें पतंग उड़ाते युवाओं से सारे दिन भरी रहती थीं। छतों की रौनक देखने लायक होती थी। पतंगबाजी के सामान की दुकानें कई सप्ताह पहले से भरी रहती थीं। दशहरे के आगमन के पहले से पतंगें आकाश को घेरे रहती थीं। पतंग बेचने वालों के लिए यह अवसर बहुत बड़ा दिन होता था। पिछले कई दिनों से मैं बाजार जा रहा हूं, पर पतंग बेचने वाले दुकानदारों की दुकानों पर रौनक नहीं दिखी।

आकाश पतंगों से रहित था। छतों से पुरानी रौनक गायब है। पतंग उड़ाते और पतंग का सामान खरीदते बच्चे गायब थे। यह सब क्यों और कैसे हुआ, इस पर सोचने का किसी के पास समय नहीं है। हम सब इतने व्यस्त और प्रगतिशील हो गए हैं कि अपने लोक जीवन के आनंद के क्षय को न तो समझते हैं और न समझाने की कोशिश करते हैं। पतंग अब इतनी कम क्यों उड़ती है? पहले क्यों अधिक उड़ती थी? इस सवाल का उत्तर खोजने जाएंगे तो पाएंगे कि हमारे जीवन से, खासकर युवाओं के जीवन से मनोरंजन और आनंद के पुराने रूप एक सिरे से गायब हो गए हैं। इसके कारण युवाओं में सांस्कृतिक अभाव पैदा हुआ है। पतंग की संस्कृति सांस्कृतिक सद्भाव की संस्कृति थी। पतंग मुसलमान कारीगर बनाते थे वे ही माजा बनाते थे। उन कारीगरों की सालभर की जिंदगी के संचालन में इस कारोबार की बड़ी भूमिका थी।

पता नहीं किस अदृश्य हाथ ने पतंगबाजी को बर्बाद कर दिया। पतंगबाजी ने युवा वर्ग में सामुदायिकता और स्थानीयता का संगम पैदा किया था। हिन्दू-मुस्लिम सद्भाव पैदा किया था। गंगा-जमुनी संस्कृति की पहचान थी पतंगबाजी। पतंगबाजी के क्षय का अर्थ है गंगा-जमुनी संस्कृति और युवाओं की धर्मनिरपेक्ष सामुदायिक चेतना का क्षय। इस क्षय को संभव बनाने में कई चीजों की भूमिका है। नव्य आर्थिक संस्कृति ने जिस तरह की युवा संस्कृति पैदा की है,उसने युवा संस्कृति के पुराने रूपों को एक सिरे से ध्वस्त किया है। इसने युवाओं को पुराने सांस्कृतिक रूपों, पुरानी युवा सामुदायिकता से एकदम विच्छिन्न किया है। अब युवा वास्तविक जीवन में पतंगबाजी करके आनंद नहीं लेता, बल्कि अब उसका मन तकनीक और इंटरनेट केन्द्रित संस्कृति और उपभोक्ता संस्कृति के रूपों में अधिक रमता है। ये सभी रूप युवाओं को संस्कृतिहीन बनाते हैं। संस्कृतिहीन युवा सामाजिक शिरकत और धर्मनिरपेक्ष चेतना से वंचित है और अपनी संस्कृति से प्रेम करना नहीं जानता। इस युवा का समाज से संबंध टूट चुका है।

पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था, पतंग काटने या कटने,पतंग लूटने का जो मजा था,वह आनंद मोबाइल कल्चर,वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वतः स्फूर्त अनुभव का अंत। उस स्टिंक्ट फीलिंग का अंत जो सदियों के श्रम से समाज ने विकसित की थी।

यही दशा यमुना की है। मेरा घर यमुना किनारे है। गंगा दशहरा के दिन जबरदस्त भीड़ होती थी। लाखों लोग यमुना में डुबकी लगाने के लिए मथुरा आते थे। शहर के रहने वाले यमुना में नहाने आते थे, लेकिन अब शहर के लोग नहाने नहीं आते। यमुना गंदे पानी से भरी पड़ी है। गंदगी, यमुना और धर्म का इस तरह का संगम सिर्फ भारत में ही संभव है। यमुना की पवित्रता के प्रति इस तरह की अवहेलना का भाव इस बात का संकेत है कि धर्म, धार्मिक प्रतीकों और नदियों की स्वच्छता पवित्रता के क्षय को लेकर समाज, राजनीति, उद्योग जगत, सत्ता तंत्र में कोई सचेतनता नहीं है। यह धर्म के क्षय का आदर्श रूप है, जो हमारे सामने है।

सवाल यह है कि नदियों में गंदगी देखकर जनता में क्रोध पैदा क्यों नहीं होता, जबकि जनता धार्मिक है! पवित्र नदियों का प्रदूषित रूप इस बात का प्रतीक है कि धर्म प्रदूषित हो रहा है। धर्मचेतना का क्षय हो रहा है। क्या यह हमारी लोकतांत्रिक चेतना के क्षय की सूचना तो नहीं है?

बुजुर्गों में बढ़ती सामाजिक असुरक्षा

इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक केस की सुनवाई के दौरान टिप्पणी आई है कि "हमारे देश में बच्चों से बुजुर्ग पेरेंट्स की देखभाल की अपेक्षा की जाती है, लेकिन नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आई है कि जिन बच्चों के लिए पेरेंट्स इतना त्याग करते हैं वही बच्चे बुढ़ापे में उन्हें खाने और मोहब्बत के लिए तरसा रहे हैं। कई मामलों में बच्चे पेरेंट्स से संपत्ति ले लेने के बाद उन्हें छोड़ देते हैं। यह बहुत ही दुखद है कि और नैतिक मूल्यों में गिरावट का प्रतीक है"। भारत में बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा का अनुसंधान कर रहे एनजीओ हेल्पेज की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार बुजुर्गों में सामाजिक और आर्थिक असुरक्षा तेजी से बढ़ रही है। देश में मात्र 29 प्रतिशत बुजुर्गों को ही सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे बुढ़ापा पेंशन, भविष्य निधि योजना का लाभ मिल रहा है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

नेशनल हेल्थ सर्वे की ताजा रिपोर्ट बताती है कि पिछले 5 वर्षों में जहां 15 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे उत्पत्ति में 2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। वहीं 60 से अधिक आयु के बुजुर्गों की संख्या 10 प्रतिशत से बढ़कर 12 प्रतिशत हो गई है। आंकड़ों के अनुसार इनमें से 70 प्रतिशत, कोई काम नहीं कर रहे हैं और यह अपने परिवारों पर या मिलने वाली पेंशन पर ही आश्रित हैं। हमारी नवगठित सरकार की जिम्मेदारी है कि कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को ध्यान में रखकर कल्याण की योजनाओं में वृद्धि करें, क्योंकि सामाजिक सुरक्षा एक पारंपरिक अवधारणा है। इसमें गरीबी, बुढ़ापे, बीमारी आदि के खिलाफ जोखिम और असुरक्षा के दौरान सुरक्षा देने के उद्देश्य शामिल हैं। पुरानी पेंशन बहाली, पेंशन में इजाफा, भविष्य निधि योजना में ब्याज में बढ़ोतरी, हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम दरों में कमी, रेलवे में कोविड से पहले मिलने वाली किराए की छूट, कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत होगी ताकि बुजुर्ग अपने को असुरक्षित महसूस न करें।

17.75 लाख लोग ले चुके योग की ऑनलाइन शपथ

कानपुर, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून से पहले योग की ऑनलाइन शपथ का विश्व रिकार्ड बनाने में जुटे राजभवन ने अभियान के पांचवें दिन ही लक्ष्य पार कर लिया। ऑनलाइन शपथ का विश्व रिकार्ड बनाने के संबंध में 12 जून से प्रक्रिया शुरू करके 17 लाख शपथ पत्र का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन 16 जून की शाम तक ऑनलाइन शपथ के पोर्टल पर 17 लाख 75 हजार से अधिक शपथ पत्र हासिल किए जा चुके थे। पोर्टल अभी 18 जून तक खुला रहेगा। इस अभियान में प्रदेश के 34 विश्वविद्यालय शामिल हैं। ऑनलाइन योग संबंधी शपथ के लिए लिंक https://rajbhawanyogapledge.in/ पर जाकर ऑनलाइन शपथ सबमिट करके कैंपस और संबद्ध महाविद्यालयों के वर्तमान और पुरातन छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी विश्व रिकार्ड का हिस्सा बन सकते हैं।

ग्रामीण फीडर को शहरी करने की कार्रवाई का विरोध

विद्युत नियामक आयोग में 18 जून को दाखिल की जाएगी अवमानना याचिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने की कार्रवाई के खिलाफ उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से 18 जून को विद्युत नियामक आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की जाएगी। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को विधिक गलतियों से आगाह करते हुए फैसला वापस लेने की मांग की।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि बीते जनवरी-फरवरी में कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल की बैठक में शहरों के निकट के ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने का निर्णय लिया गया है। उस समय प्रदेश में निर्धारित समय सारिणी के अनुसार बिजली आपूर्ति करने की व्यवस्था लागू थी, पर अब उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 के तहत सभी को 24 घंटे बिजली आपूर्ति का आदेश है। मुख्यमंत्री की ओर से भी इसकी घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले को ऊर्जा मंत्री व मुख्यमंत्री के संज्ञान में भी लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र व कृषि क्षेत्र के लिए प्रदेश सरकार लगभग 14,000 करोड़ की सब्सिडी देती है। इसी कारण ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली दरें कम रहती हैं। ग्रामीणों से शहरी दर से बिजली वसूलना सरकार की नीति का बड़ा उल्लंघन है। विद्युत वितरण संहिता-2005 में स्पष्ट तौर पर परिभाषित किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्र अधिनियम की धारा 14 के अधीन प्रदेश सरकार के जरिये घोषित क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र माना जाएगा। ग्रामीण फीडर का वही अर्थ होगा जैसा कि आयोग के टैरिफ आदेश में है। ऐसे में पावर कॉरपोरेशन ग्रामीण क्षेत्र को शहरी क्षेत्र बताकर ग्रामीणों में शहरी दरों से बिजली बिल वसूल नहीं कर सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली महंगी करना असहनीय

लखनऊ। कांग्रेस नेता राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं से शहरी दर पर बिजली बिल लेने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन की ओर से ग्रामीणों के लिए दो रुपये प्रति यूनिट महंगी बिजली किये जाने की तैयारी उन पर असहनीय सरकार वार है। उन्होंने कहा कि इस समय भीषण गर्मी व लू में प्रदेश की जनता बिजली आपूर्ति में खामियों के कारण त्राहि-त्राहि कर रही है। प्रदेश भर में अभूतपूर्व बिजली कटौती के साथ गरीब उपभोक्ताओं के बिजली के कनेक्शन काट दिये जा रहे हैं।

अधिकतम बिजली मांग 29,946 मेगावाट दर्ज

लखनऊ। भीषण गर्मी में रविवार को भी प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली संकट से जूझते रहे। स्थानीय खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होने व घंटो आपूर्ति चालू न होने का सिलसिला जारी रहा। हालांकि सरकारी कार्यालयों के बंद होने से बिजली मांग में कुछ कमी दर्ज हुई। अधिकतम बिजली मांग 30 हजार मेगावाट से नीचे आ गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अधिकतम बिजली मांग 29,946 मेगावाट व न्यूनतम मांग 24,630 मेगावाट दर्ज हुई। सूत्रों के बताया कि शाम के वक्त 28,500 हजार मेगावाट बिजली की मांग हो रही थी। इस दौरान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से 5100 मेगावाट बिजली मिल रही थी। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही थी। सूत्रों ने बताया कि बंद चल रही अनपरा की 210 मेगावाट व ओबरा की दो सौ मेगावाट इकाइयों को चालू करने के प्रयास जारी रहे।

योगी को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

कानपुर, अमृत विचार: क्राइम ब्रांच दरोगा का नाम और फोटो लगाकर एक सिरफिरे ने एक्स पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी थी। क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम में तैनात दरोगा ने साइबर पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराकर जांच शुरू की और एक्स एकाउंट के जरिए साइबर थाना पुलिस ने सिरफिरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दरोगा आरिफ के अनुसार आरोपी ने कुंवर राजपूत @दीपकएस 10080 आईडी पर उनका फोटो लगाकर मैसेज पोस्ट कर दिया कि यह दरोगा कानपुर में तैनात है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हत्या कर देगा। इसके बाद मोहम्मद आरिफ ने साइबर थाना पुलिस में कुंवर राजपूत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने उस सिरफिरे आरोपी दीपक श्रीवास्तव को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दीपक दसवीं तक पढ़ा है। वह मूलरूप से रीवा का रहने वाला है। वह ड्राइवरी का काम करता है।

बिजली चोरी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: एके शर्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में 24 घंटे में निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही

अमृत विचार : ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि बिजली चोरी करने वाले व करवाने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भीषण गर्मी व लू के कारण और बिजली के घरेलू उपयोग बढ़ने से बिजली की अप्रत्याशित मांग बढ़ी है। इस बढ़ी हुई मांग को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पूरे प्रदेश में 24 घंटे में निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही है। ऊर्जा मत्री रविवार को सरकारी आवास पर मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 30,618 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग को सकुशल पूरा किया गया। पूरे देश में सबसे ज्यादा 655.66 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति प्रदेश में एक दिन में की गई। उन्होंने कहा कि वर्ष 1970 से अब तक लगभग 50 वर्षों से प्रदेश की बदहाल बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने व पटरी पर लाने के लिए दो वर्षों से बिजली व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा। आरडीएसएस योजना अंतर्गत 17 हजार करोड़ रुपये, बिजनेस प्लान के तहत पांच हजार करोड़ रुपये व नगरीय निकायों में बिजली तंत्र के विकास के लिए एक हजार करोड़ रुपये के अनुरक्षण कार्य कराये गये हैं। पूरे प्रदेश में जर्जर व झूलते हुए तारों को हटाया गया है। एक लाख किमी तक एबी केबल में बदला गया। जर्जर व झुके हुए पोल को हटाकर 19 लाख नये खम्भे लगाये गये गये हैं। छह लाख ट्रांसफार्मर पर कार्य हुआ, इसमें नये ट्रांसफार्मर लगाने व क्षमता वृद्धि और मरम्मत का कार्य हुआ है।

सार-संक्षेप

मेरठ में मामूली बात को लेकर पिता ने अपनी दो साल की बच्ची को गंग नहर में फेंका, गिरफ्तार

मेरठ, एजेंसी : जिले में एक पिता ने मामूली बात को लेकर अपनी दो साल की बच्ची को गंग नहर में फेंक दिया। घटना जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर सरधना थाना क्षेत्र के मढियाई गांव की है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कमलेश बहादुर ने बताया कि पुलिस को 14 जून को सूचना मिली थी कि मढियाई गांव के सुलेमान की दो साल की बच्ची सुबह करीब आठ बजे से गायब है जिसके बाद थाना प्रभारी प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि बच्ची का पिता भी घर पर नहीं है। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में बच्ची अपने पिता सुलेमान के साथ गांव से बाहर जाती दिख रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि सुलेमान की दो बच्चियां पूर्व में भी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इस बात का संज्ञान लेते हुए सुलेमान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसने बच्ची को मढियाई गांव के पास गंग नहर में फेंक दिया है। घटना की वजह पूछने पर उसने बताया कि उसका एक बेटा है। बच्ची और बेटा आपस में लड़ाई करते थे, इसलिए उसने बच्ची को नहर में ले जाकर फेंक दिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार सुलेमान को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है।

गाजियाबाद में ट्रेन की चपेट में आने से तीन की मौत

गाजियाबाद, एजेंसी : गाजियाबाद के लोनी इलाके में रविवार तड़के ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) भास्कर वर्मा ने बताया कि लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के संगम विहार कॉलोनी निवासी आसिफ (26), गुड्डु (20) और गौतमबुद्ध नगर जिले के दादरी कस्बे के देवेश (26) के शव दिल्ली-शामली मार्ग पर रेलवे ट्रैक पर पाए गए। उन्होंने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे रेलवे कर्मचारियों ने शव देखे। पुलिस के मुताबिक देवेश और गुड्डु लोनी में ई-रिक्शा चलाते थे जबकि आसिफ दिहाड़ी मजदूर था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

टायर बदल रहे युवकों को ट्रक ने रौंदा, दो की मौत

आगरा, एजेंसी : आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्र के अंतर्गत दक्षिणी बाईपास पर रविवार को एक पिकअप वाहन का पंक्चर टायर बदल रहे दो युवकों को तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने रौंद दिया, जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक इस घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन को मार्ग से हटवाया और दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दुर्घटना के संबंध में थाना मलपुरा के निरीक्षक ईश्वर सिंह तोमर ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गयी है। पुलिस आरोपी ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

मथुरा में यमुना नदी में डूबने से युवक की मौत

मथुरा,एजेंसी : जिले में रविवार को यमुना नदी में स्नान करते समय एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सलमान (21) के रूप में हुई है और वह शहर के गणेश टीला इलाके का रहने वाला था। शहर क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रवीण मलिक ने कहा कि वह गोविंद नगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले गणेश टीला के पास मुख्य घाट से दूर स्नान कर रहा था। स्नान के दौरान, सलमान गहरे पानी में फिसल गया। इससे पहले कि कोई गोताखोर उसे बाहर निकाल पाता, उसकी मौत हो गयी।

भाजपा पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी: जसवंत सिंह

अयोध्या, अमृत विचार : संसदीय कार्य औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी रविवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने राम लला का दर्शन पूजन किया। इसके बाद सर्किट हाउस पहुंच पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि होने वाले उपचुनाव में भाजपा पूरी ताकत से लड़ेगी। सकारात्मक परिणाम आएंगे। राम लला का दर्शन करने के बाद सुखद अनुभूति हुई है। देशवासियों से अपील है कि सभी लोग अयोध्या आएं और राम लला का दर्शन पूजन करें। पहले की अयोध्या और अब की अयोध्या में बहुत फर्क है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया था। अब तक निवेश के लिए 40 लाख करोड़ रुपये का प्रस्ताव मिला है। 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्राप्त हुए थे।

आगरा में कारोबारी की कार से 15 सेकेंड में एक करोड़ के हीरे चोरी

- टप्पेबाजों ने कारोबारी को टायर पंचर की बात कहकर उलझाया

आगरा, एजेंसी : आगरा में शनिवार रात एक हीरा कारोबारी की कार से 15 सेकेंड के अंदर टप्पेबाजों ने एक करोड़ के हीरे चुरा लिए। सूचना पर पुलिस ने तत्काल 5 टीमें गठित कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हीरा कारोबारी का कहना है कि चोरी गए बैग में चार दिन का कैश भी था।

आगरा के बाग फरजाना के रहने वाले कारोबारी नितिन मल्होत्रा का संजय प्लेस में प्रकाश डायमंड कारपोरेशन के नाम से हीरे का काम है। नितिन मल्होत्रा ने पुलिस को बताया है कि वह शनिवार शाम को फिजियोथैरेपी कराने के लिए साकेत कॉलोनी गए, वहां से वे अपनी ससुराल जयपुर हाउस चले गए। रात 9 बजे वह अपनी कार से ससुराल से अपने घर बाग फरजाना के लिए लौट रहे थे। मदिया कटरा पर हनुमान मंदिर के पास उन्होंने अपनी कार रोकी और नीरज डेयरी से दही लेने चले गए। नितिन मल्होत्रा ने बताया कि डेयरी से दही लेकर आने के बाद वह कार का गेट खोलकर उसमें बैठने लगे, इसी दौरान एक युवक आया। उसने कहा कि टायर पंचर है वे नीचे उतर आए और टायर देखने लगी। टायर ठीक था, वे कार में बैठ गए। तभी बाइक सवार एक युवक आया उसने बताया कि कार से एक युवक बैग लेकर भाग रहा है, उन्होंने कार की पीछे की सीट पर देखा तो बैग नहीं था और शीशा हल्का खुला हुआ था। पूछताछ में नितिन ने बताया कि बैग चोरी की घटना मात्र 15 सेकेंड में हुई। बैग में 38 हीरों के साथ ही तीन चार दिन का कैश भी था। हीरों की कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई गई। थाना लोहामंडी प्रभारी कुशलपाल ने बताया कि उन्हें जैसे ही सूचना मिली वे मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने आसपास लगे करीब 50 से 60 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जल्द ही चोरों को पता लगा लिया जाएगा।

गाजियाबाद में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत, 18 घायल

गाजियाबाद, एजेंसी : जिले के मुरादनगर थाना क्षेत्र में रविवार को एक ट्रक की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गयी और 18 अन्य घायल हो गये। अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि रविवार सुबह एक वाहन सोनीपत से ईंट भट्टा मजदूरों को लेकर हरदोई की तरफ जा रहा था और जब यह वाहन मुरादनगर थाना इलाके के पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से होकर गुजर रहा था तो कुछ लोग लघुशंका के लिए उतरे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कि इस बीच पीछे से आ रहे एक ट्रक ने वाहन को टक्कर मार दी जिससे वाहन पलट गया और चार लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल हो गये। उन्होंने बताया कि वाहन में 35 यात्री सवार थे। मृतकों की पहचान मायादेवी (45), इरशाद (30), नजुमन (60) और शमीना (20) के रूप में हुई है। ये सभी हरदोई जिले से थे।

राज्यपाल ने खारिज की 31 दया याचिकाएं

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : हत्या, दुष्कर्म जैसे मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए कैदियों की दया याचिकाएं लगातार खारिज हो रही है। कैदी द्वारा दया याचिका के आवेदन के बाद हो रहे परीक्षण में जिलास्तरीय दया याचिका समिति द्वारा विरोध किया जा रहा है। कई मामले ऐसे आए जिसमें जेल प्रशासन द्वारा कैदी के अच्छे आचरण का भी उल्लेख किया गया है, लेकिन दया याचिका समिति इस आधार पर विरोध कर रही है कि अमुक कैदी के छूटने से समाज में गलत संदेश जा सकता है। हालांकि कई ऐसे कैदी भी हैं जिनका मूल्यांकन करने के बाद राज्यपाल ने कारावास से मुक्त करने का भी आदेश दिया है।

बताते चलें कि हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद लंबे समय तक सजा काट चुके कैदियों का मूल्यांकन के बाद समय पूर्व रिहाई का प्रावधान है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में दया याचिका समिति गठित है। जिसमें जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक और जिला प्रोवेशन अधिकारी सदस्य होते हैं। दया याचिका का आवेदन होने के बाद समिति कैदी का मूल्यांकन कर राज्यपाल को रिपोर्ट भेजती है। जेल में निरुद्ध कैदी का अच्छा आचरण होना समय पूर्व रिहाई का मुख्य आधार होता है। पहली जनवरी से 15 जून तक 45 दया याचिकाएं राज्यपाल के पास पहुंची थी, जिसमें से 31 याचिकाएं इस आधार पर अस्वीकार कर दी गई, क्योंकि आरोपी खतरनाक किस्म के थे।

इनकी याचिका अस्वीकार

कैदी	जनपद	आरोप
रामप्रसाद	अयोध्या	हत्या
रामदेव	लखनऊ	हत्या
फतेह सिंह	मैनपुरी	दुष्कर्म-हत्या
हुकुम सिंह	एटा	2 हत्या

इनकी समय पूर्व रिहाई

- केदार यादव महराजगंज आजीवन कारावास
- तसब्बर गाजियाबाद आजीवन कारावास
- हरिओम अमेठी आजीवन कारावास

अग्निवीरों की भर्ती 24 से अयोध्या में

लखनऊ, अमृत विचार : अग्निवीर भर्ती रैली 24 जून से अयोध्या के डोगरा रेजिमेंटल सेंटर ग्राउंड पर होगी। इसमें तेरह जिलों के अभ्यर्थी भाग लेंगे। 2 जुलाई तक चलने वाली भर्ती की मॉनीटरिंग लखनऊ मुख्यालय करेगा। सेना की मध्यकमान के प्रवक्ता शांतनु प्रताप सिंह ने बताया इसमें अंबेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशी नगर, महाराजगंज, प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, संत कबीर नगर और सिद्धार्थ नगर के युवा हिस्सा लेंगे। रैली में सबसे पहले फिजिकल फिटनेस टेस्ट (पीएफटी) होगा जिसमें 1.6 किमी दौड़, जिगजैग बैलेंस, 9 फीट डिच और बीम शामिल है। इसमें पास होने वाले अभ्यर्थी शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) में हिस्सा लेंगे। इसमें उम्मीदवारों की ऊंचाई, वजन और छाती का माप लिया जाएगा।

बसपा में आकाश आनंद की उपयोगिता पर फैसला संभव

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में बसपा को मिली हार के कारणों में बतौर उत्तराधिकारी चुनावी सभाएं करने वाले नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद की भूमिका भी समीक्षा हो सकती है। देखा जाना है कि उनकी चुनावी सभाओं से संबंधित सीट पर मतदाताओं पर क्या प्रभाव पड़ा। अन्य सीटों की अपेक्षा मत प्रतिशत बढ़ा या नहीं, इसके अलावा मूवमेंट को बढ़ाने में उनकी उपयोगिता कितनी है। हालांकि इस मुद्दे पर पार्टी के पदाधिकारी बोलने को तैयार नहीं है।

लोकसभा चुनाव में उत्तराधिकारी पद हटाए गए आकाश आनंद की भूमिका संबंधी सवाल का जवाब देते हुए बसपा के लखनऊ मंडल प्रभारी व हरदोई सीट के प्रत्याशी रहे भीमराव आंबेडकर ने कहा कि पार्टी प्रत्याशियों को जो मत मिले हैं, वह बसपा के अपने है। जो मायावती के निर्देश पर मिलते हैं। आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बनाकर भेजा गया था, वह बसपा प्रमुख के संदेश को ही बढ़ा रहे थे। वर्तमान में मायावती के बराबर पार्टी में या देश में कोई दूसरा नेता नहीं है। साल 2027 में उप्र. विधानसभा चुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि मायावती चार बार मुख्यमंत्री बन चुकी हैं। इसलिए अब प्रधानमंत्री पद ही मुख्य लक्ष्य है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि मायावती का निर्देश ही सर्वोपरि है। आकाश आनंद को मायावती ने पार्टी में अपना उत्तराधिकारी घोषित करते हुए नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया था। साथ ही उन्हें उप्र.में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी भी थी। मायावती 23 जून को चुनाव के हार कारणों को लेकर समीक्षा बैठक करेंगी।

वर्ग पहेली-103

बाएं से दाएं

2.1. ऊंचा बना हुआ स्थान, चबूतरा 2. भाषण स्थल 3. रंगमंच 4. खाट, खटिया, मचिया।

3.1. मूल से संबंध रखने वाला, असली 2. अत्यावश्यक 3. आधारभूत, बुनियादी।

6.1. शिक्षा, तालीम 2. उपदेश, हित की बात 3. अनुभव से प्राप्त होने वाला ज्ञान 4. परामर्श, सलाह, मंत्रणा। (मु.)-देना : नसीहत देना।

8.1. तरतीब, क्रम 2. ढंग, तर्ज, तरीका, कायदा 3. सलीका, शऊर 4. मेल, समानता।

9.1. औ की लंबी ध्वनि करते हुए पेट की वायु का बाहर निकलना, उक्त कार्यव्यापार में होने वाली ध्वनि, पेट की वह वायु जो आवाज़ के साथ मुंह से निकलती है 2. बाघ की गरजन, दहाड़। (मु.)-जाना : हथिया लेना। -तक न लेना : चुपचाप हज़म कर जाना।

10.1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेप्रिटस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

ऊपर से नीचे

1. केवल फूलों के पौधों से सुसज्जित बगीचा, फूलों वाला उपवन, पुष्पोपवन।

4.1. लिखा हुआ, लिखित, लिपिबद्ध 2. दस्तावेज़ी।

5. दे. आंखमिचौनी।

7. किसी भी कार्य में नेतृत्व करने वाला व्यक्ति, नेता, नायक, अगुआ।

8.1. धातु या मिट्टी का बना हुआ लोटे के आकार का एक पात्र, टोंटीदार लोटा 2. जहाज़ में लगाने की लोहे की कोनिया 3. एक प्रकार की मछली।



वर्ग पहेली -102 का हल



1 थू	क	ना	■	■	■	■	■	■
■	■	■	2 क	ट	3 ले	ट	■	■
4 ध	5 ब	ध	ब	■	खा	■	■	■
■	ढ़ा	■	र्	■	जो	■	■	■
6 अ	व	7 गं	ड	■	खा	■	■	■
रि	■	गां	■	■	■	8 जू	■	■
हा	■	9 बु	ढ़ौ	ती	■	ड़ा	■	■

सुडोकू-16

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1			7				9	2
	6	2				5		
8			6	5		3		1
3		1			6			
2								7
			4			8		3
6		5		1	4			9
		7				4	3	
4	2				9			6

सुडोकू - 15 का हल

9	5	2	8	6	4	3	7	1
8	4	7	1	3	9	5	6	2
6	3	1	5	2	7	9	8	4
3	8	4	6	1	5	7	2	9
2	7	9	3	4	8	1	5	6
5	1	6	7	9	2	8	4	3
4	6	8	9	7	1	2	3	5
1	2	5	4	8	3	6	9	7
7	9	3	2	5	6	4	1	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी पूर्ण रात्रि तक।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
तारबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 13.50 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज लोगों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। धन को लेकर परेशानियां दूर होंगी जिसके कारण आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। विवाह योग्य लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। आपकी कार्यशैली में काफी सुधार हो सकता है।

वृष — आज विवादित मामलों से आपको बचना चाहिए। दिनचर्या काफी व्यवस्थित रहेगी। आप आय के वैकल्पित स्रोतों पर भी काफी ध्यान देंगे। आप पहले से अच्छे मूड में रहेंगे। नौकरीपेशा लोग अपने काम को लेकर काफी निष्ठावान रहने वाले हैं।

मिथुन — आज राजनीति से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर अति भावुक न हों। बहुत लंबी योजना बनाने के बजाय वर्तमान पर ही ध्यान देना लाभकारी होगा। करियर को लेकर आप कन्फ्यूज हो सकते हैं।

कर्क — आज किसी भी काम को बहुत जल्दबाजी में करना उचित नहीं होगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ नहीं है। अपनी पढ़ाई को लेकर गंभीर रहें। जॉब में सहकर्मियों के साथ आपको विवादों का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह — आज का दिन आपके लिए काफी शुभ रहेगा। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। आप कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे, किंतु आपको ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान काफी सावधानी रखनी चाहिए।

कन्या — आज बोलचाल के दौरान अच्छे शब्दों का प्रयोग करें। बंद पड़े कार्यों को शुरू करने में आप ध्यान दे सकते हैं। जीवनसाथी को आपसे कुछ शिकायत हो सकती है। परिजनों के साथ संवादहीनता न होने दें। आप अपने काम को लेकर काफी आक्रामक रहेंगे।

तुला — आज किसी बड़ी समस्या का आप समाधान निकाल सकते हैं। समाज में अपना प्रभाव मजबूत कर पाएंगे। तकनीक का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आप बौद्धिक कार्यों में लगे रहेंगे। कूटनीतिक योग्यता के माध्यम से आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

वृश्चिक — आज धन का अपव्यय हो सकता है। खरीदारी और लेनदेन के दौरान सावधानी का परिचय दें। संतान को लेकर चिंता हो सकती है। आपको अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। अनावश्यक विचार आपको भ्रमित कर सकते हैं।

धनु — आज आप अपनी कार्यशैली को उन्नत करेंगे। आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहने वाले हैं। व्यवसाय में विस्तार के लिए योजना बना सकते हैं। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ हो सकता है।

मकर — आज सहकर्मी मित्र आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। बेरोजगार लोगों के लिए दिन अच्छी संभावनाओं से भरा हुआ रहेगा। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए भी दिन अच्छा है। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ — आज यात्रा के दौरान आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक कार्यों की तरफ आप ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। अपना समय बर्बाद न होने दें।। आपको कुसंगति से बचना चाहिए। लोग आपके साथ धोखा कर सकते हैं।

मीन — आज अपनी नौकरी को लेकर असंतुष्ट हो सकते हैं। जिन लोगों को अल्सर और पाचन की समस्या है, वे अपना विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर जल्दबाजी करना फिलहाल उचित नहीं है। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
मेला — सुबह : 10.15
भीष्म — रात : 07.00
गैम्बलर — सुबह : 10.49
कार्तिकेय 2 — रात : 07.30

ZEE ACTION

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

SONY PIX
द मास्क — सुबह : 11.15
सैन एंड्रियास — रात : 09.00

ZEE CINEMA
नागभूमि — सुबह : 11.23
किसी का भाई किसी की जान — रात : 08.00

colors CINEPLEX
इंस्पेक्टर विजय — दोपहर : 12.30
स्पाई — रात : 07.58

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेक दिया>
थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया,तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि कचरा किसने फेंका।
एक औरत ने गुस्से से कहा – फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने !
पप्पू हंसा और बोला– कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की – घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू – अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं...

एक नजर

रायसेन में शराब की भट्टी से 58 बाल मजदूर कराए गए मुक्त

रायसेन। मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से शराब की भट्टी में काम कर रहे कुल 58 बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया। इस संबंध में रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के साथ मिलकर शनिवार को सोम डिस्टिलरी पर कार्रवाई की। बीबीए ने बताया कि एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो के नेतृत्व में एक टीम ने सोम डिस्टिलरी से 58 बच्चों को बचाया, जिनमें 19 लड़कियां और 39 लड़के शामिल हैं। इसने कहा-बच्चों के हाथों में हानिकारक रसायन और अल्कोहल से जलने के निशान थे। नियोक्ता इन बच्चों को रोजाना स्कूल बस में भेजता था और उनसे प्रतिदिन 12-14 घंटे काम कराया जाता था।

लाखों की चरस समेत एक व्यक्ति गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक मैकेनिक के घर से 17 .2 लाख रुपये मूल्य की चरस बरामद होने के बाद पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया गया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस के वसूली निरोधक प्रकोष्ठ की एक टीम ने शुक्रवार को भिवंडी इलाके में आरोपी के आवास पर छापा मारा और वहां से एक किलो 72 ग्राम चरस बरामद की। विज्ञप्ति में कहा गया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन :प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा में रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं सहित तीन की मौत हो गई। निम्बाहेड़ा कोतवाली थाना के प्रभारी रामसुमेर मीणा ने बताया कि घटना शनिवार रात की है जब रेलवे स्टेशन के निकट हनुमानजी मंदिर के पास रेलवे पटरी पार करते समय एक दंपति, उनकी एक रिश्तेदार ट्रेन की चपेट में आ गये। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान निम्बाहेड़ा निवासी मोहनलाल धोबी (45) उनकी पत्नी ललिता (40) और उनकी एक रिश्तेदार देवश्री (35) के रूप में हुई है।

अगर परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो तो मोदी के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं: सिब्बल

राज्यसभा सदस्य ने की सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त अधिकारियों से जांच कराने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट मामला



मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जारी विवाद के बीच पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल ने रविवार को अनियमितताओं के आरोपों की जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त अधिकारियों से कराने की मांग की और सरकार से आग्रह किया कि वह परीक्षा आयोजित करने के तौर तरीकों को लेकर सभी राज्यों के साथ गहन विचार-विमर्श करे। एक साक्षात्कार में राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि अगर किसी परीक्षा में परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो जाए तो प्रधानमंत्री मोदी के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं है।

सिब्बल ने सभी राजनीतिक दलों से आगामी संसद सत्र में इस मामले को जोर-शोर से उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा होने की उम्मीद कम है क्योंकि सरकार इस मामले के न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देकर इसकी अनुमति नहीं देगी। सिब्बल 29 मई 2009 से 29 अक्टूबर 2012 तक मानव संसाधन विकास (अब शिक्षा विभाग) मंत्री थे।

एनटीए की सत्यनिष्ठा और नीट आयोजित करने के तरीके पर खड़े हो रहे सवाल: रमेश



कांग्रेस ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की सत्यनिष्ठा और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को आयोजित करने के तौर तरीके गंभीर सवालों के घेरे में हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा-मैं 2014 और 2019 के बीच संसद की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी स्थायी समिति का सदस्य था। मैं उस समय नीट के लिए मिलने वाले व्यापक समर्थन को याद करता हूं। लेकिन ऐसे सांसद भी थे, विशेष रूप से तमिलनाडु से जिन्होंने चिंता जताई थी कि नीट से सीबीएसई के छात्रों को लाभ मिलेगा और दूसरे बोर्ड एवं स्कूलों से आने वाले विद्यार्थियों को नुकसान पहुंचेगा।

पुलिस ने रेणुकास्वामी के अपहरण में इस्तेमाल कार की जब्त

चित्रदुर्ग (कर्नाटक)। कर्नाटक में रेणुकास्वामी हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस टीम ने अपहरण में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई कार रविवार को जब्त कर ली। इस हत्याकांड में कन्नड़ फिल्म जगत के प्रमुख अभिनेता दर्शन थूगुदीप और उनकी मित्र पवित्रा गौड़ा मुख्य आरोपी हैं।

आरोपियों में से एक रवि ने कथित तौर पर चित्रदुर्ग जिले के अय्यानहल्ली गांव के एक घर में संबंधित कार खड़ी की थी। जिस वक्त कार जब्त की गयी, उस समय फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी वहां मौजूद थे। पुलिस ने रवि के परिवार से भी पूछताछ की और कार से कई चीजें बरामद की गईं। रेणुकास्वामी हत्याकांड के सिलसिले में दर्शन और पवित्रा समेत अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ मामले की जांच जारी है।

नए आपराधिक कानून लागू करने को किया गया पर्याप्त विचार-विमर्श

कोलकाता, एजेंसी

- केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल बोले एक जुलाई से किए जाएंगे लागू

केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को विपक्षी दलों के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि नए आपराधिक कानून लागू करने का फैसला लेने से पहले पर्याप्त विचार-विमर्श नहीं किया गया। उन्होंने कहा इसे लागू करने को लेकर पर्याप्त विचार-विमर्श किया गया है। नए आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू किए जाएंगे।

मेघवाल ने कहा कि भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कानून लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम और बुनियादी ढांचे का विकास पहले से ही जारी है। मेघवाल ने रविवार को आपराधिक न्याय प्रणाली प्रदान करने में भारत का प्रगतिशील मार्ग कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान कहा-समय पर, त्वरित और त्रुटिरहित न्याय प्रदान करने के लिए तीन नए कानून एक जुलाई से लागू होंगे। अर्जुन राम मेघवाल ने कहा-कुछ लोग दावा करते हैं कि उनसे परामर्श नहीं किया गया, यह गलत है। औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव की मांग लंबे समय से चली आ रही है।

दिवंगत नेता को कांग्रेस पार्टी की जननी कहा, मीडिया ने की गलत व्याख्या

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री गोपी ने इंदिरा गांधी के बारे में की गई टिप्पणी को लेकर दिया स्पष्टीकरण

केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बारे में अपनी टिप्पणी पर विवाद होने के बाद रविवार को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उन्होंने दिवंगत नेता को देश में कांग्रेस पार्टी की जननी कहा था और मीडिया ने उनकी टिप्पणी की गलत व्याख्या की। अभिनेता से राजनेता बने गोपी ने कहा कि वह अपने दिल की भावनाओं के मुताबिक बात करने वाले व्यक्ति हैं और उनका दृढ़ विश्वास है कि इंदिरा गांधी के बारे में उन्होंने जो कुछ कहा, उसमें कुछ भी गलत नहीं है।

भाजपा नेता ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए संवाददाताओं से पूछा कि क्या वे भाषा के प्रासंगिक अर्थ को नहीं समझते हैं। सुरेश गोपी ने अपनी टिप्पणी को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए कहा-मैंने क्या कहा, जहां तक कांग्रेस का सवाल है...चाहे किसी को पसंद हो या नहीं...के. करुणाकरण केरल में कांग्रेस पार्टी के पिता हैं। भारत में कांग्रेस पार्टी की मां इंदिरा गांधी हैं। मैंने यह बात दिल से कही है। हालांकि, केंद्रीय पेट्रोलियम और पर्यटन राज्य मंत्री ने रविवार को भी इंदिरा गांधी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा-इंदिरा गांधी देश की स्वतंत्रता के बाद और अपनी मृत्यु तक भारत की वास्तविक निर्माता हैं। मैं वैसे भी ये श्रेय उन्हें दूंगा ही। मैं उस व्यक्ति को सिर्फ इसलिए नहीं भूल सकता क्योंकि वह राजनीतिक रूप से प्रतिद्वंद्वी पार्टी से थीं, जिन्होंने देश के लिए ईमानदारी से काम किया।

सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया करार दिया वहीं कांग्रेस के दिवंगत नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक बताया। गोपी ने शनिवार को त्रिशूर में पुनकुन्नम स्थित करुणाकरण के स्मारक मुरली मंदिर जाने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने करुणाकरण और मार्क्सवादी नेता ई.के. नयनार को अपना राजनीतिक गुरु भी बताया।

सिक्किम में फंसे 1,200 पर्यटकों को निकालने का काम आज से शुरू होने की संभावना

गंगटोक। सिक्किम के मंगन जिले में फंसे 1,200 से अधिक पर्यटकों को निकालने का काम मौसम अनुकूल रहने पर सोमवार को शुरू हो सकता है, क्योंकि प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण दिन में यह काम नहीं हो सका। चुंगथांग के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) किरण थाटल ने कहा कि अगर मौसम अनुकूल रहा तो निकासी प्रक्रिया हवाई या सड़क मार्ग से होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन फंसे हुए पर्यटकों के ठहरने का प्रबंध कर रहा है और उन्हें लाचुंग शहर के विभिन्न होटलों में ठहराया जा रहा है, जहां उन्हें मामूली दर पर भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

दस्तावेजों से छेड़छाड़ के आरोप में दो कर्मचारी गिरफ्तार

राजकोट, एजेंसी

राजकोट गेमिंग जोन आग मामला

राजकोट नगर निगम के दो कर्मचारियों को एक गेमिंग जोन में पिछले माह लगी आग की घटना के बाद उससे संबंधित दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आग की इस घटना में 27 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही राजकोट शहर में टीआरपी गेमिंग जोन में 25 मई को हुई घटना के सिलसिले में अब तक छह सरकारी कर्मचारियों सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) पार्थराजसिंह गोहिल ने बताया कि शहर की अपराध शाखा ने शनिवार को राजकोट नगर निगम के सहायक नगर योजना अधिकारी राजेश मकवाना और सहायक अभियंता जयदीप चौधरी को आग की घटना के बाद आधिकारिक रजिस्टर में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

नागपुर धमाके में मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हुई

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर जिले में एक विस्फोटक निर्माण इकाई में हुए धमाके में घायल आखिरी व्यक्ति की भी मौत हो गई और इसके साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। डांडे अस्पताल के निदेशक डॉ. पिनाक डांडे ने बताया कि धमाके में बुरी तरह से झुलस चुके प्रमोद चावरे की शनिवार रात को एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। यह धमाका बृहस्पतिवार को दोपहर करीब एक बजे शहर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के धमना गांव स्थित 'चामुंडी एक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड' में हुआ। इस घटना में घायल नौ लोगों को शहर के दो निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

आतिशी ने किया पानी की पाइपलाइन की सुरक्षा का अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली की जल मंत्री ने पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र

राष्ट्रीय राजधानी में गहराए जल संकट के मद्देनजर दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को एक पत्र लिखकर कई प्रमुख पाइपलाइन की सुरक्षा और गश्त करने के लिए अगले 15 दिन तक पुलिसकर्मियों को तैनात करने का अनुरोध किया है।

मंत्री ने पत्र में कहा कि दिल्ली भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रही है। आतिशी ने कहा, यमुना नदी में कम पानी छोड़े जाने के कारण पानी की मात्रा में 70 एमजीडी की गिरावट आई है, जिससे दिल्ली के कई इलाके जल संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में पानी की एक-एक बूंद कीमती है। उन्होंने पुलिस आयुक्त को लिखे पत्र में कहा कि दिल्ली जल बोर्ड ने मुख्य जल वितरण नेटवर्क के लिए गश्ती दल तैनात किए हैं। जल वितरण नेटवर्क नदी में छोड़े गए पानी को जल शोधन संयंत्रों तक पहुंचाता है और फिर वहां से शहर के विभिन्न हिस्सों के भूमिगत जलाशयों तक आपूर्ति की जाती है। आतिशी ने कहा-हमने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की देखरेख में कई टीम भी तैनात की हैं।

नई दिल्ली में जल संकट को लेकर विरोध-प्रदर्शन करते भाजपाई। ● एजेंसी

भाजपा ने किया आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

राजधानी में जल संकट को लेकर भाजपा ने रविवार को आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। आप पर तीखा हमला करते हुए भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने थे तो दिल्ली जल बोर्ड करोड़ों रुपये के मुनाफे में था। उन्होंने कहा-केजरीवाल के पास एक वर्ष से ज्यादा समय तक दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष पद का प्रभार रहा। आश्चर्यजनक है कि एक वर्ष से अधिक समय की ऑडिट रिपोर्ट गायब है और जल बोर्ड भारी कर्ज में डूबा है।

कारोबार/कृषि

एक नजर

कोयला आयात अप्रैल में 13 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। देश का कोयला आयात अप्रैल, 2024 में 13 .2 प्रतिशत बढ़कर 2 .61 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गर्मियों की शुरुआत के साथ खरीदारों द्वारा नए सौदे करने से कोयला आयात बढ़ा है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक साल पहले समान महीने में कोयला आयात 2 .30 करोड़ टन रहा था। आयात में यह बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है जबकि कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए और आयात में कमी लानी चाहिए। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से भारत का कोयला और कोक आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 13 .2 प्रतिशत बढ़ा है।

आठ शहरों में सस्ते घरों की बिक्री 4% घट गई

नई दिल्ली। देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में 60 लाख रुपये तक की कीमत वाले सस्ते यानी किफायती घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 61,121 इकाई रह गई है। रियल एस्टेट आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी के अनुसार, इसकी वजह कम आपूर्ति और लक्जरी अपार्टमेंट की अधिक मांग है। ये आठ प्रमुख शहर- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, पुणे और अहमदाबाद हैं। प्रॉपइक्विटी के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले कैलेंडर वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 60 लाख रुपये तक की लागत वाले घरों की बिक्री 63,787 इकाई रही थी।

आगामी बजट में निचले स्लैब के लोगों के लिए आयकर राहत के उपाय जरूरी : पुरी

भारतीय उद्योग परिसंघ के अध्यक्ष ने एक संस्थागत मंच बनाने का दिया सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के नए अध्यक्ष संजीव पुरी का मानना है कि 2024-25 के आगामी पूर्ण बजट में मुद्रास्फीति के उच्चस्तर को देखते हुए सबसे निचले स्लैब के लोगों के लिए आयकर राहत पर विचार करने की आवश्यकता है। पुरी ने साक्षात्कार में भूमि, श्रम, बिजली और कृषि से संबंधित सभी सुधारों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच आम सहमति बनाने को एक संस्थागत मंच बनाने का भी सुझाव दिया।

उद्योग मंडल ने कहा कि उसे नहीं लगता कि गठबंधन राजनीति की मजबूरियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में सुधारों में बाधक बनेंगी। इसके बजाय उसका मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन और पिछले दो कार्यकाल में नीतियों की सफलता इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आधार तैयार करेगी।

इस साल मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी

सीआईआई के नए अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि सीआईआई का अनुमान है कि मानसून अच्छा रहने की वजह से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इस साल 4 .5 प्रतिशत के आसपास रहेगी। कर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारा सुझाव है कि इस मोर्चे पर सरलीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूंजीगत लाभ को लेकर कुछ सुझाव हैं। यह विभिन्न माध्यमों पर अलग-अलग है। क्या इसे सुसंगत किया जा सकता है।

वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट से उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा-मोटे तौर पर, मैं इस समय कहूंगा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, राजकोषीय प्रगति पथ का पालन, सामाजिक बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए रूपरेखा, हरित कोष और ग्रामीण क्षेत्र में अधिक निवेश...ये व्यापक सिद्धान्त हैं। खाद्य पदार्थों, सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण मई में थोक मुद्रास्फीति लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61% हो गई है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने 1.26% पर थी। मई, 2023 में शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत थी।

एस्सार समूह गुजरात में हरित हाइड्रोजन संयंत्र में करेगा निवेश

नई दिल्ली। एस्सार समूह गुजरात के जामनगर में हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करने के लिए अगले चार साल में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। धातु से लेकर बुनियादी ढांचे तक, विविध क्षेत्रों में काम करने वाला यह समूह अपनी वृद्धि के लिए स्वच्छ ऊर्जा को एक प्रमुख स्तंभ के रूप में देख रहा है। समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने कहा कि समूह ब्रिटेन में अपनी तेल रिफाइनरी में कार्बन उत्सर्जन कम करने, सऊदी अरब में एलएनजी और इलेक्ट्रिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर विचार कर रहा है। समूह इबैटरी, सौर पैनल और विंड-टर्बाइन मैग्नेट में उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण खनिजों के खनन कारोबार में प्रवेश करने पर भी विचार कर रहा है।

लंदन से अचार बनाने के लिए 900 किलो आम की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

- रामकेला प्रजाति के कच्चे आम का किया गया निर्यात

अमृत विचार : मलिहाबादी दशहरी के बाद अब विदेशी भारतीय अचार का स्वाद लेने को आतुर हैं। इसके लिए पहली बार लंदन से अचार के लिए रामकेला प्रजाति के करीब 900 किलो आम की डिमांड आई है। इसके लिए ट्रीटमेंट और पैकिंग के बाद आम निर्यात भी किया गया है। यह पहला मौका है जब अचार के लिए आम मांगा गया है। मलिहाबाद की एक फर्म ने इसकी आपूर्ति की है। जल्द ही अन्य जगहों से भी निर्यात के आर्डर मिलने के आसार हैं।

17 के बाद लंगड़ा आम भी जाएगा विदेश: जिन देशों के लोगों को ज्यादा मीठा आम पसंद नहीं है वहां के लोग लंगड़ा आम खूब पसंद करते हैं। सऊदी अरब, दुबई, इंग्लैंड, ओमान के अतिरिक्त जर्मनी व रशिया के इसके ऑर्डर मिले हैं। 17 जून के बाद लंगड़ा आम की खेप रवाना की जाएगी। पहले चरण में करीब 30 टन आम भेजा जाएगा। इस बारे में मैंगो पैक हाउस के संचालक अकरम बेग ने बताया-दशहरी आम की 1.5 टन की बड़ी खेप जर्मनी भेजे जाने के बाद 900 किलो अचार वाला आम रामकेला भी लंदन भेज दिया गया है। मैंगो पैक हाउस के ट्रीटमेंट के बाद अचार वाला आम भी भेजा गया है।

एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 11,730 करोड़ डाले

नई दिल्ली। घरेलू और वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 14 जून को समाप्त सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में 11,730 करोड़ रुपये (1.4 अरब अमेरिकी डॉलर) का शुद्ध निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले यानी तीन से सात जून के सप्ताह के दौरान एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 14,794 करोड़ रुपये (1.77 अरब डॉलर) निकाले थे। ताजा निवेश के बाद इस महीने अबतक एफपीआई की शेयरों से शुद्ध निकासी 3,064 करोड़ रुपये रही है।

एसबीआई अपनी अनुषंगी कंपनियों का करेगा मौद्रीकरण : खारा

नई दिल्ली, एजेंसी

- एसबीआई के चेयरमैन दिनेश ने साक्षात्कार में दी जानकारी

भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि बैंक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट जैसी अनुषंगी कंपनियों का मौद्रीकरण करने से पहले उनके कारोबार को और बढ़ाएगा। इन अनुषंगी कंपनियों का परिचालन बढ़ने से मूल्यांकन बढ़ेगा और एसबीआई को बेहतर प्रतिफल मिल सकेगा। उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि जहां तक अनुषंगी कंपनियों की बात है, तो उनका मौद्रीकरण पूंजी बाजार के जरिए होगा।

उन्होंने कहा कि इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए पात्र अनुषंगी कंपनियों में निश्चित रूप से एसबीआई जनरल है और कुछ हद तक एसबीआई पेमेंट सर्विसेज भी हो सकती हैं। लेकिन, फिलहाल हमारे पास ऐसी कोई योजना नहीं है। खारा ने कहा-शायद, हम उन्हें थोड़ा और बढ़ाना चाहेंगे।

सीबीआईसी ने धोखाधड़ी करने वालों से लोगों को किया सतर्क

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने रविवार को जनता से भारतीय सीमा शुल्क विभाग के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सतर्क रहने को कहा। सीबीआईसी ने बयान में कहा कि समाचार पोर्टल/सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से विभिन्न घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें फर्जी व्यक्तियों द्वारा भारतीय सीमा शुल्क अधिकारी बनकर देशभर में जनता से उनकी गाढ़ी कमाई ठगी गई है। ये धोखाधड़ी मुख्य रूप से फोन कॉल या एसएमएस जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके की जाती है।

अडाणी समूह सिर्फ डेवलपर, धारावी की जमीन महाराष्ट्र सरकार के विभागों को होगी हस्तांतरित

मुंबई, एजेंसी

- भूमि हड़पने के आरोप को लेकर सूत्रों ने किया खुलासा

करोड़ों रुपये की धारावी झुग्गी-बस्ती पुनर्विकास परियोजना में अडाणी समूह को भूमि का हस्तांतरण शामिल नहीं है। सूत्रों ने इस बारे में स्थिति साफ करते हुए कहा है कि परियोजना में भूमि का हस्तांतरण महाराष्ट्र सरकार के विभागों को किया जाना है और अहमदाबाद का समूह सिर्फ एक परियोजना डेवलपर के रूप में मकान बनाएगा जो उन्हीं विभागों को सौंपे जाएंगे। बाद में इन घरों का आवंटन एशिया की सबसे बड़ी झोपड़पट्टी के निवासियों को किया जाएगा। वहीं सांसद वर्षा गायकवाड़ ने इस मामले में भूमि हड़पने का आरोप लगाया है।

इन आरोपों पर परियोजना से जुड़े सूत्रों ने कहा कि जमीन के टुकड़े सिर्फ राज्य सरकार के आवास विभाग के धारावी पुनर्विकास परियोजना/स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (डीआरपी/एसआरए) को हस्तांतरित किए जाने हैं। अडाणी समूह ने खुली अंतर्राष्ट्रीय बोली में धारावी स्लम पुनर्विकास परियोजना हासिल की थी। समूह अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट प्राइवेट लि. (डीआरपीपीएल) के माध्यम से आवास और वाणिज्यिक स्थान बनाएगा और उन्हें फिर से डीआरपी को सौंप देगा। परियोजना पर गलतफहमियों को लेकर सूत्रों ने कहा कि निविदा के अनुसार, भूमि सरकार द्वारा तय दरों पर डीआरपी/एसआरए को आवंटित की जाएगी। इस मामले में जहां डीआरपीपीएल को विकास अधिकार मिला हैं, राज्य समर्थन समझौता, निविदा दस्तावेज का हिस्सा है।

खेल डायरी

भारतीय महिला टीम पांचवें और पुरुष छठे स्थान पर

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम चीन के डालियान में रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप में पांचवें जबकि पुरुष टीम छठे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम ने क्वालीफिकेशन मैच में ईरान को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। भारत के लिए रथिका सुथांथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने जीत दर्ज की। वहीं भारतीय पुरुष टीम को पांचवें स्थान के क्वालीफिकेशन मैच में दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार मिली। वेलावन सेंथिलकुमार ने जीत हासिल की। पर सूरज कुमार चंद और ओम सेमवाल को पराजय झेलनी पड़ी।

दीक्षा संयुक्त तीसरे स्थान पर, प्राणवी और त्वेसा ने बनाई कट में जगह

रोम। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर लेडीज इटालियन ओपन के दूसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो जीत अपने नाम करने वाली दीक्षा ने पहले दौर में 67 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में उन्होंने एक बर्डी और एक बोगी की मदद से 72 का स्कोर किया। दीक्षा का कुल स्कोर पांच अंडर 139 है और वह दो अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वह इंग्लैंड की एमी टेलर (70-67) से दो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी (66-72) से एक शॉट पीछे हैं। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स (73-70) संयुक्त रूप से 17वें स्थान जबकि त्वेसा मलिक (73-72) संयुक्त 41वें स्थान के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही।

यूटीटी 2024 से पहले फ्रेंचाइजी ने शरत कमल व मनिका को किया रिटेन

नई दिल्ली। भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा को रविवार को उनकी फ्रेंचाइजी ने 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में होने वाली अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के आगामी चरण के लिए रिटेन (बरकरार रखा) किया। शरत कमल इस तरह पिछले चरण की उपविजेता चेन्नई लायंस के लिये खेलना जारी रखेंगे जबकि मनिका बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए खेलेंगी। गत चैंपियन गोवा चैलेंजर्स ने हरमीत देसाई को रिटेन किया है जबकि जी साथियान दबंग दिल्ली टीटीसी के साथ बने रहेंगे। यू मुंबा टीटी ने भी युवा खिलाड़ी मानव ठक्कर को एक और सत्र के लिये बरकरार रखा है।

रंधावा लीजेंड्स टूर मैच के क्वार्टर फाइनल में हारे

हर्टफोर्डशर (ब्रिटेन)। भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा लीजेंड्स टूर यूरोप में पॉल लॉरी मैच के क्वार्टर फाइनल में जेम्स किंग्स्टन से हार गए। रंधावा लगातार तीन जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे जबकि एक अन्य भारतीय जीव मिल्खा सिंह दूसरे दौर में हार गए थे। रंधावा ने थॉमस गोगेले, मैल्कम मैकेंजी और कीथ हॉर्न के खिलाफ जीत दर्ज की लेकिन दक्षिण अफ्रीका के किंग्स्टन की चुनौती से पार पाने में विफल रहे।

सुपर 8 में निखरेगा भारतीय ओपनिंग का प्रदर्शन

मांजरेकर बोले- रोहित और कोहली बड़े मैच में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण का प्रदर्शन मायने नहीं रखता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि अगर विराट कोहली और रोहित शर्मा टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल जैसे बड़े मैचों में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण में उनका प्रदर्शन खास मायने नहीं रखेगा। कोहली ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाए। रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया लेकिन पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ उनका बल्ला नहीं चल पाया।

मांजरेकर ने कहा अगर आपने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का चयन किया है, तो आपने अनुभव को प्राथमिकता दी है। आप अपने अनुभवी खिलाड़ियों को विश्व कप में ले जाना चाहते हैं, ताकि वे तब अच्छा प्रदर्शन करें, जब वास्तव में इसकी जरूरत हो। इसलिए मुझे इसको लेकर कोई परेशानी नहीं है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी फॉर्म में नहीं हैं। अगर यह खिलाड़ी सेमीफाइनल या फाइनल में निर्णायक पारी खेलकर टीम को विजेता बनाते हैं तो आपके सीनियर खिलाड़ियों से इसी तरह के प्रदर्शन की अपेक्षा की जाती है। मांजरेकर ने कहा अगर आपका कोई युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह आपके लिए बोनस है जैसा 1992 के विश्व कप में पाकिस्तान के लिए इंजमाम उल हक ने किया था।

पहले मुकाबले में अफगानिस्तान की टीम से भिड़ेंगे भारतीय धुरंधर

ब्रिजटाउन। भारत सुपर आठ में अपना पहला मुकाबला 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ बारबाडोस में खेलेगा। इसके बाद 22 जून को भारत का दूसरा मुकाबला नॉर्थ साउंड में सोमवार को बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच को जीतने वाली टीम से होगा। वहीं इस राउंड कैं अपने तीसरे और अंतिम मैच में भारत 24 जून को ग्रॉस आइलेट में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। सुपर आठ के लिए दो ग्रुप होंगे। भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान तथा बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम पहले ग्रुप में होगी। यहां भारत का अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मैच होना तय है। भारतीय टीम को अपने ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान से सतर्क रहने होगा। अगर पहले ग्रुप में कोई उलटफेर नहीं होता है भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना तय माना जा रहा है। वहीं ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका की जगह पक्की हो चुकी है। प्रत्येक ग्रुप से दो-दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। पहला सेमीफाइनल 26 जून को त्रिनिदाद में है और दूसरा सेमीफाइनल 27 जून गुयाना में होगा। अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है तो वह गुयाना में खेलेगा। टी-20 विश्व कप का फाइनल 29 जून को बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेला जाएगा।

टेस्ट को बढ़ाने के लिए भारत को निभानी होगी भूमिका : ग्रेव

ब्रिजटाउन। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खतरे में है और वेस्टइंडीज जैसे छोटे क्षेत्रों में खेल के पांच दिवसीय प्रारूप के अस्तित्व को बचाए रखने के साथ-साथ इसके विकास को सुनिश्चित करने में भारत जैसे देश को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी होगी। सीडब्ल्यूआई से 2017 में जुड़ने वाले ग्रेव ने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद टेस्ट क्रिकेट के प्रति बीसीसीआई की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की, लेकिन कहा कि आईसीसी के स्तर पर तीन बड़े देशों (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) के बाहर भी इस प्रारूप को बचाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है। आईसीसी के नौ प्रतिस्पर्धी पूर्ण सदस्यों में से केवल तीन बड़े सदस्य ही 2023-2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में पांच मैचों की शृंखला खेलेंगे। उन्होंने खेल के भविष्य और बीसीसीआई द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका पर अपने मन की बात साझा की। उन्होंने कहा भारत को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी है। ताकत, प्रभाव और संसाधनों के मामले में वे अब नंबर एक बोर्ड हैं।

सीनियर खिलाड़ियों को अधिक योगदान देना चाहिए और मुझे लगता है कि यही वजह है कि चयन समिति ने टी-20 विश्व कप के लिए अनुभव को प्राथमिकता दी। शिवम दुबे ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन मांजरेकर को इस ऑलराउंडर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। हमें इसके लिए इंतजार करना होगा कि शिवम दुबे ने आईपीएल में जिस तरह से स्पिनरों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था, उसे दोहरा पाते हैं या नहीं।

विश्व कप में स्पिनरों के खिलाफ खेलना आसान नहीं है और देखना होगा की दुबे इन पिचों पर सफल होने के लिए अपने खेल में किस तरह से बदलाव करते हैं। उम्मीद नहीं थी कि पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। उन्होंने कहा टीम प्रबंधन प्रत्येक नंबर पर प्रभावशाली खिलाड़ियों को चाहता है और जहां तक ऋषभ पंत का सवाल है तो मुझे उम्मीद नहीं थी कि उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। पंत ने अपना कौशल दिखाया और वह टूर्नामेंट में भारत की तरफ से अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला बल्लेबाज है।

ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (68) और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (59) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की टी20 विश्व कप के सुपर 8 में जगह पक्की की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 60 रन कर दिया था लेकिन हेड और स्टोइनिस ने चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाकर इंग्लैंड के खेमे में राहत पहुंचाई।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से ग्रुप बी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस मैच में स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में पहुंच गया। इंग्लैंड ने इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को हराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्कॉटलैंड पर जीत से ही वह अगले चरण में जगह बना पाता। ऑस्ट्रेलिया ने अपने चारों मैच जीते जबकि इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के समान पांच अंक रहे। इंग्लैंड ने बेहतर रन रेट के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया। बड़े लक्ष्य के सामने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (01), कप्तान मार्श (08) और ग्लेन मैक्सवेल (11) के विकेट जल्दी गंवा दिए। स्कॉटलैंड के गेंदबाज हालांकि हेड और स्टोइनिस पर दबाव नहीं बना पाए जिन्होंने 44 गेंद पर 80 रन की साझेदारी की। आखिर में टिम डेविड ने 14 गेंद पर नाबाद 24 रन बनाए और विजयी छक्का लगाया।

● हेड और स्टोइनिस ने स्कॉटलैंड को दिखाया बाहर का रास्ता

अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते ट्रेविस हेड। ● एजेंसी

इससे पहले स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का डटकर सामना किया। स्कॉटलैंड की पारी का आकर्षण ब्रैंडन मैकमुलेन की 34 गेंद पर खेली गई 60 रन की पारी रही जिसमें उन्होंने दो चौके और छह छक्के लगाए। एस्टन एगर ने पहले ओवर में माइकल जोन्स को दो रन पर आउट कर दिया था, लेकिन मैकमुलेन और जॉर्ज मुनसे ने दूसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 89 रन की साझेदारी करके स्कॉटलैंड को वापसी दिलाई। मैकमुलेन ने अधिक आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन मुनसे ने 23 गेंद पर 35 रन बनाकर अपनी भूमिका बखूबी निभाई। कप्तान बैरिंगटन ने 31 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 42 रन बनाकर अच्छा योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम पांच ओवर में केवल 42 रन दिए।

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत (क्वा)	4	3	0	7	1.137	1
अमेरिका (क्वा)	4	2	1	5	0.127	1
कनाडा (बा)	4	1	2	3	-0.493	1
पाकिस्तान (बा)	3	1	2	2	0.191	0
आयरलैंड (बा)	3	0	2	1	-1.712	1

ग्रुप बी	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
ऑस्ट्रेलिया (क्वा)	4	4	0	8	2.791	0
इंग्लैंड (क्वा)	4	2	1	5	3.611	1
स्कॉटलैंड (बा)	4	2	0	5	2.164	1
नामीबिया (बा)	4	1	3	2	-2.529	0
ओमान (बा)	4	0	4	0	-3.062	0

ग्रुप सी	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
अफगानिस्तान (क्वा)	3	3	0	6	4.230	0
वेस्टइंडीज (क्वा)	3	3	0	6	2.596	0
न्यूजीलैंड (बा)	3	1	2	2	-0.241	0
युगांडा (बा)	4	1	3	2	-4.510	0
पापुआ न्यू गिनी (बा)	3	0	3	0	-0.886	0

ग्रुप डी	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
द. अफ्रीका (क्वा)	4	4	0	8	0.470	0
बांग्लादेश	3	2	1	4	0.478	0
नीदरलैंड	3	1	2	2	0.408	0
नेपाल (बा)	3	0	2	1	-0.293	1
श्रीलंका (बा)	3	0	2	1	-0.777	1

आयरलैंड के खिलाफ हांफते हुए जीता पाकिस्तान

लॉडरहिल। कप्तान बाबर आजम की नाबाद (32) और अब्बास अफरीदी की (17) रनों की जूझारू पारियों की मदद से पाकिस्तान ने रविवार को टी-20 विश्वकप के 36वें मैच में आयरलैंड पर हांफते हुए तीन विकेट से जीत दर्ज की।

इससे पहले गैरेथ डेलेनी (31) और जॉश लिटिल नाबाद (22) की जूझारू पारियों के दम पर आयरलैंड ने पाकिस्तान को जीत के लिए 107 रनों का लक्ष्य दिया था। सेंट्रल ब्रोवर्ड रीजनल पार्क में आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। आयरलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 106 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के रिजवान और सईम अयूब की सलामी जोड़ी ने 23 रन जोड़े। 10वें ओवर में पाकिस्तान 57 रन पर पांच विकेट गवां कर संकट में फंस था। ऐसे समय में अफरीदी और बाबर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। बाबर ने नाबाद 32 रन बनाए। 18.5 ओवर में सात विकेट पर 111 रन बनाकर मैच जीत लिया।

भारतीय टीम ने द. अफ्रीका को 143 रनों से दी शिकस्त

जीत के बाद खुशी मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

बेंगलुरु, एजेंसी

स्मृति मंधाना (117) की शतकीय तथा दीप्ति शर्मा (37) रनों की जुझारू पारियों के बाद सोभना आशा के 21 रन पर चार विकेट सहित अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 143 रनों के बड़े अंतर हराकर तीन मैचों की शृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (7) का विकेट गवां दिया। उसके बाद दयालन हेमलता (12), कप्तान हरमनप्रीत कौर (10) जेमिमाह रॉड्रिग्स (17) और ऋचा घोष (3) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। 38वें ओवर में अयाबोंगा खाका ने दीप्ति शर्मा (37) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। 47वें ओवर में मासाबाटा क्लास ने स्मृति मंधाना (117) लूस के हाथों कैच आउट कराया। राधा यादव (6) रन बनाकर आउट हुई। पूजा वस्त्रकर (31) और सोभना आशा आठ रन बनाकर नाबाद रही। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 265 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 266 रनों का लक्ष्य दिया था।

अल्बानिया ने बनाया सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड

डॉर्टमंड (जर्मनी), एजेंसी

अल्बानिया के नेदिम बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकंड में गोल करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया लेकिन यह मौजूदा चैंपियन इटली पर जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था जिसने 2-1 से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

बजरामी ने यूरोपीय चैंपियनशिप के 64 साल के इतिहास में सबसे तेज गोल किया लेकिन अल्बानिया इसके बाद इटली पर दबाव नहीं बना पाया जिसने जल्द ही वापसी करके मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया और उलटफेर की किसी संभावना को खारिज कर दिया। अल्बानिया के समर्थक अभी अपनी टीम की शुरुआती बढ़त का जश्न मना ही रहे थे कि एलेसेंड्रो बस्तोनी ने इटली की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। बस्तोनी ने 11वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जबकि निकोलो बरेला ने 16वें मिनट में गोल करके इटली को बढ़त दिला

दी जो उसने आखिर तक बरकरार रखी। इटली के लिए यह जीत बेहद जरूरी थी क्योंकि ग्रुप बी में उसका सामना आगे तीन बार के चैंपियन स्पेन और 2022 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले क्रोएशिया से होगा।

स्पेन ने एक अन्य मैच में शनिवार को क्रोएशिया को 3-0 से हराया। बजरामी के गोल ने हालांकि इटली को हैरत में डाल दिया। यूरोपीय चैंपियनशिप में इससे पहले सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड रूस के दिमित्री किरिचेंको के नाम पर था जिन्होंने 2004 में 67 सेकंड में गोल किया था।

लवलीना ग्रां प्री मुक्केबाजी में ली कियान से हारी

नई दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की ली कियान से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को शनिवार देर रात मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी। विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना और कियान के अलावा रिफ्यूजी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगांबा और इंग्लैंड की चैंटल रीड ने हिस्सा लिया था। इन चार मुक्केबाजों के बीच राउंड रॉबिन प्रारूप में मुकाबला आयोजित किया। असम की मुक्केबाज ने नगांबा और कियान से हारने से पहले रीड के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

तीरंदाज अंकिता को मिला व्यक्तिगत ओलंपिक कोटा

अंताल्या, एजेंसी

भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने रविवार को यहां फिलीपींस की गैब्रियल मोनिका बिडौर को हराकर अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करते ही अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया।

नौवीं वरीय अंकिता ने प्री क्वार्टर फाइनल में 40वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी गैब्रियल पर 6-0 (26-23, 28-22, 28-23) से जीत हासिल की। भारत ने इस तरह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया है। धीरज बोम्मादेवरा ने इससे पहले एशियाई क्वालीफाइंग चरण से पुरुष व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। इससे पहले अंकिता ने इजराइल की शेली हिल्टन को 6-4 और मिकाएला मोशे को 7-3 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। अब वह क्वार्टरफाइनल में ईरान की शीर्ष वरीय मोबिना फलाह से भिड़ेंगी।

तीसरी वरीय भजन कौर भी पोडियम स्थान हासिल करने की दौड़ में चल रही हैं। उन्होंने मंगोलिया की उरानटुंगलाग बिशिन्डी को 6-2 से हराया और प्री क्वार्टरफाइनल में स्लावेनिया की उर्सका काविच से भिड़ेंगी। उन्हें राउंड 32 के तीसरे दौर में बाई मिली थी। व्यक्तिगत कोटे शीर्ष आठ देशों को दिये जाते हैं। प्रत्येक देश को एक व्यक्तिगत कोटा मिलता है। इससे पहले भारतीय की शीर्ष महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी को शुरुआती दौर में अजरबेजान की यायागुल रामजानोवा से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। दूसरी वरीय दीपिका को अजरबेजान की तीरंदाज ने 6-4 से मात दी। भारतीय पुरुष और महिला टीम अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर से कोटा हासिल नहीं कर सकी थीं। लेकिन अगर दोनों टीम अपनी विश्व रैंकिंग बरकरार रखती हैं तो वे 24 जून की अंतिम तारीख तक पेरिस ओलंपिक में जगह बना सकती हैं।

इंग्लैंड ने नामीबिया को 41 रन से हराया

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

हैरी ब्रूक नाबाद (47) और जॉनी बेयरस्टो (31) रनों विस्फोटक पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा प्रभावित टी-20 विश्वकप के 34वें मुकाबले में नामीबिया को (डकवर्थ लुईस पद्धित) से 41 रनों से हरा दिया है। हैरी ब्रूक को उनकी नाबाद 47 रनों की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। बारिश के कारण दस-दस ओवर के किए गए मैच में नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। कप्तान जॉस बटलर (शून्य) को पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर रुबेन ट्रंपलमन बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में फिल सॉल्ट भी (11) पर डेविड वीजा का शिकार बन गए। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और हैरी ब्रूक ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 30 गेंद पर 56 रन की साझेदारी कर टीम को संकट से निकाला। जॉनी वेयरस्टो ने 18 गेंदों में 31 रन बनाए। हैरी ब्रूक नंबर ने 20 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए। इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में 10 ओवरों में पांच विकेट पर 122 का स्कोर खड़ा किया।

123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की माइकल वैन लिंगेन और निकोलस डेविन की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 44 रन जोड़े। छठे ओवर में निकोलस डेविन (18) के रिटायर्ड आउट होने के बाद नामीबिया को बड़ा झटका लगा और वह उससे उबर नहीं पायी। माइकल वैन लिंगेन ने 29 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली। डेविड वीजा 12 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए।

जीत के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नॉर्थ साउंड। नामीबिया के मध्यम क्रम के बल्लेबाज डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 विश्वकप 2024 में नामीबिया के अंतिम मैच के बाद डेविड वीजा ने पत्रकार वार्ता में कहा अगला टी-20 वर्ल्ड कप दो साल बाद होना है और मैं 39 की उम्र का हो गया हूं। इसलिए जहां तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की बात है मुझे नहीं लगता मैं इस स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकता हूं। जाहिर तौर पर मैं कुछ और साल क्रिकेट खेलूंगा और मुझे लगता है कि मेरे अंदर इस खेल में योगदान देने के लिए काफी कुछ शेष है। लेकिन मुझे लगा कि अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को विराम देने का यही सही समय है। वीजा ने वर्ष 2021 में टी-20 विश्वकप में नामीबिया के लिए पर्दापण किया था। यह नामीबिया के लिए उनका लगातार तीसरा टी-20 विश्वकप था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

अमेरिका में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

टेक्सास, एजेंसी

- राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई घटना, कई लोग हुए घायल

अमेरिका में टेक्सास के एक पार्क में शनिवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार रात 11 बजे से कुछ पहले ऑस्टिन से लगभग 19 मील (30.5 किलोमीटर) उत्तर में राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई।

राउंड रॉक पुलिस प्रमुख एलन बैंक्स ने घटनास्थल पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कार्यक्रम के दौरान दो समूहों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और किसी ने गोलीबारी शुरू कर दी। एलन ने बताया कि जिन दो पीड़ितों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया, वे इस झगड़े में शामिल नहीं थे। उन्होंने बताया कि गोलीबारी संगीत समारोह के लिए बनाए गए मंच से कुछ दूर वेंडर क्षेत्र के निकट हुई। उन्होंने कहा कि कई घायलों को स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अभी तक इस सिलसिले में किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि अभी तो यह भी नहीं पता चला है कि कितने हमलावर शामिल थे।

मां की ममता

चिकमंगलूर में अपने बच्चों को खाना खिलाती एश प्रिनिया पक्षी। ● एजेंसी

चीन में भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट

बीजिंग। चीन में भीषण गर्मी और भारी उमस को लेकर राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार सुबह को पीला अलर्ट जारी किया। केंद्र ने कहा कि उत्तरी चीन में पीली नदी और हुइहे नदी के बीच के क्षेत्रों में गर्मी की तीव्रता कम होने की उम्मीद है। केंद्र के अनुसार, रविवार को दिन के समय शिनजियांग, इनर मंगोलिया, गांसु, हेबेई, बीजिंग, शेडोंग, हेनान, अनहुई, हुबेई और हैनान के कुछ इलाकों में तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। केंद्र ने शिनजियांग, इनर मंगोलिया और हेनान के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान लगाया है। केंद्र ने कहा कि गर्मी के दौरान बाहरी गतिविधियों से बचना चाहिए और सुरक्षा के लिए एहतियाती कदम उठाए जाने चाहिए।

जेल कर्मियों को बंधक बनाने वाले मारे गए

मॉस्को, एजेंसी

- सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में एक हिरासत केंद्र पर धावा बोला
- बंधक बनाने वाले छह लोगों के पास थे चाकू और अन्य हथियार

रूस के सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में स्थित एक हिरासत केंद्र पर रविवार को धावा बोला, जिसमें दो कर्मचारियों को बंधक बनाने वाले कैदी मारे गए। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'रिया नोवोस्ती' ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने रूस की संघीय दंड सेवा के हवाले से बताया कि 'रोस्तोव-ऑन-डॉन' में हिरासत केन्द्र में बंधकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

एक अन्य स्थानीय समाचार संस्था ने कहा कि कुछ कैदी मारे गए हैं। इससे पहले सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने कानून प्रवर्तन से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि रोस्तोव क्षेत्र के हिरासत केंद्र नंबर 1 के केंद्रीय प्रांगण में बंधक बनाने वाले छह लोग थे और उनके पास चाकू और अन्य हथियार थे। कैदियों में इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े होने के आरोपी भी शामिल हैं। हाल के वर्षों में आईएस ने रूस में कई हमले किए हैं, जिनमें हालिया हमला मार्च में हुआ था। बंदूकधारियों ने मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में भीड़ पर गोलीबारी की, जिसमें 145 लोग मारे गए थे।

एक नजर

अफगानिस्तान में 349 कैदियों को दी गयी माफी

काबुल। अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने ईद उल-अजहा से पहले 349 कैदियों को माफ कर दिया है। शनिवार को देश के सर्वोच्च न्यायालय के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि 279 अन्य कैदियों को भी उनकी शेष जेल सजा से छूट दी गई है। अफगानिस्तान में सबसे बड़ा वार्षिक धार्मिक त्योहार ईद उल-अजाह सोमवार से बुधवार तक मनाया जाएगा।

सऊदी में जॉर्डन के 14 हजयात्रियों की मौत

अम्मान। जॉर्डन ने रविवार को पुष्टि की कि सऊदी अरब में हज की रस्म अदा करते समय उसके 14 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य लापता हो गए। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सुफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन पक्ष अपने परिवारों के अनुरोध पर मृतकों को दफनाने या घर लौटने पर संबंधित सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहा है। बयान के अनुसार सऊदी अधिकारी 17 लापता हजयात्रियों की तलाश भी जारी रख रहे हैं। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया था कि छह जॉर्डन वासियों की लू लगने से मौत हो गई थी।

चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में भूकंप के तीव्र झटके

हांगकांग। चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में शनिवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने रविवार को बताया कि अंतर राष्ट्रीय समयानुसार शनिवार देर रात करीब 12:27 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 आंकी गयी। भूकंप का केंद्र 61.01 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 154.24 डिग्री पूर्वी देशांतर में जमीन की सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

विस्फोट में आठ सोमाली सैनिक मारे गए, 11 जख्मी

मोगादिशु। सोमालिया के खाड़ी क्षेत्र में शनिवार को सड़क किनारे हुए विस्फोट में एक वरिष्ठ कमांडर सहित सोमाली राष्ट्रीय सेना (एसएनए) के आठ सैनिक मारे गये और11 अन्य घायल हो गए। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अल-शबाब ने वरिष्ठ सैन्य नेताओं के खिलाफ हमले की जिम्मेदारी ली है। सोमाली सरकार ने अल-कायदा से जुड़े इस आतंकवादी समूह के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं।

यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता होना चाहिए शांति समझौते का आधार

अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में आए थे लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल

ओबबुर्गेन (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में आयोजित बैठक की सराहना की
- भारत, सऊदी अरब, द.अफ्रीका और यूएई ने अंतिम दस्तावेज पर नहीं किए हस्ताक्षर

अस्सी देशों ने संयुक्त रूप से रविवार को आह्वान किया कि रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए किसी भी शांति समझौते का आधार यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता हो। स्विट्जरलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में हालांकि कुछ प्रमुख विकासशील देश शामिल नहीं हुए। सम्मेलन का आयोजन स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में किया गया था। रूस को सम्मेलन के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। सम्मेलन में मौजूद कई लोगों ने उम्मीद जताई कि रूस शांति की रूपरेखा पर चर्चा में शामिल हो सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में पहला कदम उठाये जाने की बैठक में सराहना की।

सम्मेलन में लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल आए थे, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी देश थे। सम्मेलन में कुछ प्रमुख विकासशील देश भी शामिल हुए थे। भारत, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात उन देशों में शामिल थे, जिनका प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रियों या दूतों ने किया था तथा इन्होंने अंतिम दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किये। दस्तावेज में परमाणु सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और कैदियों के आदान-प्रदान के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अंतिम दस्तावेज में कहा गया है कि यूक्रेन में न्यायसंगत और स्थायी शांति का माहौल बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के प्रति सम्मान आवश्यक है। कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ज्यादातर प्रतिभागियों ने अंतिम दस्तावेज को लेकर सहमति व्यक्त की है जिससे पता चलता है कि कूटनीति के जरिये क्या हासिल किया जा सकता है।

यूक्रेन संघर्ष के हल के लिए ईमानदार कोशिश की जाए : भारत

नयी दिल्ली। भारत ने स्विट्जरलैंड में यूक्रेन मुद्दे पर आयोजित दो दिवसीय वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में इस संकट के समाधान के लिए संवाद एवं कूटनीति की बात दोहराई और दोनों पक्षों के बीच ईमानदार एवं व्यावहारिक प्रयास किये जाने पर बल दिया। विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि बर्गेनस्टॉक में 15-16 जून को स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन और समापन पूर्ण सत्र में भाग लिया। विज्ञप्ति में कहा गया कि भारत की भागीदारी, यूक्रेन के शांति फॉर्मूला पर आधारित पिछली एनएसए/राजनीतिक निदेशक-स्तरीय बैठकों में भागीदारी, बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के स्थायी समाधान के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप थी।

गाजा में सहायता के लिए सामरिक विराम

यरुशलम, एजेंसी

- दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक प्रतिदिन सामरिक विराम का इजरायल का एलान

इजराइली सेना ने रविवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक सामरिक विराम का एलान किया है, ताकि फिलिस्तीनियों को राहत-सामग्री पहुंचाई जा सके। यह सामरिक विराम रफह क्षेत्र के लगभग 12 किलोमीटर के मार्ग पर लागू किया जाएगा, हालांकि ये पूर्ण युद्ध विराम के समान नहीं है। जबकि, अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों सहित इजराइल के शीर्ष सहयोगी उससे हमास के साथ युद्ध विराम पर समझौता करने का अनुरोध कर रहे हैं।

सामरिक विराम के लागू होने से भुखमरी से जूझ रहे फिलिस्तीनियों की कुछ अत्यधिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल सकती है। सेना ने बताया कि रफह में सुबह आठ बजे से लेकर शाम सात बजे तक सामरिक विराम रहेगा और अगले आदेश तक यह प्रतिदिन प्रभावी रहेगा। सेना ने बताया कि इजराइल के नियंत्रण वाले केरेम शालोम चौराहे तक सहायता सामग्री से लदे ट्रकों को पहुंचाने के उद्देश्य से सामरिक विराम की घोषणा की गई है, जिसके बाद ये ट्रक गाजा के अन्य भागों में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए सलाह-ए-दीन राजमार्ग पर सुरक्षित रूप से जा सकेंगे। केरेम शालोम वह मार्ग है, जहां से इजराइली सेना को सहायता-सामग्री पहुंचाई जाती है। राहत-सामग्री के वितरण की देखरेख करने वाली इजरायली सैन्य संस्था सीओजीएटी ने कहा कि खान यूनिस, मुवासी और मध्य गाजा सहित गाजा के अन्य क्षेत्रों में राहत-सामग्री पहुंचाई जाएगी

इराकी शिया मिलिशिया ने हमले की ली जिम्मेदारी

बगदाद। इराक की एक शिया मिलिशिया ने इजरायल के हाइफा में क्रूज मिसाइल से हुए हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि उसने गाजा पट्टी में लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए यह कदम उठाया। रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक के नाम से मशहूर मिलिशिया ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने शनिवार तड़के लंबी दूरी की अल-अरकब अपग्रेडेड क्रूज मिसाइल से हाइफ़ा में एक स्थान पर हमला किया। इसने लक्षित स्थान या किसी भी हताहत के बारे में कोई और विवरण नहीं दिया। कल ही समूह ने शुक्रवार को हाइफ़ा पोर्ट और हाइफ़ा के पास रामत डेविड एयरबेस पर किए गए दो ड्रोन हमलों की ज़िम्मेदारी ली थी।

भूमि संपर्क के प्रस्ताव पर अध्ययन अंतिम चरण में

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को कहा कि भारत के साथ भूमि संपर्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर व्यवहार्यता अध्ययन अपने अंतिम चरण में है। क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए उत्तर-पूर्वी जिले मन्नार की यात्रा पर पहुंचे विक्रमसिंघे ने कहा कि व्यवहार्यता अध्ययन का प्रारंभिक कार्य पूरा हो चुका है और अंतिम चरण जल्द ही पूरा हो जाएगा।

इस प्रस्ताव और दोनों देशों के बीच पावर ग्रिड कनेक्शन की संभावना पर इस सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर की श्रीलंका यात्रा के दौरान चर्चा होने की संभावना है।

विक्रमसिंघे ने कहा कि मंत्री की यात्रा के दौरान भारत को अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा बेचने के लिए एक वाणिज्यिक उद्यम पर भी चर्चा की जाएगी। शनिवार को श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि जयशंकर 20 जून को कोलंबो पहुंचेंगे। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से जयशंकर की यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

हजयात्रियों ने शुरू की हज की अंतिम रस्में

मीना (सऊदी अरब), एजेंसी

- इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है शैतान को पत्थर मारना

सऊदी अरब में रविवार को बड़ी संख्या में हज यात्रियों ने प्रतीकात्मक रूप से शैतान को पत्थर मारने के अरकान (रस्म) पूरे किए। यह रस्म हज यात्रा के अंतिम दिनों में विश्वभर के मुस्लिमों के लिए ईद-उल-अजहा उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है। शैतान को पत्थर मारना इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है। यह शहर मक्का के बाहर अराफात की पहाड़ी पर 18 लाख से अधिक हज यात्रियों के एकत्र होने के एक दिन बाद हुई, जहां हजयात्री हज की वार्षिक पांच दिवसीय रस्में पूरी करने आते हैं।

हजयात्रियों ने शनिवार की शाम माउंट अराफात छोड़ दिया और मुजदलिफा नाम के एक निकटवर्ती स्थल पर रात बिताई, जहां उन्होंने कंकड़ एकत्र किए। जिनका उपयोग उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से शैतान स्तंभों को पत्थर मारने में किया। ये स्तंभ मक्का में मीना नाम के एक पवित्र स्थान पर हैं। मुस्लिमों का मानना है कि यहां इब्राहिम के विश्वास की परीक्षा हुई थी और उनसे ईश्वर ने उनके इकलौते बेटे इस्माइल की बलि देने का आदेश दिया। इब्राहिम आदेश का पालन करने के लिए तैयार थे, लेकिन फिर ईश्वर ने उनका हाथ रोक दिया। हज यात्री अगले तीन दिन मीना में बिताएंगे।

इमरान को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज होने के खिलाफ अपील

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 2018 के आम चुनावों के लिए नामांकन पत्र जमा करते समय अपनी कथित बेटी टायरियन व्हाइट का नाम छिपाने के लिए अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज करने के खिलाफ अपील की गई है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने पिछले महीने याचिका खारिज कर दी थी।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 71 वर्षीय संस्थापक ने 2018 के आम चुनाव लड़ने के लिए अपने नामांकन पत्र में कथित बेटी टायरियन व्हाइट का खुलासा नहीं किया था। खान की पार्टी पीटीआई ने 2018 के आम चुनाव जीते और पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने खान अगस्त 2018 से अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे। तीन न्यायाधीशों की पीठ के पूर्व में मामले को खारिज करने के मद्देनजर आईएचसी ने भी खारिज कर दिया।

आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान को जेल में रखना जरूरी

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान के एक मंत्री ने दावा किया है कि देश के लोगों का मानना है कि आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान खान को 2029 तक जेल में रखना जरूरी है। संघीय योजना एवं विकास मंत्री एहसान इकबाल ने चिंता व्यक्त की है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान (71) की रिहाई से देश में नये सिरे से विरोध प्रदर्शन और अशांति पैदा हो सकती है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के महासचिव इकबाल ने शनिवार को पत्रकारों से कहा, अलग-अलग मामलों में इमरान खान पिछले वर्ष अगस्त से ही जेल में बंद हैं। मंत्री ने कहा कि इमरान एक गुस्सैल व्यक्ति हैं। मंत्री ने कहा कि यह देश और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी, दोनों के लिए एक निर्णायक क्षण है। उन्होंने कहा कि पार्टी के साथ सार्थक बातचीत तब तक नहीं हो सकती, जब तक कि वह सरकारी संस्थाओं के खिलाफ अभियान में शामिल है।

टीटीपी का शीर्ष कमांडर वलीउल्ला मारा गया

इस्लामाबाद, एजेंसी

- खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मार गिराया गया

पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का एक शीर्ष कमांडर मारा गया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, टीटीपी कमांडर वलीउल्ला को बन्नू के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने प्रांत के लक्की मरवात जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान में मार गिराया। यह अभियान ताजुरी रोड पर मलंग अड्डा के पास चलाया गया, जिसके बाद हथियारबंद आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

खबर में कहा गया कि सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में वलीउल्ला मारा गया। वह टीटीपी टीपू गुल समूह का स्थानीय कमांडर था और कमांडर अतीकुर रहमान उर्फ टीपू गुल मारवात का रिश्तेदार था। वलीउल्ला सीटीडी बन्नू, डीआई खान और स्थानीय पुलिस पर बम विस्फोटों और पुलिस और सुरक्षा बलों पर हमलों के कई मामलों में वांछित था। टीटीपी को अल-कायदा का करीबी समूह माना जाता है। इस समूह को पाकिस्तान भर में कई घातक हमलों के लिए दोषी ठहराया गया है।

बॉलीवुड हलचल

चंदू चैंपियन फिल्म ने दूसरे दिन कमाए 7.7 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली, एजेंसी। कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म चंदू चैंपियन ने दो दिन के भीतर 13.1 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म निर्माताओं ने रविवार को यह घोषणा की। कबीर खान द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। शुक्रवार को रिलीज होने पर फिल्म ने 5.40 करोड़ रुपये की कमाई की। चंदू चैंपियन साजिद नाडियाडवाला के बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट और कबीर खान फिल्म्स द्वारा निर्मित है। निर्माताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हिंदी फिल्म ने दूसरे दिन 7.70 करोड़ रुपये की कमाई की जिससे इसकी कुल कमाई 13.10 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने कहा, काफी चर्चा और प्रत्याशा के साथ फिल्म ने बॉक्स आफिस पर 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और दूसरे दिन 7.70 करोड़ की कमाई की, जबकि पहले दिन 5.40 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। अब तक कुल कमाई 13.10 करोड़ रुपये हो गई। फिल्म में विजय राज, भुवन अरोड़ा और राजपाल यादव भी विभिन्न भूमिकाओं में हैं।

इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज बनेंगी करिश्मा कपूर!

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर, इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज के तौर पर नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि करिश्मा कपूर इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 4 को जज करती नजर आएंगी। इससे पहले इस मंच पर सोनाली बेंद्रे जज के तौर पर दिखाई दे रही थी। वहीं शो के पहले और दूसरे सीजन में मलाइका अरोड़ा जज के तौर पर नजर आयी थी। मेकर्स करिश्मा कपूर से बातचीत कर रहे हैं हो सकता है उन्हें इसके लिए फाइनल कर लिया जाए। यदि सबकुछ सही रहा तो करिश्मा कपूर को बाकी अन्य दो जज गीता कपूर और टेरेंस लुईस के साथ इंडियाज बेस्ट डांसर 4 को जज करते देखा जाएगा।

नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका सृष्टि भारती और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज हो गया है लोकगीत सासू के मारब चाकू को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। सासू के मारब चाकू के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को सृष्टि भारती ने गाया है, वही इसमें निकिता भारद्वाज ने अभिनय किया है। इस गाने के लेखक शुभदायल सोहरा है, वही इसका म्यूजिक विकाश यादव ने दिया है। इस गाने का निर्देशन सुनील बाबा ने किया हूं। कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर बादशाह खान है। गाने को कोरियोग्राफ गोल्डी जायसवाल, डीआई रोहित सिंह, डीओपी गौरव राय-आकाश, प्रोडक्शन पंकज सोनी, एडिटर आलोक गुप्ता है। वही गाने के फुलराइट्स वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के पास हैं।

समुद्र में फैले तेल को साफ करने में जुटा सिंगापुर

कुआलालंपुर (मलेशिया)। सिंगापुर के दक्षिणी तट पर एक बड़ी नौका के ईंधन आपूर्ति पोत से टकराने के कारण फैले तेल को साफ करने का कार्य रविवार को भी जारी रहा। तेल के फैल जाने से लोकप्रिय रिजॉर्ट द्वीप सेंटोसा समेत दक्षिणी तटरेखा का कुछ हिस्सा काला पड़ गया है और इससे समुद्री जीवों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है।

नीदरलैंड के झंडे वाली एक बड़ी नौका ने शुक्रवार को सिंगापुर के ईंधन आपूर्ति पोत 'मरीन ऑनर' को टक्कर मार दी। इससे मरीन ऑनर का मालवाहक टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और तेल समुद्र में फैल गया। सिंगापुर के समुद्री एवं बंदरगाह प्राधिकरण ने शनिवार देर रात एक बयान में कहा कि जहाज से तेल रिसाव को रोक दिया गया है और क्षतिग्रस्त टैंकर से निकले तेल को साफ किया जा रहा है।

राजस्थान के कोटा में युवक ने लगाई फांसी

जयपुर, एजेंसी

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर रहा था युवक

राजस्थान के कोटा में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे 17 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार के मोतिहारी का निवासी आयुष जायसवाल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए महावीर नगर क्षेत्र के सम्राट चौक के पास एक पेइंग गेस्ट हाउस में रह रहा था। उसने बताया कि शनिवार रात तक जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं आया तो उसके दोस्तों ने पेइंग गेस्ट हाउस के मालिक को इसकी सूचना दी, जिसने पुलिस को इस बारे में बताया।

थानाधिकारी महेंद्र मारू ने बताया, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र ने शनिवार रात आत्महत्या कर ली। वह अपने कमरे में फंदे से लटका मिला। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। उसके परिजनों के यहां पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में दाखिल हुई। उन्होंने बताया कि वहां छात्र फंदे से लटका मिला। पुलिस ने उसे नीचे उतारा और न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोटा में इस वर्ष अब तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी छात्र द्वारा खुदकुशी किए जाने का यह 11वां मामला है।

चीनी कामगारों की सुरक्षा को कदम उठा रहा पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि वह देश में चीनी कामगारों की सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठा रहा है और विदेशी नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक विशेष बल भी बना रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने रविवार को इस्लामाबाद स्थित चीनी दूतावास में चीनी राजदूत जियांग जैदोंग से मुलाकात की और उनके साथ पाकिस्तान में चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक योजना साझा की। बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हाल की चीन यात्रा, दोनों देशों के संबंधों को और बढ़ावा देने तथा चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों पर भी चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि काम कर रहे चीनी नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।